राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 156, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली गुरुवार 21 दिसंबर 2023, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए डीयू और एसआरआई के बीच हुआ एमओयू .... पेज 03

सीवर एवं सेप्टिक टैंक की सफाई में एसओपी का किया जाएगा अनुपालन .... पेज 05

इयरप्स को बीबीसी स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर चुना गया .... पेज 07

## देश में जेएन.1 वैरिएंट के 21 नए मरीज मिले

नई दिल्ली। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वीके पॉल ने बुधवार को कहा कि कोरोना वायरस के नए वैरिएंट जेएन.1 के 21 नए मामले सामने आए हैं। गोवा में जेएन.1 वैरिएंट के 20 मामले और केरल में एक मरीज सामने आया है। वहीं, देश में बीते 24 घंटे में 614 नए कोविड केस सामने आए हैं, इनमें से 242 केरल में है। इस दौरान तीन लोगों की मौत हुई है। हेल्थ मिनिस्ट्री के मुताबिक, 21 मई 2023 के यानी 7 महीने बाद एक दिन में सबसे ज्यादा केस सामने आए हैं। मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में एक्टिव कोविड केस 2311 हैं। अब तक 5,33,321 लोगों की जान जा चुकी है। कुल कोविड केसेस 4.50 करोड़ हैं। कोविड से ठीक हुए मरीजों की संख्या 4,44,70,346 करोड़ हो गई है। नेशनल रिकवरी रेट 98.81त्न प्रतिशत है। वहीं, डेथ रेट 1.19 प्रतिशत है। वहीं, देश में कोविड वैक्सीनेशन का ग्राफ 220.67 करोड़ पर पहुंच चुका है।

## भारी बारिश ने तमिलनाडु में मचाई तबाही, 10 की मौत, स्कूल-कॉलेज बंद

### तिरुनेलवेली और तूतीकोरिन में रिकॉर्ड बारिश और बाढ़

चेन्नई। (पीएमए) तमिलनाडु में भारी बारिश ने तबाही मचाई है. बारिश और बाढ़ के चलते 10 लोगों की मौत हुई है. स्कूल-कॉलेजों को बंद कर दिया गया है. कई जिलों में बाढ़ आ गई है. दक्षिणी तमिलनाडु में पिछले दो दिनों में भारी बारिश हुई है, जिसके चलते नदियां उफना गईं हैं. यहां सामान्य जनजीवन बाधित हो गया है.

तमिलनाडु के मुख्य सचिव शिव दास मीना के अनुसार पिछले दो दिनों में बारिश के कारण 10 लोगों की मौत हुई है. भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा भारी बारिश का पूर्वानुमान भी गलत था. दो दिनों के भीतर प्रभावित जिलों में अत्यधिक भारी बारिश हुई है. बारिश के कारण तिरुनेलवेली और तूतीकोरिन जिलों में दस लोगों की मौत हो गई है. मुख्य सचिव ने कहा कि तिरुनेलवेली और तूतीकोरिन में रिकॉर्ड बारिश और बाढ़ आई है. तिरुनेलवेली जिला कलेक्टर केपी कार्तिकेयन ने कहा है कि बाढ़ से 9 लोगों की मौत हुई है. भारी बारिश को देखते हुए तिरुनेलवेली और तेनकासी जिलों में स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी घोषित कर दी गई है. इसी तरह थुथुकुडी जिले में भी छुट्टी घोषित की गई है. इन जिलों में बुधवार को भी ट्रेन सेवा बाधित है.

### सीएम एमके स्टालिन ने पीएम से की मुलाकात

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. उन्होंने मिचौंग तूफान और दक्षिणी जिलों में भारी बारिश से हुए नुकसान को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने और आपदा राहत कोष से मदद देने का अनुरोध किया. उन्होंने कहा कि राज्य के दक्षिणी जिलों में पिछले 100 सालों में बारिश से इतना अधिक नुकसान नहीं हुआ था. एमके स्टालिन ने कहा, मैंने



पीएम से तत्काल राहत के लिए 7,300 करोड़ और स्थायी राहत के लिए 12,000 करोड़ मांगे हैं. हमने बाढ़ से प्रभावित लोगों को राहत के रूप में 6000 रुपए देने की घोषणा की है. इसे बांटा जा रहा है. 8 मंत्रियों और 10 आईएएस अधिकारियों को बचाव और राहत के लिए भेजा गया था. एसडीआरएफ की 15 टीमें और एनडीआरएफ की 10 टीमें अन्य बलों के साथ जमीन पर हैं. 12,553 लोगों को बचाया गया है. उन्हें 143 राहत शिविरों में रखा गया है. बाढ़ वाले इलाकों में हेलीकॉप्टरों से भोजन बांटा जा रहा है।

## तीन नए क्रिमिनल लॉ बिल पास

### राजद्रोह कानून खत्म; नाबालिग से रेप और मॉब लिंचिंग पर फांसी की सजा

नई दिल्ली। तीन नए क्रिमिनल लॉ बिल लोकसभा में पास हो गए हैं। अब इसे राज्यसभा में रखा जाएगा। वहां से पास होने के बाद इसे मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा।

इसे पेश करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा- अंग्रेजों के समय का राजद्रोह कानून खत्म किया गया है। नाबालिग से रेप और मॉब लिंचिंग जैसे क्राइम में फांसी की सजा दी जाएगी।

### सशस्त्र विद्रोह करने और देश की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर जेल

बिल पर लोकसभा में अमित शाह ने कहा कि अंग्रेजों का बनाया राजद्रोह कानून, जिसके चलते तिलक, गांधी, पटेल समेत देश के कई सेनानी कई बार 6-6 साल जेल में रहे। वह कानून अब तक चलता रहा।

मैंने राजद्रोह की जगह उसे देशद्रोह कर दिया है। क्योंकि अब देश आजाद हो चुका है, लोकतांत्रिक देश में सरकार की आलोचना कोई भी कर सकता है। अगर कोई देश की सुरक्षा, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का काम करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

अगर कोई सशस्त्र विरोध करता है, बम धमाके करता है तो उसके खिलाफ



कार्रवाई होगी, उसे आजाद रहने का हक नहीं, उसे जेल जाना ही पड़ेगा। कुछ लोग इसे अपनी समझ के कपड़े पहनाने की कोशिश करेंगे, लेकिन मैंने जो कहा उसे अच्छी तरह समझ लीजिए। देश का विरोध करने वाले को जेल जाना होगा।

### बच्ची से रेप के दोषी को फांसी की सजा

पहले रेप की धारा 375, 376 थी, अब जहां से अपराधों की बात शुरू होती है, उसमें धारा 63, 69 में रेप को रखा गया है। गैंगरेप को भी आगे रखा गया है। बच्चों के खिलाफ अपराध को भी आगे लाया गया है। मर्डर 302 था, अब 101 हुआ है।

18 साल से कम उम्र की बच्ची से रेप में आजीवन कारावास और मौत की सजा का प्रावधान है। गैंगरेप के दोषी को 20 साल तक की सजा या जिंदा रहने तक जेल।

### आरोपी की गैरमौजूदगी में भी ट्रायल होगा

देश में कई केस लटके हुए हैं, बॉम्बे ब्लास्ट जैसे केसों के आरोपी पाकिस्तान जैसे देशों में छिपे हैं। अब उनके यहां आने की जरूरत नहीं है। अगर वे 90 दिनों के भीतर कोर्ट के सामने पेश नहीं होते हैं तो उसकी गैरमौजूदगी में ट्रायल होगा।

### आधी सजा काटने पर मिल सकती है रिहाई

गंभीर मामलों में आधी सजा काटने के बाद रिहाई मिल सकती है। जजमेंट सालों तक नहीं लटकाया जा सकता। मुकदमा समाप्त होने के बाद जज को 43 दिन में फैसला देना होगा। निर्णय देने के 7 दिन के भीतर सजा सुनानी होगी। पहले सालों तक दया याचिकाएं दाखिल की जाती थीं। दया की याचिका दोषी ही कर सकता है पहले एनजीओ या कोई संस्थान ऐसी याचिकाएं दाखिल करता था। सुप्रीम कोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद 30 दिन के भीतर ही दया याचिका दाखिल की जा सकेगी। जो देश की एकता, अखंडता, सुरक्षा को खतरे में डालकर भय फैलाने का काम करता है, उसे आतंकवादी माना जाएगा।

### गैर इरादतन हत्या को कैटेगिरी में बांटा

प्रस्तावित कानून में गैर इरादतन हत्या को दो हिस्सों में बांटा गया है। अगर गाड़ी चलाते वक्त हादसा होता है, फिर आरोपी अगर घायल को पुलिस स्टेशन या अस्पताल ले जाता है तो उसे कम सजा दी जाएगी। हिट एंड रन केस में 10 साल की सजा मिलेगी।

मॉब लिंचिंग में फांसी की सजा होगी। स्नैचिंग के लिए कानून नहीं था, अब कानून बन गया है। किसी के सिर पर लाठी मारने वाले को सजा तो मिलेगी, इससे ब्रेन डेड की स्थिति में आरोपी को 10 साल की सजा मिलेगी।

### पुलिस की जवाबदेही तय होगी

शाह ने कहा- नए कानून में अब पुलिस की भी जवाबदेही तय होगी। अब कोई गिरफ्तार होगा तो पुलिस उसके परिवार को जानकारी देगी। पहले यह जरूरी नहीं था। किसी भी केस में 90 दिनों में क्या हुआ, इसकी जानकारी पुलिस पीड़ित को देगी।

**विरोध प्रदर्शन**




नई दिल्ली में टीएमसी नेता कल्याण बनर्जी द्वारा राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की नकल करने के बाद जाट समुदाय के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया।

## मेरे वीडियो बनाने की बजाय सांसद निलंबन पर हो चर्चा : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नये संसद भवन के मकर द्वार पर सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद सांसदों के स्पीकर की मिमिक्री करते हुए गांधी द्वारा वीडियो बनाने पर बुधवार को कहा कि उनके बनाए वीडियो की बजाय सांसदों के निलंबन पर चर्चा होनी चाहिए।

गांधी ने मिमिक्री विवाद पर बुधवार को कहा कि सांसद संसद भवन के बाहर गेट पर बैठे थे तो उन्होंने वीडियो बनाया है लेकिन इसको लेकर चर्चा हो रही है और असली मुद्दों पर कोई चर्चा ही नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा, सांसद वहां बैठे थे, मैंने उनका वीडियो शूट किया। मेरा वीडियो मेरे फोन पर है लेकिन मीडिया दिखा रहा है। हमारे 150 सांसदों को बाहर निकाल दिया गया है लेकिन इस पर किसी ने कुछ नहीं कहा। मीडिया में उस पर कोई चर्चा नहीं है। अडानी पर कोई चर्चा नहीं है, राफेल पर कोई चर्चा नहीं है, बेरोजगारी पर कोई चर्चा नहीं है। हमारे सांसद निराश हैं और बाहर बैठे हैं, लेकिन मिमिक्री पर चर्चा ही रही है।

## उपराष्ट्रपति पद का मजाक बनाने पर मोदी ने जताया दुख

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उपराष्ट्रपति पद का मजाक बनाने पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि संसद परिसर में ऐसी घटना का होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को सोशल नेटवर्किंग वर्क वेबसाइट एक्स पर जारी एक संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री ने उन्हें फोन किया है और कुछ सांसदों द्वारा उनका मजाक बनाने पर गहरा दुख प्रकट किया है।

## जन्मतिथि के लिए अब मान्य नहीं होगा आधार कार्ड

नई दिल्ली। (पीएमए) आज के समय में आधार कार्ड किसी भी आदमी के लिए सबसे अहम कागजों में से एक है।

इसकी सुरक्षा को लेकर अक्सर नए-नए अपडेट आते रहते है। बता दें कि भारतीय विशिष्ट पहचान पत्र (यूआईएडीएआई) ने आधार कार्ड को लेकर अहम बदलाव किया है। इस नए नियम के मुताबिक आधार कार्ड अब जन्म तिथि का प्रमाण नहीं होगा। इसके लिए बर्थ सर्टिफिकेट जरूरी होगा। यह नियम इसी माह से लागू हो जाएगा।

यूआईएडीएआई जुडे अधिकारियों ने अपने आधिकारिक बयान में बताया है




कि ये कदम फर्जीवाड़ा रोकने के लिए उठाया गया है। इसकी सूचना आधार कार्ड पर भी अंकित की जा रही है। अब जो भी नया आधार कार्ड डाउनलोड करेंगे तो उस पर ये लिखा हुआ आएगा।

भारतीय विशिष्ट पहचान पत्र (यूआईएडीएआई) ने यह कदम आधार में जन्म दिनांक में संशोधन कराकर तारीख, महीना, वर्ष बदलकर होने वाले फर्जीवाड़े को रोकने के लिए उठाया है।

आधार कार्ड अब जन्म तिथि का प्रमाण नहीं होगा। कहीं आपको जन्म तिथि का प्रमाण देना है, तो जन्म प्रमाणपत्र देना अनिवार्य होगा। आधार कार्ड बनाने वाली संस्था ने एक दिसंबर से यह बदलाव कर दिया है।

बता दें कि आधार कार्ड आम आदमी का एक जरूरी पहचान पत्र है। इसके साथ ही यह एक ऐसा दस्तावेज है, जो हर जगह प्रयोग किया जाता है। इसलिए आधार कार्ड में होने बदलाव से सबको अवेयर रहना चाहिए।

## मोदी सरकार ने लोकतंत्र का गला घोंट दिया है : सोनिया गांधी

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार ने संसद में सुरक्षा मुद्दे पर आवाज उठाने वाले सांसदों को निलंबित कर लोकतंत्र का गला घोंट दिया है और लोकशाही को तबाह कर पूरी तरह से तानाशाह की तरह काम कर रही है।

गांधी ने बुधवार को यहां संसद भवन परिसर में कांग्रेस संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि इस सरकार ने लोकतंत्र का गला



घोंट दिया है। इससे पहले कभी भी इतने विपक्षी सांसदों को सदन से निलंबित नहीं किया गया। जिन सांसदो को निलंबित किया गया है, वे सभी सदन में इस मुद्दे पर गृहमंत्री अमित शाह का बयान मांग रहे थे। वे केवल वाजिब मांग कर रहे थे।

उन्होंने कहा, विपक्षी सदस्यों ने 13 दिसंबर की असाधारण घटना पर गृहमंत्री से बयान मांगा, क्योंकि उस दिन जो हुआ वह अक्षम्य है और उसे उचित नहीं ठहराया जा सकता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना पर बोला, लेकिन संसद के बाहर बोला, जो सदन की गरिमा और देश के लोगों के प्रति उनकी उपेक्षा का स्पष्ट संकेत है। सोचिए यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विपक्ष में होती, तो उसका रवैया इस मामले में क्या होता।

## फर्जी सिम लेने पर होगी 3 साल जेल, 50 लाख जुर्माना

### सिम कार्ड के लिए बायोमेट्रिक पहचान जरूरी होगी; टेलीकम्युनिकेशन बिल लोकसभा में पास

एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा में बुधवार, 20 दिसंबर को नया टेलीकम्युनिकेशन बिल 2023 पास हो गया। अब इस बिल को फाइनल रिव्यू के लिए राज्यसभा में भेज दिया गया है।

इस बिल में फर्जी सिम लेने पर 3 साल जेल और 50 लाख तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

बिल में टेलीकॉम कंपनियों को उपभोक्ताओं को सिम कार्ड जारी करने से पहले अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक पहचान करने को कहा गया है।

यह बिल सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से किसी भी टेलीकॉम सर्विस या नेटवर्क के टेक ओवर, मैनेजमेंट या उसे सस्पेंड करने की अनुमति देगा। यानी, युद्ध जैसी स्थिति में जरूरत पड़ने पर सरकार टेलीकॉम नेटवर्क पर मैसेजेज को इंटरसेप्ट कर सकेगी।

यह बिल 138 साल पुराने भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम को बदलेगा जो टेलीकॉम सेक्टर को कंट्रोल करता है। इसके अलावा द इंडियन वायरलेस टेलीग्राफ एक्ट 1933 और टेलीग्राफ वायर्स एक्ट 1950 की भी यह बिल जगह लेगा। ये TRAI एक्ट 1997 को



भी संशोधित करेगा।

### लाइसेंसिंग सिस्टम में बदलाव होगा

बिल से लाइसेंसिंग सिस्टम में भी बदलाव आएगा। वर्तमान में, सर्विस प्रोवाइडर्स को विभिन्न प्रकार की सर्विसेज के लिए अलग-अलग लाइसेंस, अनुमतियां, अनुमोदन और पंजीकरण लेना पड़ता है।

ऐसे 100 से अधिक लाइसेंस या पंजीकरण हैं जो टेलीकॉम डिपार्टमेंट जारी करता है।

### एलन मस्क की स्टारलिंक जैसी कंपनियों को फायदा होगा

बिल में टेलीकॉम स्पेक्ट्रम के एडमिनिस्ट्रेटिव एलॉकेशन का प्रावधान है, जिससे सर्विसेज की शुरुआत में तेजी आएगी। नए बिल से अमेरिकी बिजनेसमैन एलन मस्क की स्टारलिंक जैसी विदेशी कंपनियों को फायदा होगा। वहीं, जियो को इससे नुकसान हो सकता है।

### प्रमोशनल मैसेज भेजने से पहले ग्राहक की सहमति लेनी होगी

इसमें यह भी अनिवार्य किया गया है कि कंज्यूमर्स को गुड्स, सर्विसेज के लिए विज्ञापन और प्रमोशनल मैसेज भेजने से पहले उनकी सहमति लेनी होगी।

इसमें यह भी बताया गया है कि टेलीकॉम सर्विसेज देने वाली कंपनी को एक ऑनलाइन मैकेनिज्म बनाना होगा, जिससे यूजर्स अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज करा सके।

**रेप-हत्या**

**8 दिनों से लापता थी, मकान मालिक ने किडनैप किया था; नहर में शव फेंका**

## हैवानियत : दिल्ली में 9 साल की बच्ची से रेप, फिर की हत्या

नई दिल्ली। दिल्ली के स्वरूप नगर में 9 साल की बच्ची से रेप और हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि बच्ची जिस घर में रह रही थी, उसी के मकान मालिक (52) ने इस घटना को अंजाम दिया। आरोपी को मंगलवार (19 दिसंबर) को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के मुताबिक, बच्ची 12 दिसंबर को घर के बाहर खेलने के दौरान लापता हो गई थी। काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिली, तो घरवालों ने पुलिस को सूचना दी। जांच के दौरान पाया गया कि बच्ची आखिरी बार मकान मालिक की कार में बैठी देखी गई थी।



पुलिस को पता चला कि 15 दिसंबर को मकान मालिक का एक्सीडेंट हो गया था। वह रोहिणी के एक अस्पताल में भर्ती था। पुलिस ने अस्पताल जाकर उससे पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

आरोपी ने बताया कि उसने कार में घुमाने के नाम पर बच्ची को किडनैप किया। फिर एक सुनसान जगह पर ले जाकर कार में बच्ची से रेप किया। इसके बाद गला घोंटकर हत्या कर दी और शव को नहर में फेंक दिया।

### दिल्ली महिला आयोग ने पुलिस को नोटिस जारी किया

इस घटना को लेकर दिल्ली महिला आयोग ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। DCW चीफ की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने बच्ची के शव को अब तक रिकवर नहीं किए जाने का कारण पूछा है। साथ ही 22 दिसंबर तक केस से जुड़ी जानकारी देने की निर्देश दिया है।

### दिल्ली महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहर

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो ने 2022 की अपनी रिपोर्ट में दिल्ली को महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहर बताया है। यह रिपोर्ट 3 दिसंबर 2023 को जारी की गई थी। इसमें बताया गया है कि 2022 में दिल्ली में हर दिन 3 रेप केस दर्ज किए गए। एनसीआरबी की रिपोर्ट में बताया कि देश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 4 लाख 45 हजार 256 केस दर्ज किए गए, यानी हर घंटे लगभग 51 एफआईआर हुईं। 2021 में यह आंकड़ा 4 लाख 28 हजार 278 था। 2021 की तुलना में महिला अपराधों में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल हर एक लाख बच्चों में क्राइम रेट 36.6 था, जो साल 2021 (33.6) की तुलना में 3 प्रतिशत ज्यादा है।

## खड़गे को विपक्ष का प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया जाये : ममता

नयी दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि उन्होंने अगले आम चुनाव में विपक्ष की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को प्रधानमंत्री पद के दावेदार के रूप में प्रस्तुत किए जाने का प्रस्ताव किया है ताकि कोई यह न कह सके कि विपक्ष के पास इस पद के लिए कोई चेहरा नहीं है।

राज्य सभा के सभापति के बारे में कुछ सदस्यों द्वारा संसद भवन परिसर में अभिनय किए जाने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि इसे हल्की फुल्की बात के रूप में नजरंदाज किया जाना चाहिए यह अपमान का मामला नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस नेता



राहुल गांधी ने इसका वीडियो न बनाया होता तो किसी को इसका पता भी नहीं चलता।

बनर्जी ने कहा कि श्री खड़गे को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाये जाने के उनके प्रस्ताव को आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का समर्थन मिला है।

मुख्यमंत्री बनर्जी ने मंगलवार को यहां विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन की चौथी बैठक में भाग लिया था।

उन्होंने बुधवार को यहां संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद संवाददाताओं द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने किसी दलित को प्रधानमंत्री के उम्मीदवार के रूप में प्रस्तुत किए जाने की मांग की थी तो उन्होंने जवाब में कहा, 'हां हमने यह मांग की थी।

(कांग्रेस के अध्यक्ष) खड़गे जी का नाम हमने प्रस्तुत किया है। केजरीवाल ने हमारा समर्थन किया। लोग पूछते हैं कि आप की ओर से किसका नाम है, इसीलिए यह प्रस्ताव किया गया है।

## शार्ट न्यूज

### सरमा ने कोकराझार में बाथौ पारंपरिक और सांस्कृतिक केंद्र का उद्घाटन किया

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को कोकराझार जिले के बागानसाली में पांच करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित बाथौ पारंपरिक और सांस्कृतिक केंद्र का उद्घाटन किया। इस परियोजना को बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र (बीटीआर) प्रशासन द्वारा वित्त पोषित किया गया है। सरमा इसके अलावा कोकराझार के हाब्रुबारी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा रैली में भी शामिल हुए। उन्होंने बाथौ पारंपरिक और सांस्कृतिक केंद्र के औपचारिक उद्घाटन पर बोलते हुए कहा कि 1994 में अपनी स्थापना के बाद से, बागानसाली में बाथौ मंदिर कोकराझार क्षेत्र के निवासियों के आध्यात्मिक उत्थान में बहुत योगदान दे रहा है। मुख्यमंत्री ने बाथौ पारंपरिक और सांस्कृतिक केंद्र के निर्माण के लिए पांच करोड़ रुपये के उदार अनुदान के लिए बीटीआर प्रशासन की प्रशंसा करते हुए विश्वास जताया कि नई संरचना राज्य और उसके बाहर बाथौ आस्था के संरक्षण और प्रसार में बहुत योगदान देगी। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले नवंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई रैली का उद्देश्य सरकार की प्रमुख योजनाओं के तहत लाभार्थियों के नामांकन में शत-प्रतिशत संतृप्ति बिंदु प्राप्त करना है। आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना आदि कुछ नाम हैं।

### महत्वाकांक्षी लक्ष्य 500 करोड़ का खनन राजस्व प्राप्त करेगी हिमाचल : सुक्खू

धर्मशाला (तपोवन)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को कहा कि खनन कार्यों से इस वर्ष 500 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्पन्न करने के राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की घोषणा की। सुक्खू ने कहा कि कई क्रशरों को बंद करने के बारे में उठाई गई चिंताओं को संबोधित करते हुए, सभी स्टोन क्रशरों से लक्षित पट्टा राशि की वसूली सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। सुक्खू ने कहा कि स्टोन क्रशरों को दिए गए 22 साल के खनन पट्टों से सालाना 80 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है। स्टोन क्रशरों को शुरू में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की सिफारिशों के कारण बंद किया गया था, जिसमें एनएच-3 पर पंडोह के पास बाढ़ के दौरान सुरक्षा और सड़क क्षति को रोकने पर जोर दिया गया था। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि नियमों का पालन करने वाले क्रशरों को सरकार से डरने की ज़रूरत नहीं है, और अनुपालन का आकलन करने के लिए परिचालन को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में एक समिति ने पाया कि कई क्रशर वैध अनुमति के बिना चल रहे थे, खासकर रावी और ब्यास नदियों के किनारे, जिससे श्रमिकों और पर्यावरण को खतरा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सभी स्टोन क्रशरों के लीज प्लान की जांच कराएगी और यह सुनिश्चित करेगी कि रॉयल्टी की चोरी न हो।

### शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन भी भाजपा के तल्ख तेवर,गोबर लेकर पहुंचे विधायक

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन बुधवार को भी भारतीय जनता पार्टी ने तल्ख तेवर दिखाते हुए सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही कांग्रेस सरकार की 'गोबर खरीदने की गारंटी' को लेकर हमलावर हुआ। विपक्ष विशेषकर भारतीय जनता पार्टी के विधायक हाथ में गोबर की टोकरी लेकर विधानसभा पहुंचे और सरकार के खिलाफ़ जमकर नारेबाजी की। सरकार से दो रुपए किलो गोबर खरीदने की गारंटी याद दिलाई। नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल की कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने से पहले प्रदेश के किसानों से दो रुपए किलो गोबर खरीदने की बात कही थी लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी सरकार ने अभी तक इस गारंटी को पूरा नहीं किया है। लोगों का गोबर एक साल में सूख गया है जिसे लेकर वे आज विधानसभा पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री को गोबर की टोकरियां सौंपी जाएगी और पूछा जाएगा की गोबर खरीदने की गारंटी कब पूरी होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने से पहले लोगों को गुमराह किया और झूठी गारंटियां जनता को दी लेकिन विपक्ष इन गारंटियों को भूलने नहीं देगी और सरकार को बार-बार इन्हे पूरा करने की याद दिलाई जाएगी।

### कोविड के मामले सामने आने के बाद आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश

जयपुर। राजस्थान में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने देश के विभिन्न राज्यों में कोविड के मामले सामने आने के बाद राज्य में सतर्कता बरतने और एहतियातन आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं। विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने आज यहां कोविड-19, आईएलआई तथा एसएआरआई रोगों की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार कोविड का नया सब वैरिएंट सॉर्स कॉव-2 जेएन.1 खतरनाक नहीं है। इस सब वैरिएंट से पॉजिटिव हुए करीब 90 प्रतिशत रोगियों को अस्पताल में भर्ती किए जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। घर पर ही आइसोलेशन में रहते हुए सामान्य उपचार से इसके रोगी ठीक हो हे हैं। इससे घबराने या भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है, केवल सावधानी बरतने की जरूरत है। प्रदेश में इस सब वैरिएंट को लेकर फिलहाल चिंता की कोई स्थिति नहीं है। सिंह ने कहा कि सॉर्स कॉव-2 जेएन.1 सब वैरिएंट से खतरा नहीं होने के बावजूद प्रदेश में एहतियात के तौर पर कोविड प्रबंधन से जुड़ी सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जाएं।

### भाजपा ने जलाया टीएमसी सांसद का पुतला

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा संसद में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का मखौल उड़ाने के मामले को लेकर यहाँ रोशनपुर चौराहे पर टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी का पुतला दहन किया गया। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोगों ने जिस तरह से संसद में हंगामा किया, और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का मखौल उड़ाया गया, यह राज्यसभा के सभापति का अपमान नहीं है, यह देश की 140 करोड़ जनता का अपमान है। इस घटना से पूरा देश आंदोलित है। अपने इस शर्मनाक कृत्य के लिए राहुल गांधी और सोनिया गांधी को देश की जनता से सार्वजनिक रूप से मांफी मांगनी चाहिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, विधायक विश्वास सारंग, रामेश्वर शर्मा एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल सहित सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। श्री शर्मा ने कहा कि उपराष्ट्रपति के अपमान की इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में भले ही इंडी गठबंधन के नेता भी शामिल रहे हों, लेकिन कांग्रेस पार्टी इस पूरे मामले में अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती।

### विधानसभा में राज्यपाल का अभिभाषण

भोपाल। मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आज कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य आमजन का संपूर्ण विकास है, इसके लिए अनेक योजनाएं संचालित हैं और सरकार ने संकल्प पत्र के बिंदुओं को धरातल पर उतारने का काम शुरु कर दिया है।पटेल ने नवगठित सोलहवीं विधानसभा के पहले सत्र के तीसरे दिन अपने अभिभाषण में यह बात कही। अभिभाषण के बाद वरिष्ठ विधायक कैलाश विजयवर्गीय ने कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पेश किया, जिसका विधायक प्रहलाद पटेल ने समर्थन किया। अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के लिए कल 21 दिसम्बर का दिन तय किया। अपने अभिभाषण में राज्यपाल पटेल ने विभिन्न योजनाओं से संबंधित आकड़े पेश करते हुए कहा कि जब तक गरीबों और अन्य वर्गों को उनका वाजिब हक नहीं दिला दिया जाता, सरकार चैन से नहीं बैठेगी। डबल इंजन की सरकार और बेहतर ढंग से विकास कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने संकल्प पत्र के बिंदुओं को धरातल पर उतारने का काम शुरु कर दिया है। तेंदूपत्ता संग्रहण की दर तीन हजार प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर चार हजार रुपए प्रति मानक बोरा कर दी गई है। सरकार अगले सात साल में मध्यप्रदेश को 45 लाख करोड़ रुपए की अर्थव्यवस्था बनाने और लगभग 20 लाख करोड़ रुपए के निवेश से प्रति व्यक्ति आय दोगुनी करने के लक्ष्य से काम कर रही है।

# 51 हजार लोगो को मिलेगा मालिकाना हक

## जीरो पीरियड का लाभ मिलने से रियल स्टेट में आएगी तेजी, बिल्डरों पर 40 हजार करोड़ का बकाया

नोएडा। चुनाव से ठीक पहले सरकार ने बिल्डर बायर्स मुद्दे को हल कर दिया। इसको लेकर पूर्व के शासन काल कई सालों से रोजाना नोएडा ग्रेटरनोएडा में धरना प्रदर्शन किया जा रहा था। यूपी सरकार ने नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत की रिपोर्ट पर मुहर लगा दी। इसके तहत रियल एस्टेट के रेजीडेंशियल प्रोजेक्ट्स के डेवलपर को दो साल का जीरो पीरियड दिया गया है। इस जीरो पीरियड का ब्याज डेवलपर को नहीं देना होगा।



ऐसे में बकाया जमा न करने वाले डेवलपर्स के प्रोजेक्ट में रहने वाले लाखों लोगों के फ्लैटों की रजिस्ट्री हो सकेगी। सरकार के इस निर्णय से न सिर्फ घर खरीदारों को राहत मिली है बल्कि रियल एस्टेट सेक्टर को भी एक पॉजिटिव संदेश दिया गया है। जानकारों की माने तो इससे रियल एस्टेट सेक्टर को भी सीधा लाभ होगा। अकेले नोएडा- ग्रेटरनोएडा में 51 हजार 65 से ज्यादा बायर्स को उनको मालिकाना हक मिलेगा। साथ ही अधूरी परियोजना को भी रफ्तार मिलेगी।

दरअसल, कोविड महामारी के दौरान लगभग दो साल तक ज्यादातर रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स का काम रुका रहा। इसके चलते डेवलपर्स पर प्राधिकरण का काफी बकाया हो गया। डेवलपर्स की मांग थी की कोरोना महामारी के समय का उन्हें जीरो पीरियड दिया जाए और इस दौरान का ब्याज उनसे न लिया जाए।

अथॉरिटी डेवलपर्स की मांग नहीं मान रही थी, ऐसे में लोगों को प्रोजेक्ट्स में पजेशन तो मिल गया लेकिन उनके फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं हो पा रही थी। पिछले दिनों अमिताभ कांत ने मामले पर पूरी रिपोर्ट तैयार की और सरकार की संस्तुति के लिए भेजी थी। इस पर मंगलवार को कैबिनेट ने मुहर लगा दी।

### 51 हजार बायर्स बिना रजिस्ट्री के फ्लैटों में रह रहे है

नोएडा में कुल 118 प्रोजेक्ट है। इसमें 1 लाख 69 हजार 250 यूनिट सेंशन है। इसमें से 99 हजार 792 यूनिट को ओसी मिल चुका है। वहीं 65 हजार 277 फ्लैटों की रजिस्ट्री हो चुकी है। इसी तरह ग्रेटरनोएडा में कुल 191 प्रोजेक्ट है। इसमें 2 लाख 61 हजार 814 फ्लैट सेंशन है। कुल 1 लाख 12 हजार 960 यूनिट की ओसी मिल चुकी है। कुल 96 हजार 410 फ्लैटों की रजिस्ट्री हो चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि रोजाना करीब 10 से 20 रजिस्ट्री हो रही है। ऐसे में कुल 51 हजार के आसपास बायर्स को उनका मालिकाना हक मिलेगा।

### पटना : 50 हजार का इनामी पांडव गिरोह का सरगना रांची से गिरफ्तार

पटना। बिहार पुलिस का विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने पटना और जहानाबाद जिले में हत्या समेत कई अपराधों का आरोपी 50 हजार का इनामी पांडव गिरोह का सरगना संजय कुमार उर्फ संजय सिंह को झारखंड की रांची से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि पटना और जहानाबाद जिले के अलग-अलग थानों में हत्या, अपहरण, रंगदारी और लूट समेत 16 आपराधिक मामलों में वांछित संजय सिंह लंबे समय से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी की जिम्मेवारी एसटीएफ को सौंपी गई। सूत्रों ने बताया कि एसटीएफ को अनुसंधान के क्रम में पता चला कि पांडव गिरोह का सरगना रांची में है। एसटीएफ ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### कश्मीर में हाड़ कंपाने वाली ठंड जारी

श्रीनगर। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में हाड़ कंपाने वाली ठंड पिछले कुछ दिनों से जारी है। बुधवार को राजधानी श्रीनगर का न्यूनतम तापमान शून्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने बताया कि श्रीनगर में बुधवार को न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 4.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि पिछली रात यह शून्य से नीचे 3.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जो इस मौसम की इस अवधि के दौरान सामान्य से शून्य से नीचे 2.9 डिग्री सेल्सियस कम था। राजधानी श्रीनगर में अधिकतम तापमान पिछले दिन दर्ज किए गए सामान्य तापमान 9.0 डिग्री सेल्सियस से 2.0 डिग्री सेल्सियस अधिक रिकॉर्ड किया था। पर्यटक स्थल पहलगाम में मंगलवार को मौसम की सबसे सर्द रात के दौरान न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 6.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज करने के बाद इसमे मामूली सुधार आया और बुधवार को न्यूनतम तापमान शून्य से 6.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पर्यटक स्थल में तापमान सामान्य से 1.9 डिग्री सेल्सियस कम रिकॉर्ड किया गया था। उत्तर कश्मीर के सुप्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में कल रात न्यूनतम तापमान पिछले रात के शून्य से नीचे 6.6 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से नीचे 4.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से 0.48 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। दक्षिण कश्मीर में श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 4.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि कोकेरनाग में शून्य से 3.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

# मैनेजर ने मां-पत्नी के खाते में ट्रांसफर किए 28.7 करोड़

## 20 बार में रकम भेजी, बैंक की विजिलेंस टीम ने पकड़ा; नोएडा में धोखाधड़ी का केस दर्ज

नोएडा। नोएडा के साउथ इंडियन बैंक में बड़ी धोखाधड़ी सामने आई है। यहां सहायक प्रबंधक ने अपनी मां और पत्नी के बैंक अकाउंट में निजी कंपनी के 28.7 करोड़ रुपए ट्रांसफर कर दिए। एसोसिएट इलेक्ट्रॉनिक्स रिसर्च फाउंडेशन कंपनी की तरफ से बैंक तक ये मामला पहुंचाए जाने के बाद हड़कंप मच गया।

बैंक की विजिलेंस जांच में इतनी बड़ी रकम किन अकाउंट में ट्रांसफर हुई, ये भी सामने आ गया। साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक दिल्ली रैनजीत आर नायक ने केस दर्ज कराया है। पुलिस ने सहायक प्रबंधक राहुल शर्मा, उनकी पत्नी भूमिका शर्मा और मां सीमा शर्मा समेत



अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है। सभी आरोपी फरार हैं।

### कंपनी ने ई मेल के जरिए की बैंक से शिकायत

रैनजीत आर नायक ने बताया कि उन्हें पिछले कुछ दिनों से सेक्टर-22 स्थित शाखा से गड़बड़ी की शिकायत मिल रही थी। जिस पर विभाग ने अपनी विजिलेंस टीम से यहां की जांच कराई।

जांच में पता चला कि सेक्टर-48 स्थित एसोसिएट इलेक्ट्रॉनिक्स रिसर्च फाउंडेशन नामक कंपनी के खाते से सहायक बैंक प्रबंधक राहुल शर्मा ने 28.07 करोड़ रुपए अपनी पत्नी भूमिका शर्मा और मां सीमा समेत अन्य के खातों में ट्रांसफर कर कंपनी व बैंक के साथ धोखाधड़ी की है। इस मामले में एसोशिएट इलेक्ट्रॉनिक्स रिसर्च फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने तीन, चार और छह दिसंबर को ईमेल से शिकायत दर्ज कराते हुए खाते से रुपए बिना अनुमति व जानकारी के ट्रांसफर करने के आरोप लगाए थे।

मां और पत्नी के खातों के अलावा कुछ अन्य बैंक खातों में 20 से अधिक बार में ये रकम ट्रांसफर की गई। परिवार से इतर कुछ और खातों में रकम इसलिए ट्रांसफर की गई, ताकि किसी को शक न हो।

विजिलेंस टीम ने जांच में इसे पकड़ लिया। मूल रूप से हरियाणा के रोहतक में रहने वाला राहुल शर्मा वर्तमान में सेक्टर-27 में परिवार के साथ रहता है।

एसीपी अरविंद कुमार ने बताया कि केस दर्ज होने के बाद पुलिस उन खातों की जांच कर रही है। जिन खातों में रकम ट्रांसफर हुई है। इस संबंध में जल्द ही आरोपियों से पूछताछ की जाएगी। पूरी योजना के तहत आरोपियों ने धोखाधड़ी की है।

## नववर्ष के मौके पर रेलवे चलाएगा नई दिल्ली से कटरा तक दो स्पेशल ट्रेनें

नई दिल्ली। (पीएमए) भारत रेलवे ने नए साल और क्रिसमस को देखते हुए यात्रियों को सौगात दी है. दरअसल, नववर्ष के अवसर पर लोग माता वैष्णो देवी के दर्शन या जम्मू कश्मीर के अन्य पर्यटन स्थलों पर जाना पसंद करते हैं. इसी को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे ने नई दिल्ली कटरा के लिए दो विशेष ट्रेनें चलाने का फैसला किया है.

22 दिसंबर से रेलवे दोनों ट्रेनें चलाएगा. अगर आप दिल्ली में रहते हैं और माता वैष्णो देवी के दर्शन करना चाहते हैं तो भारतीय रेलवे की स्पेशल ट्रेन (04085/86) व वातानुकूलित ट्रेन (04071/72) से यात्रा कर सकते हैं. इन ट्रेनों का संचालन 29 और 30 दिसंबर तक प्रत्येक शुक्रवार और शनिवार किया जाएगा. साल 2023 खत्म होने वाला है. 25 दिसंबर को क्रिसमस का त्योहार है और फिर एक हफ्ते में नया साल. ऐसे में ट्रेन से यात्रा करने वाले यात्रियों की टिकट कंफर्म ही नहीं हो पा रही है. उनकी टिकट अभी भी वेटिंग लिस्ट में है. रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि भीड़ को देखते हुए 2 विशेष ट्रेनों को चलाने का निर्णय लिया गया है.

राजधानी नई दिल्ली से चलकर कटरा जाने के वाली ट्रेन संख्या 04071 का संचालन 22 दिसंबर से 29 दिसंबर के बीच होगा.इस ट्रेन की टाइमिंग दिल्ली से रात 11 बजकर 30 मिनट पर है. यह आपको अगली सुबह 11 बजकर 25 मिनट पर कटरा पहुंचेगी. वहीं, दूसरी विशेष ट्रेन का संचालन 24 दिसंबर व 31 दिसंबर दिल्ली से किया जाएगा.इसकी वापसी 25 दिसंबर और 1 जनवरी को कटरा से दिल्ली के लिए होगी.

क्रिसमस और नए साल का जश्न मनाने के लिए लोग उत्तर भारत का रुख करते हैं. इसलिए भारतीय रेलवे ने नई दिल्ली से कटरा के लिए 2 विशेष ट्रेनों को चलाने के फैसला किया है. भारत रेलवे ने नए साल और क्रिसमस को देखते हुए यात्रियों को सौगात दी है. दरअसल, नववर्ष के अवसर पर लोग माता वैष्णो देवी के दर्शन या जम्मू कश्मीर के अन्य पर्यटन स्थलों पर जाना पसंद करते हैं. इसी को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे ने नई दिल्ली कटरा के लिए दो विशेष ट्रेनें चलाने का फैसला किया है.

22 दिसंबर से रेलवे दोनों ट्रेनें चलाएगा. अगर आप दिल्ली में रहते हैं और माता वैष्णो देवी के दर्शन करना चाहते हैं तो भारतीय रेलवे की स्पेशल ट्रेन (04085/86) व वातानुकूलित ट्रेन (04071/72) से यात्रा कर सकते हैं. इन ट्रेनों का संचालन 29 और 30 दिसंबर तक प्रत्येक शुक्रवार और शनिवार किया जाएगा. साल 2023 खत्म होने वाला है.

## साहा ने बुनियादी ढांचे के विकास के लिए नीति आयोग से मांगा सहयोग

अगरतला। रक्षा अनुसंधान के प्रतिष्ठित भारतीय वैज्ञानिक डॉ. वी. के. सारस्वत के नेतृत्व में नीति आयोग का सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचने के बाद त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा और प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों के साथ विकास की रणनीति को लेकर अलग-अलग बैठक की।

बैठक में मुख्यमंत्री ने एक सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल में सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों और विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र के विकास और पड़ोसी मुल्क बंगलादेश के साथ निर्यात बाधाओं को उदार बनाने का आग्रह किया। वहीं प्रतिनिधिमंडल ने मुद्दों को हल करने में मदद का आश्वासन दिया।

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. सारस्वत ने अधिकारियों को सतत विकास परियोजनाएं शुरू करने और संभावित क्षेत्रों (जहां निजी उद्यमों को निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है) पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। नीति आयोग के प्रतिनिधिमंडल ने सरकारी गेस्ट हाउस में बुधवार को उद्योग संघों, नागरिक समाज संगठनों और शिक्षाविदों के साथ भी बातचीत की और राज्य के विकास पर अपने विचार प्राप्त किए।

## त्रिपुरा चिड़ियाघर को रॉयल बंगाल टाइगर का जोड़ा मिलेगा

एजेंसी

अगरतला। केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण भारत (सीजेडएआई) ने नए साल में रॉयल बंगाल टाइगर के जोड़े और पक्षियों की कुछ प्रजातियों के बदले में उत्तर बंगाल वन्यजीव उद्यान (एनबीडब्ल्यूपी) सिलिगुडी को शेर, काले हिरण की जोड़ी और तेंदुए के बच्चे को भेजने के प्रस्ताव की मंजूरी दे दी है। वन्यजीव अधिकारियों ने यहां बुधवार को यह जानकारी दी। केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण भारत का एक सांविधिक निकाय है जिसका मुख्य उद्देश्य भारत में जन्तुओं के रख-रखाव और स्वास्थ्य देखभाल के लिए न्यूनतम मानकों तथा मानदंडों को लागू करना है।

अधिकारियों ने कहा कि त्रिपुरा का सिपाहीजला चिड़ियाघर लगभग पांच साल पहले आखिरी बाघिन की मौत के बाद लंबे समय से रॉयल बंगाल बाघों के स्वागत का इंतजार कर रहा है और एनबीडब्ल्यूएपी अपनी सबसे महत्वाकांक्षी बंगाल सफारी को आगंतुकों के लिए आकर्षक बनाने के लिए एक शेर के जोड़े की भी तलाश कर रहा है।

## जम्मू-कश्मीर पुलिस ने करोड़ों के निवेश घोटाले की जांच की शुरू

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने केंद्र शासित प्रदेश में जमाकर्ताओं से कथित तौर पर कम से कम 59 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने वाली एक 'निवेश कंपनी' के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

कथित धोखाधड़ी तब सामने आई जब जमाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि 'क्यूरेटिव सर्वे एजेंसी' ने 15 दिनों में उनके निवेश को दोगुना करने का वादा करके उन्हें धोखा दिया है।

जमाकर्ताओं ने कहा कि फर्जी कंपनी ने भोली-भाली जनता को उनके निवेश पर भारी रिटर्न का झूठा वादा करके धोखा दिया। कंपनी में पैसा लगाने वाले जमाकर्ता ज्यादातर छात्र और गृहिणियां थीं। जमाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि कंपनी अनुत्तरदायी हो गई है जिसके कारण अराजकता, पीड़ा और विरोध प्रदर्शन हुआ है।

पुलिस ने आरोपों और औपचारिक शिकायत के बाद, संज्ञान लिया और मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

अधिकारियों ने कहा कि साइबर पुलिस ने एक शिकायत का संज्ञान लेते हुए,'क्यूरेटिव सर्वे एजेंसी' के संचालकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

एजेंसी ने जम्मू कश्मीर में लोगों से 15 दिनों में अपना निवेश दोगुना करने का वादा कर फर्जी तरीके से भारी मात्रा में धन एकत्र किया।

पुलिस ने जांच के तहत दिन में श्रीनगर में पांच स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने कहा कि शनिवार रात जम्मू-कश्मीर पुलिस की साइबर शाखा द्वारा की गई छापेमारी के दौरान इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और दस्तावेज जब्त किए गए। कंपनी को बढ़ावा देने वाले कश्मीर स्थित प्रभावशाली लोगों की भी जांच चल रही है। कश्मीर के संभागीय आयुक्त विजय कुमार बिधूड़ी ने कहा कि लोगों को धोखा देने वाले घोटालेबाजों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा,पुलिस ने पैसे दोगुना करने के मामले का कड़ा संज्ञान लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

बिधूड़ी ने कहा कि लोगों को धोखा देने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने लोगों को धोखेबाजों के जाल में नहीं फंसने की सलाह दी।

इस बीच, नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने घोटाले को लेकर चिंता व्यक्त की है।

## अंकिता हत्याकांड : मुख्य आरोपी पुलकित को हाईकोर्ट से नहीं मिली जमानत

नैनीताल। उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता हत्याकांड के मुख्य अभियुक्त पुलकित आर्य को उच्च न्यायालय से झटका लगा है। अदालत ने आरोपी के जमानत प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया है।

अदालत ने इसे जघन्य अपराध करार दिया है। न्यायमूर्ति रवीन्द्र मैठाणी की पीठ में बुधवार को आरोपी के जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हुई। इस मामले में लगातार दो दिन सुनवाई हुई।

आज अदालत ने माना कि यह एक संगीन अपराध है। आरोपी के खिलाफ अभी तक जो तथ्य सामने आये हैं, वह जमानत प्रार्थना पत्र को खारिज करने के लिये पर्याप्त हैं।

शिकायतकर्ता की ओर से अदालत के समक्ष यह भी तथ्य रखा गया कि



आरोपी मृतका पर किसी वीआईपी की अनैतिक सेवा के लिये दबाव बना रहा था लेकिन वह आरोपी के दबाव में नहीं आयी। इसके बाद उसकी हत्या कर दी गयी।

सरकार की ओर से भी कहा गया कि आरोपी के खिलाफ पर्याप्त सुबूत हैं। गवाहों के बयानों के साथ ही मौके से फोरेंसिक साक्ष्य जुटाये गये हैं। साथ ही मामले को एसआईटी को सौंप दिया गया।

गौरतलब है कि ऋषिकेश के पास स्थित वनंतरा रिसॉर्ट में बतौर रिसेप्सनिष्ट के पद पर तैनात अंकिता की पिछले साल सितम्बर में हत्या कर दी गयी थी। उसका शव चीला बैराज से मिला था। हत्या का आरोप वनंतरा रिसॉर्ट के मालिक और पूर्व भारतीय जनता पार्टी नेता विनोद आर्य के पुत्र पुलकित आर्य और उसके दो अन्य साथियों पर लगा था। तीनों आरोपी पिछले साल से जेल में बंद हैं।

इस घटना के बाद प्रदेश में भारी आक्रोश फैल गया था। सरकार ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए इस प्रकरण की जांच एसआईटी को सौंप दी थी। साथ ही पुलकित आर्य के पिता को पार्टी से जबकि भाई अंकित को पिछड़ा वर्ग आयोग के पद से हटा दिया था।

### अयोध्या के लिए विशेष ट्रेन चलाई जाएगी

ऊना। हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना से सात फरवरी को अयोध्या के लिए एक विशेष ट्रेन चलाई जा रही है जिसके लिए रेलवे विभाग ने आदेश जारी कर दिए है। जल्द ही इसकी बुकिंग भी शुरू हो जाएगी। ऊना रेलवे स्टेशन के अधीक्षक रौदाश सिंह ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि रेलवे बोर्ड की ओर से जारी की गई समयसारिणी के अनुसार स्पेशल ट्रेन 7 फरवरी दिन बुधवार को दोपहर 3:50 मिनट पर जिला ऊना के अंब-अंदौरा स्टेशन से रवाना होगी और 4:12 मिनट पर ऊना स्टेशन पर पहुंचेगी, जो कि दो मिनट के ठहराव के बाद आगे के लिए रवाना होगी। ट्रेन नंगल डैम, चंडीगढ़, अंबाला, सहारनपुर, मुरादाबाद, आलमगढ़, लखनऊ होते हुए आठ फरवरी की सुबह 9:25 मिनट पर पहुंच जाएगी।

## तेंदुए के हमले में मृत महिला के शव के साथ ग्रामीणों ने लगाया जाम

नैनीताल। उत्तराखंड के भीमताल में तेंदुए के हमले में दस दिन में तीसरी मौत से बुधवार को ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया और बुधवार को सैकड़ों लोगों ने खूटानी तिराहे पर मृत महिला के शव के साथ जाम लगा दिया।

ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। आक्रोशित लोग मंगलवार को तेंदुए के हमले में मारी गयी निकिता शर्मा का शव लेकर पहुंचे थे। ग्रामीणों ने शव को खुटानी तिराहे पर रखकर सुबह 10 बजे से ही जाम लगा दिया। ग्रामीणों ने सरकार और वन विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। भीमताल के ब्लाक प्रमुख डा. हरीश बिष्ट के अनुसार ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शासन और प्रशासन तीन महिलाओं की मौत के बाद भी नहीं जागा और आज भी आदमखोर को जिंदा पकड़ा या मारा नहीं जा सका है। लोगों के आक्रोश को देखकर प्रशासन के हाथ पांव फूल गये। मौके पर प्रभारी जिलाधिकारी शिवचरण द्विवेदी, वन संरक्षक बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी चंद्रशेखर जोशी और अन्य अधिकारी पहुंच गये। उन्होंने ग्रामीणों को मनाने की कोशिश की लेकिन वे नहीं माने।

शाम तीन बजे तक ग्रामीण धरने पर बैठे रहे। ग्रामीणों ने मृतका का अंतिम संस्कार से मना कर दिया। मौके पर पहुंचे विधायक राम सिंह कैड़ा से लोग नाराज नजर आये। इसके बाद प्रशासन से मिले आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार के लिये हामी भरी। इसके बाद ग्रामीणों ने शाम को चित्रशिला घाट पर शव का अंतिम संस्कार किया।

# शार्ट न्यूज

## 14 साल की किशोरी ने किया सुसाइड

**नोएडा।** थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सलारपुर गांव में रहने वाले एक व्यक्ति की 14 साल बेटी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय किशोरी घर में अकेली थी। किशोरी सातवें कक्षा में पढ़ती थी। किशोरी के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। उसने ये कदम क्यों उठाया पुलिस मामले की जांच कर रही है। मूल रूप से गोंडा निवासी अंग्रेज सिंह अपने परिवार सहित सलारपुर गांव में किराए पर रह रहे हैं। अंग्रेज सिंह एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। मंगलवार को वह ड्यूटी पर चले गए। घर पर उनकी पत्नी व 14 वर्ष की बेटी अकेली थी। शाम के समय उनकी पत्नी किसी काम से घर से बाहर चली गई। कुछ देर बाद जब वापस लौटी तो उन्हें किशोरी फंदे पर लटकती हुई मिली। उन्होंने पड़ोसी की मदद से किशोरी को फंदे से नीचे उतारा और अस्पताल लेकर पहुंची। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि किशोरी के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया गया है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि किशोरी सातवें कक्षा की स्टूडेंट थी। और पिछले कई दिनों से घर में गुमसुम रहती थी। किशोरी द्वारा किस वजह से आत्महत्या की गई है इसके बारे में परिजन भी कोई ठोस कारण नहीं बता पा रहे हैं। फिलहाल पुलिस किशोरी के दोस्तों और परिजनों से पूछताछ कर रही है।

## 46 गांव के किसान करेंगे महापंचायत

**गौतम बुद्ध नगर।** एनच–91 के लुहारली टोल प्लाजा पर 25 दिसंबर को महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। 46 गांव के किसान और प्रधान इस महा पंचायत में शामिल होंगे। टोल मैनेजमेंट के खिलाफ यह सभी लोग इकट्ठा होकर हल्ला बोलेंगे। किसान संघ ने एसीपी दादरी को ज्ञापन सौंपा। दादरी थाना क्षेत्र के एनएच 91 टोल प्लाजा के मैनेजमेंट के खिलाफ 46 गांव के किसान हल्ला बोलेंगे। इसको लेकर किसान संघ के पदाधिकारियों ने एक ज्ञापन एसीपी दादरी को सौंपा। बिल्लू अधाना ने बताया कि लुहारली टोल मैनेजमेंट की तानाशाही को लेकर 25 दिसंबर को टोल पर महापंचायत की जाएगी। पिछले काफी समय से क्षेत्र के किसान और क्षेत्रवासी टोल मैनेजमेंट से परेशान होकर अब सब्र का बांध टूट चुका है। किसानों ने बताया कि बुलंदशहर से लेकर गाजियाबाद तक पड़ने वाले गांव के सर्विस रोड नहीं बनाए गए। रात के समय स्ट्रीट लाइट नहीं जलती सिर्फ दिखावे के लिए स्ट्रीट लाइट होती है। रोड पर भारी वाहन दौड़ते हैं ,कहीं भी कोई अंडरपास की व्यवस्था नहीं है आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। बिल्लू अधाना ने बताया कि चार नंबर कट दादरी क्षेत्र कोट के पुल पर नगला के ग्रामीण व छात्र–छात्राएं स्कूल जाने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, वहां भी ओवर ब्रिज बनाया जाए ताकि ग्रामीणों को सहूलियत हो सके।

## मेंटेनेंस कार्यों में लापरवाही पर 5 लाख जुर्माना

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने सेक्टर 2 का निरीक्षण किया। सेक्टर 2 में मौके पर मेंटेनेंस के कार्यों में लापरवाही मिलने पर संबंधित फर्म पारस कंस्ट्रक्शन पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। वहीं, सड़कों पर मलबा डालने वाले 10 आवंटियों पर भी 40 हजार रुपये से लेकर 1 लाख रुपये तक जुर्माना लगाया गया है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित सेक्टर 2 और 3 के निवासी समस्याओं को लेकर प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार से मिले थे। सीईओ के निर्देश पर एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने सेक्टर 2 का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान सेक्टर 2 में मेंटेनेंस के कार्यों में लापरवाही दिखी। नालियां और पटरी ड्रेसिंग क्षतिग्रस्त मिलीं। मेंटेनेंस से जुड़े अन्य कार्यों में भी लापरवाही दिखी , जिसके चलते एसीईओ ने संबंधित फर्म पारस कंस्ट्रक्शन पर पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाने का आदेश दिया है। वर्क सर्किल 3 की तरफ से मंगलवार शाम को ही इस आशय की नोटिस जारी कर दी गई है। एसीईओ के निरीक्षण के दौरान सेक्टर 2 में कई जगह सड़कों पर मलबे का ढेर दिखा। घरों के निर्माण से निकलने वाले मलबे को आवंटियों ने सड़कों पर फेंक दिया है।

## बाइक सवार ने गुड़ बेचने वाले से की लूट

**मोदीनगर।** गाजियाबाद के मुरादनगर में दिल्ली मेरठ मार्ग पर गंगनहर पुल के पास शाम चार बजे बाइक सवार बदमाश बुग्गी में गुड़ बेचने वाले युवक से दस हजार रुपए की नकदी व मोबाइल लूटकर ले गए। पीड़ित ने इस संबंध में मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश में आसपास लगे सीसीटीवी खंगालने में जुटी है। निवाड़ी थानाक्षेत्र के गांव उजैड़ा निवासी रिहान खान गंगनहर पुल स्थित होटल के पास बुग्गी में गुड़ व शक्कर बेच रहा था। शाम चार बजे के आसपास रिहान खान के पास एक बाइक सवार युवक आया। युवक ने पहले रिहान से गुड़ के दाम पूछे और फिर पांच किलो शक्कर देने की बात कही। इसके बाद फिर वह फोन के बारे में बात करने लगा। इसके बाद उसने शर्ट की जेब पर हाथ रखा और फिर 10 हजार रुपए व मोबाइल छीनकर फरार हो गया। पीड़ित ने काफी दूर तक बदमाश का पीछा भी किया, लेकिन वह हाथ नहीं आया। पीड़ित ने मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सभासद के नेमप्लेट पर लिखा जय श्रीराम

मोदीनगर। मोदीनगर पालिका परिषद के वार्ड 12 पार्षद प्रीतम सैनी के नेम प्लेट बोर्ड पर सरनेम मिटाकर जय श्री राम लिखने का मामला सामने आया है। रिपोर्ट दर्ज करने की मांग को लेकर सभासद मोदीनगर थाने पर एकत्रित होकर हंगामा किया। पहले भी नाम से पहले श्री लिखने को लेकर हंगामा हो चुका है। गांव सीकरी कला निवासी प्रीतम सिंह नगर पालिका परिषद मोदीनगर में वार्ड 12 से सभासद है। पिछले दिनों उनके आवास के बाहर नगर पालिका परिषद द्वारा नेम बोर्ड प्लेट लगाया गया था। जिस पर उनका नाम प्रीतम सैनी में पता लिखा हुआ था। आप है कि बुधवार सुबह असामाजिक तत्व नेम बोर्ड प्लेट पर सैनी शब्द को पोत करके जय श्री राम लिख दिया। यह देखकर प्रीतम सैनी हक्के–बक्के रह गए। उनका आरोप है कि असामाजिक तत्व क्षेत्र का माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। सभासद प्रीतम सैनी ने मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। सभासद संघर्ष समिति का कहना है कि सभासदों के खिलाफ माहौल तैयार किया जा रहा हैं।

## रहेजा के प्रबंधक निदेशक को गैर जमानती वारंट जारी करने की चेतावनी

गुरुग्राम। राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के जस्टिस बिनॉय कुमार ने रहेजा डेवलपर्स मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान रहेजा डेवलपर्स के प्रबंध निदेशक नवीन रहेजा अनुपस्थित रहे। इस पर जस्टिस बिनॉय कुमार ने कहा कि वह लगातार तीसरी बार सुनवाई में अनुपस्थित रहे हैं। ऐसे में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के सेक्शन 72 के तहत उनके खिलाफ न्यायालय की अवमानना की कार्रवाई की जा सकती है। आयोग ने नौ जनवरी के लिए अगली सुनवाई की तारीख सुनिश्चित की है। इस सुनवाई पर नवीन रहेजा को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित रहने के आदेश दिए हैं। ऐसा न करने पर आयोग ने गैर जमानती वारंट जारी करने की चेतावनी भी दी है। लगभग 50 से अधिक होम बायर्स बीते चार साल से न्यायालय में अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस दौरान रहेजा डेवलपर्स लिमिटेड के अधिवक्ता सिद्धार्थ ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि आदेश अनुसार अगली सुनवाई में उपभोक्ताओं को पेमेंट देने का निर्धारित शेड्यूल साथ लाएंगे।

## डिवाइडर में टकराई कार, एक की मौत

मानेसर। मेरठ से जयपुर दोस्तों के साथ जा रहे युवक को नींद आ जाने से कार आईएमटी फ्लाईओवर से नीचे उतरते समय डिवाइडर में टकरा गई। घायलों को निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां पर एक की मौत हो गई। जबकि चार अन्य को मामूली चोट आई। मानेसर थाना पुलिस ने चालक के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मेरठ के इंद्रा नगर कालोनी के रहने वाले 27 वर्षीय मोहित सिंह अपने चार साथियों के साथ मंगलवार की रात को मेरठ से जयपुर किसी काम से जा रहे थे। रात करीब 12 बजे के लगभग अचानक झपकी लगने पर उनकी कार आईएमटी फ्लाईओवर से नीचे उतरते समय डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार सभी लोग घायल हो गए। उपचार के लिए उनको निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां एक की मौत हो गई।

# युवा कांग्रेस ने किया संसद का घेराव





नयी दिल्ली। युवा कांग्रेस ने युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी तथा मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ बुधवार को संसद घेराव का किया और कहा के लोकतंत्र को कुचलकर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास ने संसद के घेराव के लिए एकत्रित युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार द्वारा लोकतंत्र को कुचला जा रहा है, बेरोजगार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है और जमकर तानाशाही चल रही है लेकिन युवा कांग्रेस इस तानशाही का डटकर मुकाबला करेगी और फासीवादी ताकतों के मंसूबों को सफल नहीं होने देंगे। श्रीनिवास ने कहा कि युवाओं के भविष्य को कुचलने और लोकतंत्र की हत्या करने वाली भाजपा सरकार के खिलाफ आज हजारों युवा संसद घेराव के लिए आज दिल्ली पहुंचे। मोदी सरकार देश के युवाओं के लिए बेरोजगारी की सौगात लाई है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा 141 सांसदों को निलम्बित कर लोकतंत्र को कुचला जा रहा है और बेरोजगारी के चलते युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है।

युवा कांग्रेस नेता ने कहा कि देश की लड़ाई अब युवा लड़ेगा और केंद्र की मोदी सरकार का सत्ता के घमंड को तोड़ेगा। लोकतंत्र की रक्षा और बेरोजगार युवाओं को उनका हक दिलाने के लिए संसद से सड़क तक संघर्ष जारी रहेगा।

# रणदीप भाटी गैंग के दो शार्प शूटर गिरफ्तार

एजेंसी

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की थाना बीटा–2 पुलिस ने कुख्यात रणदीप भाटी गैंग के दो शार्प शूटरों को गिरफ्तार किया है। यह दोनों भाजपा के कार्यकर्ता पर जानलेवा हमला करने के मामले में पिछले एक साल से फरार चल रहे थे।

इन पर 25–25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित था। थाना बीटा–2 पुलिस ने गोपनीय सूचना और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से कुख्यात रणदीप भाटी गैंग के दो शार्प शूटर शिवम और अजय को अल्फा गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से एक पिस्टल, कारतूस, 1 अवैध तमंचा आदि बरामद हुए हैं। यह दोनों गैंगस्टर रणदीप भाटी गैंग के शार्प शूटर हैं।

इनके द्वारा नवम्बर 2022 की शाम को अपने साथियों सुनील उर्फ रोपी, हरीपाल व अश्वनी उर्फ रिन्कू, सचिन व अन्य के साथ मिलकर दो गाड़ियों में सवार होकर गैंगस्टर रणदीप भाटी के कहने पर पीड़ित संचित शर्मा उर्फ सिन्गा पंडित पर लाठी, डन्डों व लोहे की रॉड से जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया था।

इसमें वह बुरी तरह घायल हो गया था। उसको घायल अवस्था में छोडकर यह लोग अपनी–अपनी गाड़ियों से भाग गए थे। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने इस मामले में 6 से 7 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

# अवैध कॉलोनियों और झुग्गियों में अब तीन साल तक नहीं होगी तोड़फोड़

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के 40 लाख लोगों के लिए यह बड़ी राहत की खबर है। दिल्ली की 1,797 झुग्गी–झोपड़ी, क्लस्टर और अनधिकृत कॉलोनियों पर अगले तीन साल तक तोड़फोड़ की कार्रवाई नहीं की जाएगी। लोगों को राहत देने के लिए मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली कानून विशेष प्रावधान विधेयक पर संसद के दोनों सदनों ने सहमति की मुहर लगा दी।

विधेयक मंगलवार को पहले लोकसभा, फिर राज्यसभा ने पारित किया। चर्चा का जवाब देते हुए शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि राजधानी के मास्टर प्लान 2041 को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जब तक रूपरेखा तय नहीं होती, कार्रवाई से सुरक्षा देने की जिम्मेदारी सरकार की है। मास्टर प्लान में अनधिकृत निर्माण क्षेत्र में विकास की रूपरेखा तय की जा रही है। ब्यूरो

विधेयक में अनधिकृत निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की समय सीमा 31 दिसंबर 2023 से बढ़ा कर 31 दिसंबर 2026 तक करने का प्रावधान है। दिल्ली में अनधिकृत निर्माण पर राहत देने का सिलसिला 2006 से जारी है। पहली बार ऐसे निर्माण पर कार्रवाई के लिए एक साल की राहत दी गई थी।

### अनधिकृत कॉलोनियों में सीलिंग से राहत, 40 लाख को फायदा

केंद्र सरकार ने दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को बड़ी राहत दी है। इन कॉलोनियों में रहने वाली करीब 40 लाख की आबादी को सीलिंग या मकान टूटने का खतरा नहीं रहेगा।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली कानून विशेष अधिनियम से सीलिंग से राहत की अवधि तीन साल बढ़ाने से अनधिकृत कॉलोनियों का व्यवस्थित विकास होगा। इस पहल से केंद्र सरकार की जहां झुग्गी वहीं मकान योजना का भी गति मिलेगी। वहीं, लैंड पुलिंग का रास्ता भी साफ होगा।

# गाजियाबाद में भाजपा पार्षद कोरोना संक्रमित

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में भाजपा के पार्षद अमित त्यागी बुधवार को कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। कोरोना के नए वेरिएंट की जांच के लिए उनका सैंपल जिनोम सिक्वेंसिंग के लिए लैब में भेजा जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, करीब 8 महीने बाद कोविड का केस मिला है। स्वास्थ्य विभाग के जिला सर्विलांस अधिकारी डॉक्टर आरके गुप्ता ने बताया, दिल्ली के पश्चिम विहार में ष्टक्रक्रु डायग्नोस्टिक लैब पर जांच हुई थी, जिसकी रिपोर्ट बुधवार को आई है। मरीज को खांसी और सर्दी की शिकायत थी। इसके अलावा वे मधुमेह से भी पीड़ित हैं। जिसके बाद ये जांच कराने के लिए लैब पर आए थे। फिलहाल कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद मरीज को होम आइसोलेट कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया, परिवार में पत्नी, बेटा और मां हैं। इनके सैंपल लिए जा रहे हैं। संपर्क में आने वाले लोगों को भी ट्रैस करके उनकी सैंपलिंग की जा रही है।

# साहित्य पुरस्कार अकादमी 2023 घोषित

नयी दिल्ली। साहित्य अकादमी पुरस्कार,2023 की घोषणा बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में कर दी गयी जिसमें हिंदी के लिए संजीव , अंग्रेजी के लिए नीलम शरण गौर और उर्दू के लिए सादिक़ा नवाब सहर को पुरस्कृत करने की बात कही गयी।

साहित्य अकादमी के सचिव डॉ. के. श्रीनिवासराव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सभी 24 भारतीय भाषाओं के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2023 घोषित किए गए हैं, जिनमें नौ कविता–संग्रह, छह उपन्यास, पांच कहानी–संग्रह, तीन निबंध, तथा एक आलोचना की पुस्तक शामिल हैं।

पुरस्कारों की अनुशंसा 24 भारतीय भाषाओं की निर्णायक समिति ने की है तथा साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में अकादमी के कार्यकारी मंडल की बैठक में इन्हें अनुमोदित किया गया है।

हिंदी के लिए संजीव (मुझे पहचानो, उपन्यास), अंग्रेजी के लिए नीलम शरण गौर (रेक्युम इन रागा जानकी,उपन्यास), पंजाबी के लिए स्वर्णजीत सवी (मन दी चिप, कविता–संग्रह) और उर्दू के लिए सादिक़ा नवाब सहर (राजदेव की अमराई, उपन्यास) को पुरस्कृत करने की घोषणा की गयी।

कविता के लिए कवि विजय वर्मा (डोगरी), विनोद जोशी (गुजराती), मंशूर बनिहाली (कश्मीरी), सोरोख्खैबम गंभिनी (मणिपुरी), आशुतोष परिडा (ओड़िआ), स्वर्णजीत सवी (पंजाबी), गजेसिंह राजपुरोहित (राजस्थानी), अरुण रंजन मिश्र (संस्कृत), विनोद आसुदानी (सिंधी) हैं।

उपन्यास के पुरस्कृत लेखक स्वपनमय चक्रबर्ती (बाङ्ला), कृष्णात खोत (मराठी), राजशेखरन (देवीभारती) (तमिल) है।

कहानी के लिए प्रणवज्योति डेका (असमिया), नंदेश्वर दैमारि (बोडो), प्रकाश एस. पर्येकार (कोंकणी), तारासीन बासकी (संताली) और टी. पतंजलि शास्त्री (तेलुगु) शामिल है। निबंध के लिए लेखक लक्ष्मीशा तोल्पडि (कन्नड), बासुकीनाथ झा (मैथिली), युद्धवीर राणा (नेपाली) है और आलोचना के लिए ई.वी. रामकृष्णन (मलयालम) का चयन किया गया है।

श्रीनिवासराव ने कहा कि सभी साहित्यकारों को पुरस्कार स्वरूप एक उत्कीर्ण ताम्रफलक, शॉल और एक लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। पुरस्कार अर्पण समारोह अगले साल 12 मार्च को होगा।

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि इन पुस्तकों को संबंधित भाषा के त्रि–सदस्यीय निर्णायक मंडल ने निर्धारित चयन–प्रक्रिया का पालन करते हुए पुरस्कार के लिए चुना है। नियमानुसार कार्यकारी मंडल ने निर्णायकों के बहुमत अथवा सर्वसम्मति के आधार पर चयनित पुस्तकों के लिए पुरस्कारों की घोषणा की है।

ये पुरस्कार, पुरस्कार–वर्ष से पिछले पाँच वर्ष यानी, एक जनवरी 2017 से 31 दिसंबर 2021 के दौरान पहली बार प्रकाशित पुस्तकों पर दिए गए हैं।

# अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए डीयू और एसआरआई के बीच हुआ एमओयू

## संसाधनों के व्यापक इस्तेमाल के लिए संस्थानों का एक मंच पर आना जरूरी : प्रो. योगेश सिंह

नई दिल्ली। अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय और श्रीराम इंस्टीट्यूट फॉर इंडस्ट्रियल रिसर्च (श्रीराम साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च फाउंडेशन की एक इकाई) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित हुआ। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यायल के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि आज के बदलते दौर में संस्थानों को संसाधनों के व्यापक इस्तेमाल के लिए एक मंच पर आना जरूरी है। संसाधनों और विशेषज्ञताओं के आदान–प्रदान से उनका प्रयोग व्यापक लाभ के लिए हो सकता है।



इस एमओयू पर डीयू की ओर से कुलसचिव डॉ. विकास गुप्ता प्रथम पक्ष और एसआरआई के ओर से वहाँ के निदेशक ने द्वितीय पक्ष के रूप में अधिकृत प्रतिनिधियों के तौर पर हस्ताक्षर किए। यह एमओयू प्रारंभ में पांच वर्षों की अवधि के लिए लागू रहेगा और बाद में लिखित रूप में दोनों पक्षों की आपसी सहमति से इसे नवीनीकृत किया जा सकता है। इस एमओयू के तहत डीयू और एसआरआई ने साझा सुविधाओं और विशेषज्ञता के क्षेत्रों में अनुसंधान परियोजनाओं, प्रशिक्षणों, कार्यशालाओं/सम्मेलनों सहित संयुक्त गतिविधियों के लिए सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की है। इसके तहत दोनों संस्थान एक–दूसरे के संस्थान में उपलब्ध सुविधाओं और विशेषज्ञता को साझा कर सकेंगे।

इस समझौता ज्ञापन के तहत एसआरआई के विशेषज्ञ और वैज्ञानिक कर्मचारी दिल्ली विश्वविद्यालय का दौरा कर सकेंगे और पारस्परिक रूप से डीयू के शिक्षक, विद्यार्थी और शोधकर्ता एसआरआई का दौरा कर सकेंगे, जिससे दोनों संस्थानों के बीच सुविधाओं और विशेषज्ञताओं को साझा करने के लिए सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। इसके तहत दोनों संस्थान सहयोगात्मक अनुसंधान परियोजनाएं शुरू कर सकते हैं। एसआरआई और डीयू संयुक्त रूप से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के लिए अन्य सहयोगी परियोजनाओं या असाइनमेंट के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। एसआरआई के रिसर्च स्कॉलर/वैज्ञानिक पीएचडी के लिए डीयू में पंजीकरण करवा सकते हैं। पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों के अनुसार डीयू के संबंधित विभाग के एक संकाय सदस्य और एसआरआई के एक अन्य संकाय सदस्य को पर्यवेक्षक के रूप में रखा जाएगा। वहीं एसआरआई के वैज्ञानिक डीयू के विद्यार्थियों के लिए पीएचडी गाइड भी बन सकते हैं।

इस एमओयू के तहत डीयू और एसआरआई आपसी लाभ के लिए संयुक्त रूप से कार्यशाला/सेमिनार आयोजित कर सकते हैं और किसी भी पक्ष के अनुरोध पर संबंधित वैज्ञानिक/संकाय द्वारा विशेषज्ञता के क्षेत्रों में एक–दूसरे के संस्थानों के विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों और वैज्ञानिकों को अल्पकालिक प्रशिक्षण प्रदान कर सकते हैं।

# हादसे में मरने वाली महिला के परिजनों को मिलेगा मुआवजा

नई दिल्ली। इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन पर ट्रेन के दरवाजे में साड़ी फंसने से रीना नाम की महिला की मौत के मामले डीएमआरसी ने मुआवजा देने का एलान कर दिया है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने कहा कि महिला यात्री के परिजनों को 15 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने कहा कि दिल्ली मेट्रो महिला यात्री के परिजनों को 15 लाख रुपये का मुआवजा देने जा रही है। जिनकी पिछले सप्ताह दिल्ली मेट्रो नेटवर्क की रेड लाइन पर इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन पर एक हादसे में मौत हो गई थी। मेट्रो रेलवे (दावे की प्रक्रिया) नियम, 2017 के मुताबिक, मृतक के परिजनों को पांच लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। इसके अलावा, मृतक के बच्चों को मानवीय सहायता के रूप में 10 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि दी जाएगी। दोनों बच्चे नाबालिग हैं, इसलिए डीएमआरसी वर्तमान में कानूनी उत्तराधिकारी को राशि सौंपने के कानूनी तौर–तरीकों को सुलझाने में लगा हुआ है। इसके अलावा डीएमआरसी दोनों बच्चों की पढ़ाई का भी ख्याल रखेगी।

डीएमआरसी ने आगे कहा कि सभी आवश्यकताओं को शीघ्रता से पूरा करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम को तैनात किया गया है। माननीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने यह भी निर्देश दिया है कि बच्चों की देखभाल और शिक्षा दिल्ली मेट्रो प्रबंधन द्वारा सुनिश्चित की जाए। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह ने दिल्ली मेट्रो में हुई घटना पर दुख जाता है।

### ऐसे हुई थी घटना

पूरा वाकया बृहस्पतिवार दोपहर करीब एक बजे का है। जब इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन पर बृहस्पतिवार दोपहर एक महिला की साड़ी मेट्रो के गेट में फंस गई। इसी दौरान ट्रेन आगे चल पड़ी। इससे महिला काफी दूर तक प्लेटफार्म पर घिसटती रही। इसे देखकर यात्री चिल्लाते रहे, लेकिन मेट्रो नहीं रूकी। प्लेटफार्म के अंतिम छोर पर लगे गेट से टकराने से महिला ट्रैक पर जा गिरी।

## जगदीप धनखड़ की मिमिक्री संवैधानिक संस्थाओं और लोकतंत्र का अपमान है : दयानंद वत्स भारतीय



नई दिल्ली। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले के पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी रहे दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण पंचायत महासंघ के अध्यक्ष दयानंद वत्स भारतीय ने भारत के उप–राष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति माननीय श्री जगदीप धनखड़ जी की संसद परिसर में मिमिक्री करने वाले सांसद कल्याण बनर्जी के आचरण को देश की संवैधानिक संस्थाओं और लोकतंत्र का अपमा बताते हुए उनके इस कृत्य की निंदा की है। वत्स ने कहा कि बड़ी संख्या में मिमिक्री का आनंद उठाने वाले और वीडियो बनाने वाले हमारे माननीय सांसदों का यह व्यवहार देश की जनता को अच्छा नहीं लगा है। वत्स ने कहा कि श्री जगदीप धनखड़ अत्यंत विनम्र स्वभाव के धनी राज्यसभा के सभापति हैं जो सभी का सम्मान करते हैं। ऐसे व्यक्ति की मिमिक्री करना और उसको देखकर आनंदित होना दुर्भाग्यपूर्ण है। इन सांसदों को यह नहीं भूलना चाहिए कि श्री जगदीप धनखड़ जी भी एक इंसान हैं और उन्हें भी सांसदों के ऐसे अशोभनीय व्यवहार से गहरा आघात लगा है। श्री धनखड़ ने यह कहा है कि मैं अपना अपमान सहन लूंगा पर राष्ट्रपति प द की गरिमा को अपमानित नहीं करने दूंगा। यह बहुत बड़ी बात है। वत्स ने कहा कि देश की 140करोड जनता ने सांसदों का यह अशोभनीय व्यवहार लाइव टीवी पर देखा है। देश की जनता भी ऐसे सांसदों को चुनने पर अफसोस कर रही है। ऐसे सभी सांसदों को 2024के चुनावों में देश की जनता सबक सिखाएगी। यह उनका नहीं बल्कि देश के करोड़ों किसानों का अपमान है। गांव देहात के लोगों का अपमान है। दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण पंचायत महासंघ इस कुकृत्य की कड़ी निंदा की है।

# मेवाड़ में 'मौजूदा दौर में महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की प्रासंगिकता' विषय पर विचार संगोष्ठी आयोजित

## गांधी के ग्राम स्वराज से ही होगा देश का विकास : प्रो. अरुण कुमार

गाजियाबाद। सुविख्यात अर्थशास्त्री प्रोफेसर अरुण कुमार ने कहा कि कालेधन की अर्थव्यवस्था से देश के हालात अच्छे नहीं हैं। इससे विकास कम तो हो ही रहा है निवेश पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। तमाम नीतियां फेल हो रही हैं। इन सभी समस्याओं का हल आज गांधी की ग्राम स्वराज की विचारधारा में है, जिसे अपनाने की बहुत जरूरत है। प्रभाष परम्परा न्यास और मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की ओर से आयोजित विचार संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता प्रो. अरुण कुमार ने ये विचार व्यक्त किये। वह 'मौजूदा दौर में महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की प्रासंगिकता' विषय पर बोल रहे थे।





उन्होंने कहा कि आज देश में डिजिटल तकनीक आ जाने से काम तो बढ़ा है लेकिन बेरोजगारी भी बढ़ी है। मैन पॉवर कम हो गई है, ऑनलाइन का चलन शुरू हो गया है। विशेष तौर पर आज युवा और महिलाओं को काम कम मिल पा रहा है। कारण, संगठित क्षेत्र में तकनीक का तेजी के साथ बढ़ना। जबकि देश में असंगठित क्षेत्र में काम बढ़ना चाहिए। जब तक असंठित क्षेत्र मजबूत नहीं होता तब तक हम बेरोजगारी से पार नहीं पा सकते। आज संगठित क्षेत्र में 80 प्रतिशत निवेश हो रहा है जबकि असंगठित क्षेत्र में 20 प्रतिशत ही निवेश हो रहा है। इसका उल्टा होना वाहिए। इसके लिए हमें गांवों की ओर लौटना होगा। कुटीर और मध्यम दर्जे के उद्योगों को बढ़ावा देना होगा। महात्मा गांधी ने भी गांवों के विकास की बात कही है। जिसे आज अपनाना बहुत जरूरी है। बाजार और तकनीक हमें शॉर्ट टर्म की ओर ले जा रहा है। हमें लांग टर्म चलना चाहिए। आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस और सोशल मीडिया हमें शॉर्ट टर्म की ओर ले जा रहा है। हम शॉर्ट टर्म वाले हो गये हैं। इस कारण हमारा विकास बाधित हो रहा है। इससे प्रजातंत्र पर विपरीत असर पड़ रहा है। हमारे अर्थशास्त्र पर असर पड़ रहा है। हमें क्रिटिकल नॉलेज और क्रिटिकल थ्रिंकिंग की जरूरत है। हमें सभ्य बनना है तो गांधी जी के बताये रास्ते पर चलना ही होगा।

मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने कहा कि आज हमारी अर्थव्यवस्था का नियंत्रण हमारी सरकार और जनता के हाथ में नहीं है।

## संपादकीय

# बैंक खातों में सेंधमारी एक गहरी समस्या

दूरसंचार सेवा के क्षेत्र में जिस तेजी से अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, उसी तेजी से इसके दुरुपयोग के खतरे भी बढ़े हैं। सरकार डिजिटल अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने की कोशिश कर रही है, मगर इसमें व्यक्तिगत डेटा की चोरी, बैंक खातों में सेंधमारी, लोगों की निजता में खलल आदि की प्रवृत्ति बहुत तेजी से बढ़ी है। इस पर नकेल कसने के लिए संचार विभाग चौकसी के इंतजाम कर रहा है।

बैंकों और दूरसंचार कंपनियों को भी अधिक जवाबदेह बनाया जा रहा है। मगर इंटरनेट के माध्यम से सूचनाएं भेजने, संवाद करने आदि के मामले में निजता का हनन रोकना जटिल ही बना हुआ है। ऐसे में सरकार ने एक सौ अड़तीस साल पुराने भारतीय टेलीग्राफ अधिनयम में बदलाव कर व्यावहारिक दूरसंचार विधेयक लाने का मन बनाया है। इससे संबंधित प्रस्ताव लोकसभा में पेश किया जा चुका है।

बैंक खातों में सेंधमारी एक चिंता जनक समस्या है जो भारतीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रही है। इस लेख में, हम इस समस्या के कारणों, प्रभावों, और समाधान की दिशा में विचार करेंगे।

**साइबर अपराध :** बैंक खातों में सेंधमारी का मुख्य कारण साइबर अपराध है, जिसमें ऑनलाइन धन चोरी के लिए अनधिकृत पहुंच होती है।

**फिशिंग अटैक्स :** फिशिंग अटैक्स के जरिए धन चोरी करने का प्रयास किया जाता है, जिसमें व्यक्तिगत जानकारी की गणना की जाती है।

**आर्थिक हानि :** बैंक खातों में सेंधमारी से उन व्यक्तियों को आर्थिक हानि होती है जिनका धन चोरी होता है।

**भ्रष्टाचार :** सेंधमारी का बढ़ता प्रकार भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा देता है, क्योंकि यह आर्थिक प्रणाली को अव्यवस्थित बना देता है।

**साइबर सुरक्षा :** व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के लिए बैंकों को साइबर सुरक्षा में और बेहतरीन बढ़ोतरी करना आवश्यक है।

**जागरूकता :** लोगों को साइबर जोखिमों के बारे में जागरूक करना और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार के लिए जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है।

**सशक्त नियामक :** सरकार को एक सशक्त नियामक की आवश्यकता है जो साइबर अपराधों को रोकने और दंडित करने में सक्षम हो।

**तकनीकी उन्नति :** तकनीकी उन्नति के माध्यम से बैंकों को अपनी सुरक्षा प्रणाली में और भी मजबूती बढ़ाने की जरूरत है।

बैंक खातों में सेंधमारी एक गंभीर समस्या है जो व्यक्तिगत और आर्थिक सुरक्षा को प्रभावित करती है। इस समस्या का समाधान सकारात्मक नीतियों, साइबर सुरक्षा में सुधार, और लोगों की जागरूकता के माध्यम से ही संभव है।



# कोरोना का नया सब- वेरिएंट

कोरोना की दो बड़ी लहरों ने देश में जितने बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान पहुंचाया, उसके अनुभवों से अब सरकार किसी भी तरह का जोखिम लेने को तैयार नहीं है।

एक बार फिर कोरोना विषाणु के पांव पसारने की आशंका गहराने लगी है। पिछले कुछ दिनों में कोरोना के मामलों में एकदम से उछाल दर्ज हुआ। एक दिन में एक सौ चालीस से अधिक मामले पाए गए। फिर कोरोना के नए बहुरूप जेएन.1 से संक्रमित एक व्यक्ति की केरल में पहचान हो गई। उसके बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय सतर्क हो गया है।

मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों को पत्र लिख कर इससे सावधान रहने को कहा है। तमिलनाडु और केरल सरकार ने लोगों को कोरोनोचित एहतियाती उपाय बरतने का निर्देश जारी कर दिया है। दरअसल, कोरोना की दो बड़ी लहरों ने देश में जितने बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान पहुंचाया, उसके अनुभवों से अब सरकार किसी भी तरह का जोखिम लेने को तैयार नहीं है।

यह अच्छी बात है कि शुरुआती मामला सामने आने के तुरंत बाद सरकारें सतर्क हो गई हैं और लोगों को भी जागरूक रहने को प्रेरित कर रही हैं। कोरोना के शुरुआती मामले केरल से ही फैले थे, जो देश भर में तबाही का कारण बने। हालांकि अभी उसके नए बहुरूप के प्रभाव इतने खतरनाक नहीं हैं कि उसे लेकर बहुत घबराने की जरूरत है, मगर मामूली लापरवाही भी महामारी का रूप ले सकती है।

बड़ी मुश्किल से कोरोना के फैलाव पर काबू पाया जा सका था। देश भर में टीकाकरण और सख्त नियमों के जरिए लोगों को सुरक्षित किया जा सका। मगर चिकित्सा विज्ञानियों का कहना था कि कोरोना विषाणु सदा के लिए समाप्त नहीं हो सकता। यह रूप बदल-बदल कर हमारे बीच में ही उपस्थित रहेगा और हमें अब इसके साथ ही जीने की आदत डालनी होगी। यानी महामारी की छाया बनी हुई है।

दरअसल, कोई भी विषाणु पूरी तरह समाप्त नहीं होता, वातावरण, मौसम आदि के मुताबिक अपना रूप बदल लिया करता है। उससे पार पाने के लिए प्रतिरोधक क्षमता विकसित करनी पड़ती है। पहले भी प्रतिरोधक टीकों के जरिए ही अनेक महामारी फैलाने वाले विषाणुओं पर काबू पाने में कामयाबी पाई जा सकी है। कोरोना के टीकों का भी निस्संदेह प्रभाव देखा गया।

मगर इन टीकों से शरीर में पैदा होने वाली प्रतिरोधक क्षमता स्थायी नहीं बताई जाती है। फिर, इनका बार-बार उपयोग भी सुरक्षित नहीं माना जाता। ऐसे में लोगों से अपेक्षा की जाती है कि वे खुद नाक-मुंह ढंकने, हाथ धोने जैसे एहतियाती उपाय अपना कर और अपनी दिनचर्या, खानपान की आदतों आदि में बदलाव करके सुरक्षित रहने का प्रयास करें।

मगर भारत जैसे देश में, जहां बहुत सारे इलाकों में भीड़भाड़ अधिक रहती है, लोगों में साफ-सफाई को लेकर जागरूकता कम है, खांसी-जुकाम जैसी शिकायतों में प्राय- अनदेखी और देसी उपचार पर अधिक भरोसा देखा जाता है, वहां किसी भी तरह की लापरवाही कोरोना जैसे विषाणु को पांव पसारने का मौका देती है। इसलिए केंद्र और राज्य सरकारों की चिंता वाजिब है।

हालांकि अब भी बहुत सारी राज्य सरकारें इसे लेकर गंभीर नजर नहीं आतीं। हमारे यहां स्वास्थ्य सेवाओं का आलम यह है कि जांच आदि की माकूल व्यवस्था न होने से बहुत सारे रोगों की समय पर पहचान नहीं हो पाती। बहुत सारे लोगों ने मान लिया है कि कोरोना का संकट अब सदा के लिए टल गया है। इसलिए इससे संबंधी जांचें कराने की जरूरत नहीं समझी जाती। ऐसे में सरकारों को खुद भी सतर्क रहना और लोगों में इसके प्रति निरंतर जागरूकता पैदा करते रहना आवश्यक है।

# कोरोना वेरिएंट जेएन.1 - हो जाएं सावधान, नहीं तो चली जाएगी जान



भारत में कोरोना के नए वेरिएंट जेएन.1 ने पांव पसारना शुरू किया - घबराने कि नहीं सावधानी रखने की जरूरत - एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां ने कोविड - 19 का जबरदस्त दंश झेला है, जिसके कारण अब कोरोना का नाम सुनते ही भयानक मंजर याद आ जाता है, परंतु कोरोना ने अभी तक पीछा नहीं छोड़ा है, अपने भिन्न-भिन्न वेरिएंट के जरिए सामने आ रहा है। पिछले दो सालों से इसके अनेक वेरिएंट आ चुके हैं जिसके कारण समय समय पर दुनियां सहित भारत की सरकारों ने अपने-अपने स्तर पर गाइडलाइंस दिशानिर्देश भी जारी करते रहे हैं। इसी कड़ी में अभी फिर एक बार एक नया वेरिएंट जेएन.1 का संक्रमण अब पूरी दुनियां के अनेक देशों में फैलता जा रहा है अब तक अमेरिका सिंगापुर यूरोप सहित करीब 38 देश में इसने पांव पसार दिए हैं। वहीं भारत में केरल से एक महिला इस वेरिएंट में पॉजिटिव होने की बात सामने आई है जो तेजी से संक्रमित होने के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। जो पहला मामला 8 दिसंबर 2023 को पहचान लिया गया था, केंद्र के संज्ञान में आते ही सरकार एक्शन मोड में है और राज्यों को एडवाइजरी जारी कर दी गई है, चूंकि दुनियां में फिर कोरोना वेरिएंट जेएन.1 की दहशतछाई हुई है, पड़ोसी राज्य केरल और तमिलनाडु में कोविड-19 मामलों की संख्या में वृद्धि के परिणाम स्वरूप, कर्नाटक में स्वास्थ्य और परिवार कल्याणसेवा आयुक्तालय ने मंगलवार दिनांक 19 दिसंबर 2023 को आशंकाओं के बीच साल के अंत के जश्न के दौरान कई दिशानिर्देशों के साथ एक सलाह जारी की इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत में कोरोना के नए वेरिएंट जेएन.1 ने पांव पसारना शुरू कर दीया घबराने की नहीं सावधानी रखने की जरूरत है।

साथियों बात अगर हम सब वेरिएंट जेएन.1 की करें तो कोरोना वायरस का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन कोरोना वायरस के नए सब वेरिएंट सामने आ रहे हैं हालांकि इस बार जो सब-वेरिएंट म्यूटेट हुआ है, वो बहुत ही खतरनाक और जानलेवा है। अमेरिका, चीन और ब्रिटेन सहित कई देशों में लोग इस नए वेरिएंट के चपेट में आने शुरू हो गए हैं। हैरानी की बात है कि भारत में भी एक मामला सामने आ चुका है। ऐसे में लोगों के भीतर एक बार फिर कोरोना को लेकर डर बैठ गया है। हालांकि एक्सपर्ट ने सलाह दी है कि अगर सावधानी बरती जाए तो इसे फैलने से रोका जा सकता है। विशेषज्ञों ने मीडिया को बताया कि जब तक लोगों में जेएन.1 वेरिएंट के प्रति इम्यून सिस्टम नहीं तैयार होता है, तब तक कोरोना के मामले की बढ़ने की आशंका है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि कोरोना का ये नया वेरिएंट खतरनाक नहीं है लेकिन सर्दी, जुकाम, वायरल में जैसे सावधानियां बरतते हैं और परिवार में एक के होने पर दूसरे लोग इसकी चपेट में न आएं, ऐसे बचाव करते हैं, वैसे करते रहें। हाथों को साबुन से धोएं, भीड़ भाड़ वाली जगहों पर मास्?क पहनें, जो लोग किसी न किसी बीमारी से जूझ रहे हैं, कोमोरबिड हैं, वे मास्?क पहनें औरसार्वजनिक स्?थानों पर कम से कम जाएं। हाल में केरल जैसे कुछ राज्यों में कोरोना के मामलों की संख्या में मामूली वृद्धि हुई है। भारत में कोरोना के सब वैरिएंट जेएन.1 का पहला मामला आठ दिसंबर को केरल में सामने आया था। आगामी त्योहारी मौसम को ध्यान में रखते हुए हमें जरूरी कदम उठाने होंगे। राज्यों से अपील की गई है कि वे केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की कोविड-19 की संशोधित गाइडलाइन का पालन करें और उसका सख्ती से पालन भी कराएं। देश में रविवार को 335 नए कोविड-19 मामले दर्ज हुए हैं। वहीं, एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 1,701 हो गई है। सब वेरिएंट जेएन.1 को लेकर कर्नाटक सरकार ने अलर्ट जारी किया है। 8 दिसंबर को केरल के तिरुवनंतपुरम में मिला संक्रत 79 साल की एक महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। महिला में इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी के हल्के लक्षण थे। हालांकि, महिला ठीक हो गई। संक्रमित महिला ने 25 अक्टूबर को सिंगापुर की यात्रा की थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार भारत में सोमवार को कोरोनावायरस संक्रमण के कुल 127 नए केस दर्ज हुए, जिसमें अकेले केरल से 111 मामले शामिल थे। इसके साथ ही देश में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 1828 हो गई, जिसमें से 1634 केरल में दर्ज हुए हैं। केरल में कल कोरोना से 1 मरीज की मौत भी हुई।

साथियों बात अगर हम केंद्रीय स्वास्थ्य सचिवालय द्वारा राज्यों को जारी गाइडलाइंस की करें तो, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे एक पत्र में जोर दिया कि केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर काम करना होगा। उनके बीच लगातार मामले पर चर्चा होनी चाहिए। साथ मिलकर ही हम कोरोना के मामलों की संख्या कम कर पाए हैं। उन्होंने कहा कि अभी कोरोना गया नहीं है। वायरस का प्रकोप अब भी जारी है। इसलिए इसे लड़ाई की मुहिम हमें जारी रखनी होगी। केंद्र सरकार द्वारा राज्य को जारी एडवाइजरी में कहा है कि, आगामी त्यौहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए, राज्यों को सांस संबंधी स्वच्छता के पालन करने की सलाह दी है। साथ ही राज्यों से कहा है कि बीमारी को फैलने के जोखिम को कम करने के लिए जरूरी पब्लिक हेल्थ के उपाय और दूसरी व्यवस्थाएं को दुरुस्त करें। राज्यों को सलाह दी गई कि वे सभी जिलों में पहले से जारी दिशा निर्देश के अनुसार कोविड -19 टेस्ट करें। साथ ही आरटी पीसीआर और रैपिड एंटीजन टेस्ट की हिस्सेदारी बनाए रखें। उन्होंने राज्यों से मामलों का जल्द पता लगाने के लिए सभी स्वास्थ्य सुविधाओं में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन बीमारी (एसएआरआई) के मामलों की निगरानी और रिपोर्ट पर जोर देने को कहा है। राज्यों को यह भी सलाह दी गई है कि वे सभी जिलों में कोरोना जांच की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

आरटी-पीसीआर और एंटीजन जांच में बैलेंस भी बनाना भी जरूरी है।

साथियों बात अगर हम इस मामले में डब्लूएचओ के बयानों की करें तो, उनके द्वारा इस वेरिएंट को लेकर सावधान किया था इस वॉर्निंग की दो वजहे हैं.द्य। पहली वजह ये है कि इस वेरिएंट में अब तक 40 से ज्यादा म्यूटेशन्स हो चुके हैं, इतनी तेजी से शक्ल बदलने वाला ये कोविड का पहला वेरिएंट कहा जा सकता है। दूसरी वजह ये है कि इस पर वैक्सीन से मिली इम्युनिटी काम नहीं कर रही है।ये वेरिएंट सबसे पहले लक्ज़मबर्ग में मिला जो उत्तर पश्चिमी यूरोप का एक छोटा सा देश है। लेकिन अब इसके शिकार हुए मरीज इंग्लैंड, फ्रांस, आइसलैंड और अमेरिका में भी मिल चुके है।

साथियों बात अगर हम इस वेरिएंट से सावधानी, लक्षणों और सुरागों की करें तो कोविड 19 जेएन.1 वेरिएन्ट- वायरल बुखार से खुद को बचा कर रखें, नए म्यूटेशन को पकड़ना नहीं होगा आसान है, एक्सपर्टस के मुताबिक ये तेजी से फैला है इसलिए सावधान रहना बेहद जरुरी है। डॉक्टर ने कहा, वायरल बुखार की मार झेल रहे भारत में नए म्यूटेशन को पकड़ना आसान नहीं होगा इसलिए सर्दियों की आहट को समझते हुए किसी भी तरह के वायरल बुखार से खुद को बचा कर रखें। वायरल बीमारियों के साथ सबसे बड़ी परेशानी यही है कि वो कभी खत्म नहीं होतीं बल्कि म्यूटेट होकर यानी नई नई शक्ल में वापस आती रहती हैं, जिसे साइंस की भाषा में म्यूटेशन कहा जाता है। जेएन.1 वेरिएंट बाकी को कोरोना से अलग हैं क्या ? कोविड -19 के बहुत सारे वेरिएंट हैं लेकिन इसके लक्षण सामान्य है, सबसे गंभीर बात यह है कि कोविड इंसान के इम्युनिटी पर हमला करती है। इसके बचाव इस प्रकार हैं जिसका पालन करें, सारस-सीओवी 2 के लिए वैक्सीन का टीका जरूर लगवाएं, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन जरूर करें, इन्फ्लूएंजा का वैक्सीन लें, फेफड़ों के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए सर्दी से बचाव के उपाय अवश्य करें।

कोविड के न्यू वेरिएंट के लक्षण- सांस संबंधी परेशानियां हल्का बुखार, खांसी, नाक बंद, गले में खराश, नाक बहना, सिर दर्द, पेट में गड़बड़ी, दस्त। कोविड के नए वेरिएंट से कैसे बचेंइस वेरिएंट में भी वैक्सीन काम आ सकती है। बस याद रखें कि जो वैक्सीन वायरस के स्पाइक प्रोटीन को टारगेट करती हैं, वे जेएन.1 और बीए.2.86 के खिलाफ भी असरदार साबित होनी चाहिए बाहर निकलने से पहले मास्?क जरूर पहनें, सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें, समय समय पर हाथ धोएं। पड़ोसी राज्य केरल और तमिलनाडु में कोविड-19 मामलों की संख्या में वृद्धि के परिणामस्वरूप, कर्नाटक में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण सेवा आयुक्तालय ने मंगलवार को आशंकाओं के बीच साल के अंत के जश्न के दौरान कई दिशानिर्देशों के साथ एक सलाह जारी की।

साथियों बातअगर हम अमेरिका और सिंगापुर में जेएन 1 वेरिएंट की करें तो, गोविड 19 जेएन.1 वेरिंएट- सिंगापुर में जेएन.1 वेरिएंट के ज्यादातर मामले, राज्यों में चल रही है मॉक ड्रिल।79 वर्षीय महिला में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियों के हल्के लक्षण थे और वह कोविड-19 से उबर चुकी है। गौरतलब है कि देश के सभी राज्यों में मॉक ड्रिल चल रही है। गौरतलब है कि सिंगापुर में तीन से नौ दिसंबर तक कोविड-19 के मामले बढ़कर 56,043 हो गए, जो पिछले सप्ताह 32,035 थे। संक्रमण के इन मामलों में अधिकतर मामले जेएन.1 वेरिएंट के हैं। सारस सीओवी 2 का एक नया वेरिएंट पहली बार सितंबर में अमेरिका में पाया गया था और बाद में इस वेरिएंट के 11 वेरिएंट दुनिया के अलग अलग देशों में पाया गया था। 8 दिसंबर के सीडीसी बयान से नवीनतम अपडेट, जेएन.1 में संयुक्त राज्य अमेरिका में अनुमानित 15-29 प्रतिशत शामिल है।यह संयुक्त राज्य अमेरिका में सबसे तेजी से बढ़ने वाला वेरिएंट है।

# बड़े अमीर देशों के ऐशो आराम, शेष देशों का जीना हुआ हराम

संयुक्त राष्ट्र संघ की संस्था आई,पी,सी,सी, की ताजा रिपोर्ताज के अनुसार विश्व के अमीर देश अकेले ही 60त्न से ज्यादा उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार हैं। जबकि इसका उल्टा गरीब देशों का कुल गैस उत्सर्जन का 12 से 14त्न ही है और स्थिति यह है कि विश्व ग्लोबल वार्मिंग की 1.5 डिग्री सेल्सियस से 2 डिग्री सेल्सियस तक ही सीमित करने से कोसों दूर हैं। ग्लोबल वार्मिंग का खतरा वैज्ञानिकों के अनुसार पूरे विश्व में बहुत बढ़ गया है और ऐतिहासिक तौर पर पिछले दो से तीन सौ वर्षों की तुलना की जाए तो बीते कुछ वर्षों में धरती का तापमान आश्चर्यजनक रूप से तीव्र गति से बढ़ गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी के पास ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए कुल मिलाकर 10 से 15 वर्ष ही शेष है। वैज्ञानिकों की यह बातें और रहस्योद्घाटन मानवता को डराने वाला जरूर है पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़े अमीर देशो द्वारा इसके उपायों की जो घोर अनदेखी की जा रही है वह अत्यंत चिंतनीय और चौकाने वाली है। मानवता के लिए अत्यंत खतरनाक भी है। ग्लोबल वार्मिंग न सिर्फ मनुष्य के लिए खतरा है बल्कि जीव-जंतुओं समुद्र मैं पाए जाने वाले जीवो के लिए भी यह अत्यंत विषैला तथा खतरनाक हो सकता है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों के शोध के अनुसार जीवाश्म ईंधन के दशक ने एवं जलने से ग्लोबल वार्मिंग का तापमान तेजी से बढ़ा है एवं पूरी पृथ्वी जीवाश्म ईंधन के जलने से तेजी से धड़क रही है। वैज्ञानिकों की चेतावनी तथा दिए गए प्रमाण के बाद भी अनेक देश जो कार्बन उत्सर्जन के बड़े जिम्मेदार हैं, जीवाश्म ईंधन की इस्तेमाल को कम करने या खत्म करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। जीवाश्म ईंधन की खपत खत्म होने की बात तो दूर है कम करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं, और तो और इसके आसार भी निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रहे हैं।

भारत को छोड़कर अन्य यूरोपीय देशों जिसमें अमेरिका ब्रिटेन के अलावा 32 देशों ने जो कार्बन उत्सर्जन एवं जीवाश्म ईंधन के उपयोग के लिए सर्वाधिक जिम्मेदार हैं, सम्मेलन कर इस पर चिंता जरूर जताई है पर इसमें स्पष्ट तौर पर अमेरिका, ब्रिटेन ,जापान चीन ,रूस की दादागिरी दिखाई देती है,यह छोटे गरीब देशों पर सारी जिम्मेदारी लादने का काम कर रहे हैं ।विश्व के कुल देशों में से लगभग 50 देश ऐसे हैं जो जीवाश्म ईंधन का उपयोग कर पृथ्वी को धधकाने के कार्य का 60त्न तक हिस्सेदारी रखते हैं। लेकिन इन देशों को ग्लोबल वार्मिंग की चिंता की बजाए विकासशील देश एवं गरीब देशों पर पर्यावरण सुरक्षा के नाम पर ग्लोबल वार्मिंग के नाम पर दोषारोपण कर के अपनी इतिश्री कर लेते हैं। ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण चिंतन जितने भी सम्मेलन हुए हैं इसमें बड़े देशों की नीति एवं दादागिरी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। चीन जो सबसे बड़ा कार्बन का उत्सर्जक देश है उसने पर्यावरण पर हुए सम्मेलनों में हिस्सेदारी तो दूर उसकी तरफ ध्यान देना भी उचित नहीं समझा। इंटरनेशनल पॉल्यूशन कंट्रोल कमिटी ने चेतावनी दी है कि धरती के तापमान की वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक रोकने के लिए कार्बन उत्सर्जन में 43 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक कटौती करनी होगी।




# प्रतिबंधित हो मानव बलि लेने वाली अंधविश्वास पूर्ण तंत्र-मंत्र विद्या




निर्मल रानी

भारतवर्ष एक ऐसा अद्भुत देश है जहां 80 करोड़ लोगों को नि:शुल्क अनाज देकर उसी देश के लोगों को यह भी समझा दिया जाता है कि यदि तीसरी पारी में सत्ता हासिल हुई तो देश को विश्व की तीसरी महाशक्ति बना देंगे।

शायद इन्हीं राशन लाभार्थियों के बल पर ? जहाँ चंद्रयान छोड़े जा रहे हों विकास की नित नई गाथायें लिखने के दावे किये जा रहे हों। उसी देश में आज के आधुनिक व वैज्ञानिक दौर में अंधविश्वास व पाखंड से भरी ऐसे अनेक ख़बरें आये दिन सुनाई देती हैं जिन्हें देख पढ़ कर रूह काँप जाती है। इंसान यह सोचने के लिए मजबूर हो जाता है कि धर्म-आस्था व अंधविश्वास के इस घालमेल ने मनुष्य को कितना क्रूर, अमानवीय व हिंसक बना दिया है ? रोज़ कहीं न कहीं गांव-मुहल्ले के बलशाली लोग किसी न किसी ग़रीब परिवार के किसी व्यक्ति को ख़ासकर महिला को चुड़ैल, भूतनी या डायन बता कर उसपर मनमाना अत्याचार करते हैं। किसी की पीट पीटकर हत्या कर दी जाती है तो किसी को रस्सियों या लोहे की ज़ंजीरों से जकड़कर किसी पेड़ से बाँध दिया जाता है। उसे भूखा प्यासा रखकर प्रताड़ित किया जाता है। ऐसी अनेक पीड़िताओं के साथ दुष्कर्म भी किये जाते हैं। ऐसे मामलों में नाममात्र कार्रवाई भी होती है। परन्तु इस देश में जितना न्याय किसी ग़रीब को मिलता है यहां भी उतना ही न्याय किसी पीड़ित व प्रताड़ित व्यक्ति को भी मिलता है अर्थात नाममात्र या बिल्कुल नहीं।

इसी अंधविश्वास की श्रेणी में आती है तांत्रिक विद्या। इस विद्या पर भी धर्म व अन्धविश्वास का जामा चढ़ाकर हमारे देश में जमकर हैवानियत का खेल खेला जा रहा है। इसी की आड़ में बलात्कार, हत्या, धन ऐंठना, ब्लैक मेलिंग आदि न जाने क्या क्या हो रहा है। शत प्रतिशत झूठ व पाखंड पर आधारित तांत्रिक विद्या का इतना बड़ा प्रभाव क्षेत्र है कि प्राय: पढ़े लिखे लोग यहाँ तक कि मंत्री व अधिकारी भी किसी न किसी लालचवश इस जाल में फँस जाते हैं। देश में तमाम ऐसे तांत्रिक हुए हैं जिनकी पहुँच सत्ता के सर्वोच्च शिखर



तक भी रही है। परन्तु चूँकि इस तरह की अंधविश्वास, झूठ व पाखंड पूर्ण विद्याओं को विज्ञान कोई महत्व नहीं देता, इसमें किसी तरह की नाममात्र तार्किकता व तर्कशीलता नहीं होती इसलिये झूठ आधारित इस स्वयंभू विद्या को जड़मूल से समाप्त करने में ही हमारे समाज का भला है। परन्तु बड़े आश्चर्य की बात तो यह है कि चुड़ैल, भूतनी या डायन तथा तांत्रिक विद्या के चक्करों में सदियों से उलझे हमारे देश की सरकारें भी इस नासूर रुपी अन्धविश्वास व पाखण्ड से देश को निजात नहीं दिला सकीं। इसका कारण भी बड़ा रोचक है।

दरअसल सरकारें व इसमें शामिल तमाम शातिर नेता चाहते भी यही हैं कि देश की भोली भाली जनता इन्हीं बे सिर पैर की बातों में उलझी रहे। अंधविश्वास में डूबी रहे। विज्ञान, तर्क और शिक्षा की बात ही न करे। तंत्र मन्त्र और छू मन्तर के बल पर अपनी समस्याओं का समाधान तलाशे। ऐसा करने से अन्धविश्वास को बढ़ाने व संरक्षण देने वाले तमाम निठल्ले लोगों को रोज़गार मिल जाता है। ऐसे लोगों पर धर्म की अफ़ीम का गहरा रंग चढ़ता है। बाद में यही लोग 80 करोड़ लाभार्थियों की श्रेणी में आकर उस सत्ता के एहसानमंद होते हैं जिसने उन्हें मुफ़्त में राशन देने का वादा किया है।

परन्तु सत्ता के इस स्वार्थ और लोगों को अशिक्षित रखने के चलते इस देश में कुछ ऐसी घटनायें भी हो जाती हैं जिससे हमारे देश की न केवल बदनामी होती है बल्कि दुनिया यह भी सोचने के लिये मजबूर हो जाती है कि चंद्रयान छोड़ने वाले देश में आख़िर हो क्या रहा है ? मिसाल के तौर पर गत दिनों कानपुर देहात के घाटम पुर इलाक़े के भदरस गांव की एक क्रूरतम घटना को लेकर एक अदालती फ़ैसला आया जिसने तीन वर्ष पूर्व यानी 14 नवंबर 2020 की भयावह घटना की याद फिर ताज़ा कर दी। दरअसल कानपुर देहात के घाटम पुर इलाक़े के भदरस गांव में 14 नवंबर 2020 को छ: वर्ष की एक मासूम बच्ची का अपहरण कर पहले उसके साथ रेप किया गया फिर उसकी हत्या कर दी गई थी। इतना ही नहीं बल्कि आरोपियों ने वहशीपन की सारी हदें पार करते हुए उसका कलेजा निकालकर रोटी के साथ खाया था। इस वहशीपन का कारण यह था कि किसी तांत्रिक ने एक दम्पति को बेटा पैदा करने के लिये यह उपाय बताया था।

इसी मामले में स्थानीय अदालत ने चार दोषियों को सज़ा सुनाई है। तीन साल तक चली सुनवाई के बाद पिछले दिनों कानपुर देहात के अपर ज़िला जज शमीम रिज़्वी की अदालत ने आरोपी दंपती परशुराम व सुनैना को आजीवन कारावास और 20-20 हज़ार अर्थदंड की सज़ा सुनाई है। वहीं दंपत्ति के भतीजे अंकुल और उसके साथी वीरेन को पूरे जीवन काल का कारावास और 45-45 हज़ार अर्थदंड का लगाया है।

यह इस देश की पहली घटना नहीं है। ऐसे तांत्रिकों के चक्कर में लाखों लोगों की जानें जा चुकी हैं, सामूहिक आत्म हत्याएं तक देश की राजधानी दिल्ली में हो चुकी हैं। परन्तु इन सबके बावजूद तांत्रिकों का व्यवसाय फल फूल रहा है। तांत्रिक विद्या व व्यवसाय का प्रचार करने वाले तमाम पोस्टर हैंडबिल पम्फलेट सार्वजनिक स्थानों, बसों ट्रेन्स पार्कों में यहाँ वहां चिपके देखे जा सकते हैं। इनमें उनके संपर्क नंबर और पता भी होता है। परन्तु सरकार व प्रशासन आँखें मूँद कर झूठ व मक्कारी आधारित इस व्यवसाय को फलते फूलते देखती रहती है। और देखे भी क्यों न ? जब स्वयं सरकार के मंत्री नींबू और हरी मिर्च लटकाकर टोटके करते फिरें, पूजा पाठ दुआ ताबीज़ का सहारा लेकर अवैज्ञानिकता को बढ़ावा देते दिखाई दें तो इसका मक़सद साफ़ है कि ऐसे सभी अंधविश्वासी व पाखंडपूर्ण गतिविधियों को सरकार का संरक्षण हासिल है। और सरकार स्वयं चाहती है कि लोग आज के आधुनिक व वैज्ञानिक दौर में भी अंधविश्वास व पाखंड में उलझे रहें। अन्यथा एक कुशल, प्रगतिशील व वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने वाली सरकार को तो देशवासियों को अंधविश्वास व पाखण्ड से मुक्ति दिलाने व ग़रीबों की जान माल सुरक्षित करने हेतु पूरे देश में तंत्र मन्त्र विद्या और दूसरे सभी ढोंग, झाड़ा, तावीज़, कण्डा आदि तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर देना चाहिए और लोगों को अंधविश्वास से दूर रखना तथा उनमें वैज्ञानिक सोच का संचार करना चाहिये।

## शार्ट न्यूज

### चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की मांग

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को 'भारत रत्न' के सम्मान से नवाजे जाने की मांग की है। पार्टी में व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने इस सिलसिले में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने जीवन पर्यंत शोषितों और और वंचित वर्ग के लोगों की लड़ाई लड़ी है। चौधरी साहब को जब भी अवसर मिला उन्होंने किसानों एवं पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए अपनी पूरी क्षमता से कार्य से किया। अग्रवाल ने पत्र में कहा चौधरी साहब कहते थे कि देश की समृद्धि और खुशहाली का रास्ता गांवों से होकर गुजरता है और इसलिए उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन ग्रामीण भारत के विकास के लिये समर्पित कर दिया। उन्होने कहा कि राजनीतिक कारणों के चलते सरकार लगातार इस बात को नजरअंदाज कर रही है मगर चौधरी साहब के बलिदान को नजरअंदाज करना इस देश की जनता का अपमान हैं। 23 दिसंबर को जब पूरा देश चौधरी चरण सिंहब की जयंती किसान दिवस के रूप मना रहा होगा,ऐसे खास दिन पर सरकार जनता की भावनाओं की कदर करते हुए चौधरी साहब के लिए भारतरत्न की घोषणा कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करे।

### बहराइच में सड़क हादसे में छह छात्रायें घायल

बहराइच। उत्तर प्रदेश में बहराइच ज़िले के कोतवाली मुर्तिहा में मिहीपुरवा-बिछिया मार्ग पर बुधवार को एक तेज रफ़्तार यात्री बस के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी, जिससे पीछे से आ रही एक बोलेरो अनियंत्रित होकर बस में भिड़ गई। इस हादसे में बोलेरो वाहन में बैठी करीब छह छात्राएं घायल हो गई। सभी छात्राएं स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने बहराइच जिला उद्योग कार्यालय जा रही थीं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मिहीपुरवा-बिछिया मार्ग पर बेलछा वन बैरियर के समीप आज सुबह प्राइवेट बस से पीछे से आ रहे बोलेरो वाहन की टक्कर हो गई। बताया जाता है कि बिछिया से बहराइच जा रही प्राइवेट बस के चालक द्वारा तेज रफ्तार बस में अचानक ब्रेक लगाने से पीछे से आ रही बोलेरो अनियंत्रित होकर बस में भिड़ गई। हादसे में बोलेरो वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में बोलेरो चालक समेत उसमें सवार आधा दर्जन छात्राएं घायल हो गईं। दुर्घटना के बाद चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया। बोलेरो से यात्रा कर रहे पवन कुमार ने बताया कि वह सुजौली क्षेत्र के जयश्री पुरवा बड़खडिया के रहने वाले हैं।

### जौनपुर में मुठभेड़ में हत्या का आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले की मुंगराबादशाहपुर व पवारा थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद हत्या के आरोपी को घायलवस्था में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक डा अजय पाल शर्मा ने बुधवार को बताया कि एक सूचना के आधार पर पुलिस ने गोविन्दासपुर पुलिया के पास बीती रात नाकाबंदी की। थोड़ी ही देर में रामनगर मुख्य सड़क से पश्चिम की तरफ खड़न्जा पर सड़क से लगभग 400 मीटर की दूरी पर एक व्यक्ति बाइक से आता हुआ दिखाई दिया जिसे रोक कर कर पूछताछ करने का प्रयास किया तो बदमाश ने पुलिस बल पर फायर कर भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसे पुलिस ने धर दबोचा। उन्होंने बताया कि पूछताछ में उसने अपना नाम अमित कुमार निवासी बोर्रा थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ बताया। पुलिस को उसकी हत्या के मामले में लंबे अरसे से तलाश थी। जामा तलाशी में अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर मय एक खोखा कारतूस फसा हुआ, एक खोखा कारतूस व एक जिन्दा कारतूस, एक चाकू आलाकत्ल व एक मोटर साइकिल बरामद हुई।

### हनुमान मंदिर के पुजारी की हत्या

सीतापुर। सीतापुर में हनुमान मंदिर के पुजारी की हत्या कर दी गई। वह गांव के बाहर बने हनुमान मंदिर के पास रहते थे। ग्रामीणों ने बुधवार सुबह पुलिस को सूचना दी। घरवालों ने पुरानी रंजिश में हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुजारी के घरवालों ने बताया कि अक्सर गांव में विकास कार्यों को लेकर जनसूचना मांगा करते थे। वह आरटीआई कार्यकर्ता भी बन गए थे। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी। ग्राम पंचायत मदारीपुर के मजरा जतरथापुर निवासी विजय दास (52) की मंगलवार देर रात हत्या कर दी गई। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने उनके घर का दरवाजा खुला देखा, तो अंदर गए। वहां उनका शव पड़ा था। इसके बाद गांव वालों ने पुलिस को सूचना दी। क्षेत्राधिकारी और अन्य पुलिस अधिकारियों ने मौके की जांच की। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक विजय दास गांव के बाहर करीब 20 वर्षों से रह रहे थे। वह अपने आवास के पास बने हनुमान मंदिर में पूजा पाठ करते थे।

### गैर इरादतन हत्या में 10 साल की कैद

अलीगढ़। अलीगढ़ के बरला थाना क्षेत्र में 2009 में हुई गैर इरादतन हत्या के मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए सजा सुनाई है। पुलिस की ओर से पेश किए गए साक्ष्यों और गवाहों की गवाही के आधार पर यह सिद्ध हुआ कि दोषी ने मृतक के साथ बुरी तरह से मारपीट की थी। मारपीट के दौरान मृतक के गंभीर चोंटे आई थी और अस्पताल जाते समय उसकी मौत हो गई थी। जिसके बाद पीड़ित के भाई ने बरला थाने में मुकदमा दर्ज कराया था और पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। इसके बाद पुलिस ने मामले में चार्जशीट पेश की थी और मामले का ट्रायल चल रहा था। एडीजे-14 अमित कुमार तिवारी ने दोषी को सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता कृष्ण मुरारी जौहरी ने बताया कि अतरौली निवासी सोरन सिंह पुत्र बाबूलाल ने 29 अक्टूबर 2009 को बरला थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़ित ने बताया था कि उसके भाई घनश्याम उर्फ पप्पू ईंट भट् ?ठे पर मजदूरी करता था। 28 अक्टूबर की रात को उसका भाई भट्ठे पर मानपाल पुत्र राकेश के साथ शराब पी रहा था।

### आजमगढ़ में टॉप टेन का हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले के कंधरापुर थाने की पुलिस ने टॉप टेन के हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर की जिले की पुलिस काफी दिनों से तलाश कर रही थी। हिस्ट्रीशीटर हरिकेश यादव अवैध हथियार लेकर घूमता था। इसकी सूचना लगातार पुलिस को मिल रही थी। इस सूचना पर कंधरापुर थाने की पुलिस अपराधी की तलाश में जुट गई थी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली की एक संदिग्ध देवखरी मोड़ के पास खड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब आरोपी से पूछतॉछ शुरू की तो आरोपी की पहचान हरिकेश यादव के रूप में हुई। आरोपी की तलाशी लेने पर अवैध हथियार और कारतूस भी बरामद किया गया। गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर हरिकेश यादव पर हत्या, हत्या के प्रयास, रेप जैसे 26 गंभीर आपराधिक मुकदमें दर्ज है। पूर्व में भी अभियुक्त जेल जा चुका है। अपराधी हरिकेश यादव की हिस्ट्रीशीट नंबर 35 ए है। आरोपी को न्यायालय भेजा जा रहा है जहां से जेल रवाना किया जाएगा।

### बहराइच में सड़क हादसे में दो की मौत

बहराइच। बहराइच के फखरपुर और कैसरगंज थाना क्षेत्र में सड़क हादसे हो गए। जिसमें पिकअप चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई। जबकि बाइक सवार युवक घायल हो गया। बाइक सवार युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जबकि मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। लखनऊ-बहराइच मार्ग पर कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र में कोनारी डाक बंगले के पास मंगलवार को निजी बस और पिकअप में टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बस एक पेड़ के सहारे खड्डे में पलट गई। हादसे में बस सवार सभी यात्री सुरक्षित बच गए। जबकि पिकअप चालक कानपुर नगर निवासी नरेंद्र राजपूत (50) पुत्र महेंद्र राजपूत घायल हो गए। उसे सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। लेकिन मेडिकल कॉलेज बहराइच में इलाज शुरू होते ही मौत हो गई। वहीं फखरपुर थाना क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने प्राइवेट बस ने बाइक सवार को सुबह नौ बजे टक्कर मार दी। बाइक सवार फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम विजौवा निवासी मोहम्मद पुत्र कमरुद्दीन घायल हो गए।

# सीवर एवं सेप्टिक टैंक की सफाई में एसओपी का किया जाएगा अनुपालन

**स्थानीय निकाय निदेशालय ने सभी नगर आयुक्तों, अधिशासी अधिकारियों और जल संस्थानों के महाप्रबंधकों को लिखा पत्र**

**लखनऊ।** सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई जैसे खतरनाक कार्य में लगे लोगों की सुरक्षा को लेकर योगी सरकार गंभीर है। इसके लेकर सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देशों का प्रदेश में पूर्णत: पालन किया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के स्थानीय निकाय निदेशालय ने सभी नगर आयुक्तों, जलकल एवं जल संस्थान के महाप्रबंधकों एवं समस्त अधिशासी अधिकारियों को पत्र लिखकर सीवर एवं सेप्टिक टैंकों की सफाई में विभाग की ओर से पहले जारी की जा चुकी एसओपी का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि खतरनाक सफाई के दौरान अत्याधुनिक सफाई उपकरणो एवं आवश्यक उपस्करों का उपयोग किए बिना सफाई का कार्य नहीं किया जाएगा। निकाय स्तर पर सीवर, सेप्टिक टैंकों की सफाई के दौरान



किसी भी व्यक्ति से मैनुअल सफाई कार्य नहीं कराया जाना है एवं सफाई कर्मचारियों को समय-समय पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, ताकि किसी प्रकार की जनहानि न हो। उल्लेखनीय है कि 20 अक्टूबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने सीवर एवं सेप्टिक टैंक की सफाई करने वाले कर्मियों की सुरक्षा के संबंध में राज्यों को कड़ा आदेश दिया था। इसमें मैनुअल सफाई नहीं कराने के अलावा दुर्घटना में मृत्यु की स्थिति में 30 लाख रुपए के हर्जाने की भी बात कही गई थी।

### एसओपी के समस्त बिंदुओं का हो अक्षरश: पालन

स्थानीय निकाय निदेशालय के निदेशक डॉ नितिन बंसल द्वारा जारी आदेश के अनुसार सीवर, सेप्टिक टैंकों की सफाई को लेकर पहले भी विभाग द्वारा सभी निकायों को समय-समय पर एसओपी जारी की जाती रही है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में सभी नगर आयुक्तों, अधिशासी अधिकारियों और जल संस्थान के महाप्रबंधकों को निर्देशित किया गया है कि वह अपने निकाय स्तर पर पूर्व में जारी एसओपी के समस्त बिंदुओं का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित कराएं तथा इस संबंध में संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को भी निर्देशित करने का कष्ट करें।

### असुरक्षित सफाई कराना कानूनी अपराध

पूर्व में जारी एसओपी के अनुसार, किसी भी व्यक्ति को सीवर सफाई के लिए सीवर में प्रवेश की अनुमति नहीं है। अत: सीवर सफाई के लिए बिना समुचित सुरक्षा उपायों के सीवर में प्रवेश प्रतिबंधित है। सेप्टिक टैंक, सीवर की नियमित सफाई तथा अनुरक्षण, अधिकतम यंत्रीकरण, निर्धारित नियमों और मानक संचालन प्रक्रिया एवं सुरक्षा उपकरणों के साथ सुनिश्चित किया जाए. असुरक्षित सफाई कराना कानूनी अपराध है। एसओपी के अनुसार, सभी निकायों में सीवर लाइन सफाई एवं सेप्टिक टैंक, पिट की सफाई के लिए आईईसी गतिविधियां संचालित की जाएंगी, जिससे आमजन एवं सफाई कर्मचारियों को जागरूक किया जा सके।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर की मौत

एजेंसी

झांसी। झांसी के नजदीक ओरछा तिगैला के पास एक क्रेशर पर मजदूर की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। वह बिहार का रहने वाला था और करीब दो माह पहले ही मजदूरी करने के लिए यहां आया था। मौत की सूचना मिलने पर परिवार के लोग बिहार से झांसी के लिए रवाना हो गए। शव को मोर्चरी में रखवाया गया है। परिवार के आने के बाद गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

### साथी बोले- सीढ़ियों से गिरने की वजह से जान गई

मृतक का नाम अखिलेश दास (42) पुत्र श्रीरामजी दास था। वह बिहार के वैशाली जिले के बिदूपुर कस्बे का रहने वाला था। करीब दो माह पहले ही वह मजदूरी करने के लिए मध्य प्रदेश के ओरछा थाना क्षेत्र के प्रतापपुरा गांव स्थित एक क्रेशर पर आया था। उसके साथ काम करने वाले गांव के विजय दास और संजीव राय का कहना है कि मंगलवार रात को अखिलेश नशे में था। खाना खाकर वह सोने के लिए चला गया था। इसके बाद वह देर रात एक बजे तक फोन पर अपनी पत्नी से बात करता रहा। बुधवार सुबह जब मजदूर काम पर गए तो उनको अखिलेश बेसुध मिला। तब तुरंत उसे मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने अखिलेश को मृत घोषित कर दिया। विजय दास और संजीव राय का कहना है कि अखिलेश की मौत सीढ़ियों से गिरने की वजह से हुई है।

### परिवार ने पोस्टमार्टम कराने से रोका

मेडिकल चौकी पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। लेकिन परिवार के लोगों ने पोस्टमार्टम कराने से रोक दिया। उनका कहना था कि वे जब झांसी पहुंच जाए, इसके बाद पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। परिवार के लोग बिहार से झांसी के लिए रवाना हो चुके थे। देर रात तक वे झांसी पहुंचेंगे। अखिलेश की एक बेटी और दो बेटा है।

# सांसदों का निलंबन भाजपा की तानाशाही का प्रतीक : सपा

अयोध्या। समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री रामअचल राजभर और लालजी वर्मा ने बुधवार को कहा कि लोकसभा में सांसदों का निलम्बन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की तानाशाही का प्रमाण है।

सपा नेताओं ने यहां सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लोकसभा में सांसदों का निलम्बन भाजपा की तानाशाही मानसिकता का परिचायक है। लोकसभा में सभी सांसदों को बोलने का हक है। देश में लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिये अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर हराने का काम किया जायेगा। इस लक्ष्य को लेकर हम लोग आगे बढ़ रहे हैं। पार्टी ने चुनाव जीतने के लिये कमर कस लिया है। आम जनता के बीच जाकर भाजपा की जनविरोधी नीतियों को बताने का काम करेंगे। देश में महंगाई, भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था और भाजपा के डिक्टेटरशिप के मुद्दे पर चुनाव लड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन तय करेगा कि प्रदेश में किस दल को कितनी सीटें मिलनी हैं। जो सीटें सपा को मिलेगी सपा पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगी और इंडिया का परचम दिल्ली में लहरायेगी। सांसदों के निलम्बन पर सपा नेता ने कहा कि विपक्ष के सांसद जब सदन में जनहित के मुद्दे पर कानून व्यवस्था जैसे सवाल उठाते हैं तो उनका मुँह बंद करने का काम किया जाता है, यह लोकतंत्र व प्रजातंत्र की हत्या है।

# 22 साल की युवती की गला काटकर हत्या

**आम के बाग में फेंकी लाश; गले पर 3 जख्म...खून सूख गया था**

बरेली। बरेली में युवती की गला काटकर हत्या कर दी गई है। लड़की की उम्र 22 साल है। उसने शूट और सलवार पहन रखी थी। बुधवार को कृष्णानगर कॉलोनी से 200 मीटर दूर चरवाहों ने आम के बाग में युवती की लाश देखी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

फिलहाल, पुलिस का कहना है कि युवती का आधा गला कटा था। इसके अलावा गले पर जख्म के 3 निशान थे। खून सूखा हुआ था।

ऐसे में आशंका है कि एक दिन पहले लड़की की कहीं और पर हत्या की गई।



इसके बाद शव को यहां ले आकर फेंका गया है। अभी तक युवती की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### चरवाहों ने देखा युवती का शव

कृष्णा नगर कॉलोनी के पिछले हिस्से की तरफ आम का बाग है। बुधवार सुबह 3-4 बच्चे बकरी चराने पहुंचे थे। शव देखकर बच्चे डर गए। इसके बाद आस-पास के गुजर रहे राहगीरों को इसकी सूचना दी।

थोड़ी देर में भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। फिर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर एसपी सिटी राहुल भाटी फोर्स और फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल की।

### जिस स्थान पर शव मिला, वह सुनसान इलाका है

पुलिस का कहना है कि जिस स्थान पर शव मिला है। वह कैंट क्षेत्र का सुनसान इलाका है।

आसपास किसी गाड़ी के पहिए के निशान भी नहीं मिला है। ऐसे में आशंका है कि कातिल शव को यहां तक पैदल ले आए थे। आस-पास के क्षेत्र में युवती की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### पुलिस कई बिंदुओं पर कर रही जांच

एसपी सिटी राहुल भाटी का कहना है कि जो शव मिला है वहां ब्लड या अन्य कोई निशान नहीं मिले हैं। प्रथम दृष्टा दूसरे स्थान पर हत्या की गई है। कई बिंदुओं पर पुलिस जांच कर रही है। पोस्टमॉर्टम में ही कुछ कारणों का पता चल सकेगा। पहने हुए कपड़े सुरक्षित मिले हैं।

# मां-बेटा और बेटी को ट्रक ने रौंदा

**टक्कर से उछलकर सड़क पर गिरे; फिर ऊपर से गुजरा पहिया; बाइक से मेला देखने जा रहे थे**

मिर्जापुर। मिर्जापुर से बड़ी खबर है। यहां मंगलवार शाम बाइक सवार मां, बेटा और बेटी को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीनों उछलकर सड़क पर गिरे। इसके बाद ट्रक का पहिया तीनों के ऊपर से गुजर गया। हादसे में मां और बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। बेटे ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया।

हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि तीनों मेला देखने जा रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

मृतकों की पहचान रामदुलार (50) और कौशल्या (70) और अनीता (35) के रूप में हुई है। तीनों थाना चुनार के रामपुर सक्तेशगढ़ के रहने वाले थे। दरअसल, राजगढ़ में 3 दिवसीय धनुष यज्ञ मेला लगा है। जिसे देखने के लिए रामदुलार अपनी मां और बहन के साथ जा रहे थे।




जैसे ही वो इन्द्रानगर के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे तीनों 10 फीट उछलकर सड़क पर गिर गए। इसके बाद ट्रक का पहिया तीनों के ऊपर से गुजर गया। जिससे उनकी मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गई।

### मेला देखने ससुराल से मायके आई थी बहन

वहीं रामदुलार गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोग जुट गए। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस से राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रामदुलार घर के इकलौते बेटा थे। वहीं अनीता की शादी सोनभद्र राबर्टसगंज के रघुनाथपुर गांव में हुई थी। वह सोमवार को मेला देखने के लिए मायके आई थी।

### ट्रक चालक की तलाश, जल्द होगा गिरफ्तार

अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ओपी सिंह ने बताया, ट्रक की चपेट आने से दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं बाइक चालक की राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के दौरान मौत हो गई। तीनों शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। ट्रक कब्जे में है। चालक फरार है। उसकी तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### उन्नाव में युवक ने किया सुसाइड

उन्नाव। उन्नाव के माखी थाना क्षेत्र के डीहा गांव के रहने वाले युवक का बुधवार को संदिग्ध हालत में पेड़ पर फंदे से शव लटकता मिला। शव लटकने की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी पर पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और कई बिंदुओं पर जांच शुरू की। डीहा गांव के रहने वाले छेदीलाल का बेटा दिलीप कुमार (45) उर्फ बउवा मंगलवार रात घर से निकला था। देर रात तक वह घर नहीं आया। घर न आने पर बेटे और पत्नी ने काफी देर तक तलाश भी की, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। बुधवार सुबह खेत की ओर जा रहे ग्रामीणों ने नीम के पेड़ पर साड़ी के सहारे शव लटकता देखा तो हड़कंप मच गया। पहचान के बाद ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। मृतक दिलीप के बेटे लवकुश ने पुलिस में तहरीर देकर किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया है। दिलीप के दो बेटे लवकुश और विनोद और एक बेटी लक्ष्मी है। घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# क्रुज पर आज से आम पब्लिक भी कर सकेगी सैर-सपाटा

गोरखपुर। गोरखपुर में रामगढ़ताल में लेक क्वीन क्रूज के साथ सिर्फ सेल्फी नहीं बल्कि उसपर आप सैर-सपाटा भी कर सकेंगे। 15 दिसंबर को इसके शुभारंभ के बाद कल यानी कि गुरुवार से इस क्रूज पर आम पब्लिक भी सैर कर सकेगी। इसके लिए कार्यदायी संस्था की ओर से क्रुज का शेड्यूल और रेट लिस्ट भी जारी कर दी गई है। क्रुज को सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक में कुल 6 शिफ्टों में चलाया जाएगा। एक शिफ्ट का किराया 999 से 1599 रुपए तय किया गया है। वहीं, शनिवार और रविवार को किराए में 100 से 200 रुपए एक्ट्रा चार्ज लिया जाएगा। क्योंकि इन दोनों दिन छुट्टी होने की वजह से पर्यटकों की अधिक भीड़ होगी। टिकट की बुकिंग ऑफलाइन काउंटर से 21 दिसंबर से ही होगी। वहीं, ऑनलाइन बुकिंग इसके पहले ही शुरू कर दी जाएगी। दरअसल, रामगढ़ताल में आकर्षण का केंद्र बने लेक क्वीन क्रूज का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 15 दिसंबर को किया था। इसके बाद से ही क्रूज का आनंद उठाने के लिए बड़ी संख्या में लोग रामगढ़ताल पर पहुंच रहे हैं। लेकिन क्रूज का संचालन न होने के कारण वह जेट्टी पर उसे देख और सेल्फी लेकर ही खुश हो जा रहे हैं। इस दौरान क्रूज संचालक इंटीरियर का काम को पूरा कराने में लगे हुए हैं। क्रूज में इंटीरियर का काम अब लगभग पूरा हो चुका है।

क्रूज संचालक राजन राय ने बताया कि 21 दिसंबर से क्रूज का संचालन आम पब्लिक के लिए शुरू कर दिया जाएगा। इसको लेकर शिफ्ट और किराया तय कर लिया गया है। जल्द ही पोर्टल पर ऑनलाइन बुकिंग शुरू कर दी जाएगी। इसके अलावा मौके पर भी बुक कराने की सुविधा शुरू हो जाएगी। वहीं, जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्द्धन ने बताया कि क्रूज के संचालन को लेकर टिकट की ऑनलाइन बुकिंग का प्रेजेंटेशन देख कर उसे शुरू करने की अनुमति दे दी गई है।

# मुरादाबाद में पत्थरबाजी की घटना में 5 अरेस्ट

मुरादाबाद। मुरादाबाद में दो समुदायों के बीच धर्मस्थल को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने 19 लोगों को नामजद करते हुए 39 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इनमें से 5 को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है।

मुरादाबाद में मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव रौंडा-झौंडा में धार्मिक स्थल पर निर्माण को लेकर दो समुदायों के बीच हुए विवाद की स्थिति अभी सामान्य नहीं हुई है। एक बार फिर मंगलवार को इस मामले में गांव में दोनों समुदायों के बीच काफी विवाद हुआ। यहां दो वर्गों के बीच पत्थरबाजी की एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

सूचना पर पहुंची पुलिस से भी लोग भिड़ गए थे। हालत को काबू करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा था। गांव में अभी भी पुलिस और पीएसी के जवान मुस्तैद हैं। इस मामले में पुलिस ने पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है।

इसमें अब्दुल्ला, तौसीफ, इसरार, फहीम, रईस जेल भेजे गए हैं। क्राइम इंस्पेक्टर सर्वेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि इस मामले में 19 लोगों के विरुद्ध नामजद और 20 के विरुद्ध अज्ञात में एफआईआर दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि गांव में पुलिस फोर्स तैनात है।

ग्रामीणों की हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। साथ ही नामजद अभियुक्त में फरार व्यक्तियों की तलाश की जा रही है। अज्ञात लोगों की पहचान कर उन्हें भी अरेस्ट करने की कार्रवाई की जा रही है।

### कानपुर देहात में दो डंपरों की भिड़ंत, चालक-क्लीनर की मौत

कानपुर देहात। कानपुर देहात के थाना अकबरपुर क्षेत्र के अंतर्गत 2 डंपरों की हुई भिड़ंत हो गई। वहीं, राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल डंपर में फंसे चालक सहित 2 लोगों को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इमरजेंसी ड्यूटी डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मृतक के परिजनों को सूचना दी है। बताते चलें कि अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के बारा जोड़ के पास मौरंग लदे ट्रक में पीछे से एक तेज रफ्तार डंपर जा टकराया। हादसे में डंपर चालक जहांगीरपुर थाना सट्टी कानपुर देहात निवासी ताजुद्दीन और हेल्पर थाना बकेवर जिला इटावा निवासी पारस कुमार की केबिन में फंस गए। वहीं घटना की जानकारी होते ही मौके पर पुलिस पहुंची और तत्काल केबिन से चालक और हेल्पर को बाहर निकाला और जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।

# 6 साल के बच्चे की गला घोंटकर हत्या

**16 घंटे से था लापता, क्रिकेट खेल रहे बच्चों ने प्लॉट में पड़ी देखी लाश**

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद में लापता मासूम बच्चे की 16 घंटे बाद डेडबॉडी बरामद की गई। बच्चे की गले में निशान मिले और रस्सी लपटी हुई मिली है, जिससे ऐसा लग रहा है कि उसकी हत्या गला घोंटकर की गई है।

क्रिकेट खेल रहे बच्चों ने सबसे पहले मासूम की डेडबॉडी देखी। इसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया है। वहीं मासूम हत्या क्यों और किसने की ? इसकी कोई सुराग पुलिस को नहीं मिला है। मामला थाना रामगढ़ क्षेत्र के कश्मीरी गेट का है।

यहां के रहने वाले रशीद का 6 साल का बेटा अबुर्ज उर्फ पन्नू मंगलवार देर शाम करीब नौ बजे घर के बाहर खेल रहा था। इसके बाद वह लापता हो गया। परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन



कहीं कोई जानकारी नहीं हो सकी।

घरवालों के मुताबिक, बच्चे की काफी खोजबीन के बाद भी उसका सुराग न लगने पर वे लोग रामगढ़ थाने पहुंचे। यहां उन्होंने गुमशुदगी की तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बच्चे की तलाश शुरू कर दी।

बुधवार सुबह करीब 10 बजे बच्चे का शव एक खाली प्लाट में पड़ा हुआ मिला।

मैदान में मोहल्ले के कुछ बच्चे क्रिकेट खेलने के लिए गए थे, जिन्होंने एक बच्चे का शव पड़ा हुआ देखा था। घटना की जानकारी होते ही एसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्रा, इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार मौके पर पहुंच गए। बच्चे का शव मिलने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अबुर्ज की मां रोते-बिलखते हुए बेहोश हो जा रही है। मामले के बाद इलाके में सनसनी का माहौल है।

### पिता ने दुश्मनी से किया इनकार

एसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्रा ने बताया कि बच्चे की हत्या की गई है। हत्या के कारण की इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। बच्चे का पिता मजदूरी करता है और उसकी किसी से कोई दुश्मनी भी नहीं है।

इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि कहा जा रहा है कि गला दबाकर बच्चे की हत्या की गई है। उसके कपड़े अस्त-व्यस्त थे। ऐसे में उसके साथ कुछ गलत काम हुआ है, ऐसा शक है।

## शार्ट न्यूज

### श्रीलंका में जारी आर्थिक सुधारों से विश्व बैंक संतुष्ट, 25 करोड़ डॉलर की दूसरी किस्त को मंजूरी

नई दिल्ली। विश्व बैंक ने श्रीलंका में जारी सुधार कार्यक्रम में लगातार संतोषजनक प्रगति का हवाला देते हुए बुधवार को नकदी संकट से जूझ रहे देश को 25 करोड़ डॉलर की दूसरी किस्त जारी करने का एलान कर दिया। विश्व बैंक के इस कदम से देश की अर्थव्यवस्था को स्थिर करने में मदद मिलेगी। विश्व बैंक ने 50 करोड़ डॉलर की बजटीय सहायता का वादा किया था और नकदी संकट से जूझ रहे श्रीलंका को जून में अपनी पहली किस्त जारी की थी। श्रीलंका पर कुल 46.9 अरब डॉलर का विदेशी कर्ज है। विश्व बैंक की विज्ञप्ति की विज्ञप्ति के अनुसार, सुधार कार्यक्रम के साथ सरकार द्वारा की गई निरंतर संतोषजनक प्रगति को ध्यान में रखते हुए श्रीलंका को यह मदद लचीलापन, स्थिरता और आर्थिक बदलाव (रीसेट) विकास नीति संचालन (डीपीओ) के रूप में दी जानी जाने वाली सुविधा के माध्यम से दी गई है। सरकार को बजटीय सहायता प्रदान करने वाले रीसेट डीपीओ को मूल रूप से इस साल जून में मंजूरी दी गई थी। बता दें कि श्रीलंका 2022 में इतिहास के सबसे खराब आर्थिक संकट के दौर से गुजरा जब इसका विदेशी मुद्रा भंडार एक महत्वपूर्ण निचले स्तर पर गिर गया और जनता ईंधन, उर्वरकों और आवश्यक वस्तुओं की कमी का विरोध करने के लिए सड़कों पर उतर आई थी।

### सीजीएसटी से जुड़ा दूसरा संशोधन विधेयक राज्यसभा से पास, किया गया यह बदलाव

नई दिल्ली। केंद्रीय वस्तु और सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2023 जो जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के अध्यक्ष की ऊपरी आयु सीमा को मौजूदा 65 वर्ष से बढ़ाकर 67 वर्ष करता है और 10 वर्ष के अनुभव वाले अधिवक्ताओं को सदस्य बनने के लिए पात्र होने की अनुमति देता है, बुधवार को राज्यसभा से पारित हो गया। राज्यसभा ने सीमा शुल्क या उत्पाद शुल्क लगाने या बढ़ाने से संबंधित विधेयकों में प्रावधानों की सीमित अवधि के लिए तत्काल प्रभाव से प्रावधान करने के लिए करों का अनंतिम संग्रह विधेयक, 2023 पारित किया। यह विधेयक कल 19 दिसम्बर को लोक सभा से पारित किया गया था। विधेयक में न्यायाधिकरण के सदस्यों के लिए न्यूनतम आयु 50 वर्ष तय की गई है। सरकार ने 15 सितंबर को जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण की 31 पीठों को अधिसूचित किया था। हालांकि अन्य न्यायाधिरकरणों की तरह अधिवक्ता इसके सदस्य बनने के पात्र नहीं थे। यह संशोधन कहता है कि अधिवक्ता सदस्य बनने के लिए पात्र हो सकते हैं यदि वह अपीलीय न्यायाधिकरण में अप्रत्यक्ष करों से संबंधित मामलों में मुकदमेबाजी में पर्याप्त अनुभव के साथ दस साल से वकील हैं।

### फॉक्सकॉन ने सेमीकंडक्टर यूनिट स्थापित करने के लिए सरकार को दिया आवेदन

नई दिल्ली। ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक्स बनाने वाली कंपनी फॉक्सकॉन ने देश में सेमीकंडक्टर फैब स्थापित करने के लिए सरकार को आवेदन दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि सरकार ने सेमीकंडक्टर सहित इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा देने, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं और उपकरणों में बड़े निवेश को प्रोत्साहित करने और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई उपाय किए हैं। चंद्रशेखर ने कहा, फॉक्सकॉन ने देश में सेमीकंडक्टर फैब की स्थापना के लिए संशोधित योजना के तहत अपना आवेदन जमा किया है। फॉक्सकॉन के वेदांता समूह के साथ भारत में चिप संयंत्र लगाने के लिए संयुक्त उद्यम से बाहर निकलने के बाद यह जानकारी सामने आई है। संयुक्त उद्यम की गुजरात में करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश से चिप संयंत्र लगाने की योजना थी। चंद्रशेखर ने कहा कि माइक्रोन की पहली सेमीकंडक्टर इकाई को सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के तहत जून 2023 में मंजूरी दी गई थी और इकाई का निर्माण शुरू हो गया है।

### विनिमय बाजार में हस्तक्षेप का फैसला उतार-चढ़ाव रोकने के लिए : रिजर्व बैंक

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देश की विनिमय दर व्यवस्था को 'पुनर्वर्गीकृत' करने के अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के तर्क को खारिज करते हुए कहा कि विदेशी मुद्रा बाजार में लगातार हस्तक्षेप का मकसद अत्यधिक उतार-चढ़ाव को रोकना है। आईएमएफ ने भारतीय अधिकारियों के साथ अनुच्छेद-चार के परामर्श के बाद दिसंबर, 2022 से अक्टूबर, 2023 के बीच की अवधि के लिए विनिमय दर व्यवस्था की स्थिति को 'फ्लोटिंग' से 'स्थिर व्यवस्था' में पुनर्वर्गीकृत किया। आईएमएफ में भारत के कार्यकारी निदेशक केवी सुब्रमण्यन और वरिष्ठ सलाहकार संजय कुमार हंसदा और आनंद सिंह ने विश्लेषण के लिए आईएमएफ द्वारा अपनाई गई चयन की अवधि और देश की विनिमय दर व्यवस्था के पुनर्वर्गीकरण पर भी सवाल उठाया है। उन्होंने रिपोर्ट के साथ संलग्न बयान में कहा, "आईएमएफ के कर्मचारियों द्वारा भारत की विनिमय दर को 'स्थिर व्यवस्था' के रूप में वर्णित करना गलत है और यह वास्तविकता से दूर है। पूर्व की तरह विनिमय दर में लचीलापन बाहरी झटकों से बचाव का पहला माध्यम बना रहेगा। विनिमय बाजार में हस्तक्षेप सिर्फ बाजार में 'अव्यवस्था' को दूर करने के लिए किया गया है। आईएमएफ द्वारा अनुच्छेद चार परामर्श रिपोर्ट किसी देश की वर्तमान और मध्यम अवधि की आर्थिक नीतियों और दृष्टिकोण की समीक्षा करती है।

### स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्टता की ओर बढ़ा पटना

बिहार की राजधानी पटना में एमफाइन ने प्रसिद्ध सरल पैथलैब प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर एक नवीनतम और आधुनिक लैब की शुरुआत की है। इस साझेदारी के साथ ही नारा दिया गया है- अब हर पटनावासी बोलेगा- Mfine! वर्ष 2017 में स्थापित, एमफाइन एक ऑन- डिमांड, डिजिटल हेल्थकेयर प्लेटफॉर्म है जो प्रोफेशनल डायग्नोस्टिक्स और स्वास्थ्य जांच सेवाएं प्रदान करता है। एमफाइन की सेवाओं का लाभ घर से या ऑफिस की व्यस्तता के बीच में भी उठाया जा सकता है। एमफाइन ने आपकी उंगलियों पर फुल-स्टैक ओमनी-चैनल सेवाओं को उपलब्ध कराकर प्राइमरी हैल्थकेयर सेक्टर को फिर से परिभाषित किया है। वहीं, वर्ष 2014 में स्थापित, सरल पैथलैब प्राइवेट लिमिटेड, पटना के निवासियों को उत्कृष्ट डायग्नोस्टिक्स और पैथोलॉजी सेवाएं प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण इकाई के रूप में उभरी है। नौ वर्षों के समर्पित सेवा रिकॉर्ड के साथ, सरल पैथलैब प्राइवेट लिमिटेड ने खुद को पटना में एक विश्वसनीय, उत्कृष्ट और प्रतिष्ठित स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वाली कंपनी की तरह स्थापित किया है। पटना के लिए सुलभ और व्यापक स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व को पहचानते हुए, एमफाइन ने सरल पैथलैब प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। एमफाइन और सरल पैथलैब प्राइवेट लिमिटेड रोगियों के लिए स्वास्थ्य देखभाल अनुभव को और भी बेहतर बनाने का प्रयास करेगा।

### एफसीआरए नियमों के उल्लंघन मामले में पूरक चार्जशीट दाखिल, सीबीआई ने की कार्रवाई

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित एफसीआरए उल्लंघनों के लिए एमनेस्टी इंटरनेशनल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और उसके तत्कालीन कार्यकारी निदेशक आकार पटेल के खिलाफ अपनी जांच के सिलसिले में एक पूरक आरोपपत्र दायर किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने एमनेस्टी इंटरनेशनल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एआईआईपीएल) और पटेल के खिलाफ सात जनवरी, 2022 को यहां एक विशेष अदालत में दर्ज पहली रिपोर्ट के करीब 23 महीने बाद आरोपपत्र दायर किया। अपनी हालिया पूरक रिपोर्ट में एजेंसी ने पटेल, एआईआईपीएल, इंडियंस फॉर एमनेस्टी इंटरनेशनल ट्रस्ट (आईएआईटी), एआईआईपीएल की तत्कालीन निदेशक शोभा मथाई, नंदिनी आनंद बसप्पा, मीनार वासुदेव पिंपले, एआईआईपीएल के संचालन प्रमुख मोहन प्रेमानंद मुंदकुर और इसके अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता राज किशोर कपिल सहित आठ संस्थाओं के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120 बी और विदेशी अभिदाय (विनियमन) अधिनियम, 2010 की धारा 11 (1) 35 और 39(2) के तहत आरोप पत्र दायर किया है।

# ई-वाहनों पर कर रियायत, संसदीय समिति ने सब्सिडी बढ़ाने की सिफारिश की

नयी दिल्ली। संसद की एक समिति ने इलेक्ट्रिक वाहन (ई-वाहन) खरीदने के लिए लिए गए कर्ज़ पर आयकर में छूट की योजना को मार्च 2025 तक बढ़ाने पर विचार करने की सरकार से सिफारिश की है।

समिति ने बैटरी से चलने वाले ई-दुपहिया वाहनों पर सब्सिडी बहाल करने की सिफारिश करते हुए कहा है कि 2030 तक कार्बन उत्सर्जन में कमी करने के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए जरूरी हो तो विद्युत वाहनों की बिक्री में तेजी बनाए रखने के लिए बजट सहायता में वृद्धि की जानी चाहिए।

उद्योग संबंधी संसद की अस्थाई समिति के बुधवार को प्रस्तुत अपने 324 में प्रतिवेदन में समिति ने नोट किया है कि आयकर की धारा 80 ईईबी के अंतर्गत विद्युत वाहन खरीदने के लिए लिए गए कर्ज के भुगतान में 1.5 लख रुपए तक के ब्याज पर कटौती का लाभ मिलता है। यह छूट एक जनवरी 2019 से 31 मार्च 2023 के दौरान अनुमोदित किए गए कर्ज पर ही लागू है। समिति ने इस प्रावधान को कम से कम 31 मार्च 2025 तक बढ़ाने का विचार करने की सिफारिश की है।

प्रतिवेदन में कहा गया है कि ई-दुपहिया वाहनों के मामले में एक जून 2023 से सब्सिडी में कटौती करने से उनकी बिक्री पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

समिति ने कहा है कि फ्रेम दो योजना के तहत धन के पुनः आवंटन और लक्षण के संशोधन के पीछे बजट की कमी एक प्रमुख कारण थी। समिति की सिफारिश है कि परिवहन क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन कम करने की तत्काल आवश्यकता है, इसलिए मंत्रालय को ई-दुपहिया वाहनों पर सब्सिडी पुनः बहाल करनी चाहिए।



राज्यसभा के सदस्य तिरुचि शिवा की अध्यक्षता वाली समिति के इस प्रतिवेदन में यह भी कहा गया है कि शुरू में सरकार ने ए वाहनों को प्रोत्साहित करने की फ्रेम-दो योजना के तहत 55000 विद्युत चलित चौपहिया वाहनों को समर्थन देने का लक्ष्य रखा था, लेकिन इसके लिए रखी गई निधि में यह लक्ष्य घटकर केवल 11000 ई-चौपहिया वाहनों तक सीमित कर दिया गया। समिति की का कहना है कि वाहन क्षेत्र में चार पहिया वाले वाहनों की हिस्सेदारी भी महत्वपूर्ण है इसलिए इन वाहनों पर, वाहन के मूल्यों और बैटरी की क्षमता के आधार पर कुछ शर्तें तय कर के,इस योजना के तहत और अधिक वाहनों पर वित्तीय समर्थन दिया जाना चाहिए।

समिति ने सरकार से ई क्वाड्रासाइकिल को भी सब्सिडी का समर्थन देने पर विचार करने का सुझाव दिया है और कहा है कि इससे कार्बन उत्सर्जन को कम करने के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार सृजन में भी मदद मिल सकती है।

समिति का सुझाव है कि फ्रेम योजना के तहत ई-बस के लिए बजटीय आवंटन में वृद्धि करने के लिए परियोजना शुरू करनी चाहिए ताकि ई-वाहन ऑन पर आधारित सार्वजनिक परिवहन प्रणाली के विकास की योजना को धन की कमी के कारण क्षति न पहुंचे।

समिति ने नोट किया है कि केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के दिशा निर्देशों और परामर्श पर इस समय 19 राज्य और केंद्र शासित क्षेत्र इलेक्ट्रिक वाहनों पर पर कर- छूट और रियातदे रहे हैं। समिति की सिफारिश है कि मंत्रालय को उत्तर प्रदेश बिहार हरियाणा जैसे राज्यों और दूसरे संघ शासित क्षेत्रों को साझा मंच पर लाने के साथ-साथ रोड टैक्स को कम करने तथा विद्युत वाहनों के संबंध में अन्य संभावित रियायतें प्रदान करने का मुद्दा उनसे उठाना चाहिए।

समिति ने इस प्रतिवेदन में ई-वाहनों के लिए चार्जिंग सुविधा में विस्तार किए जाने की सिफारिश की है।

समिति का मानना है कि ज्यादा लोग अभी विद्युत वाहनों को इसलिए नहीं खरीद रहे हैं क्योंकि चार्जिंग अवसंरचना की कमी है और चार्जिंग में समय ज्यादा लगता है। प्रतिवेदन में बैटरी अदला बदली की विश्वसनीय नीति बनाने की सिफारिश भी की गई है। समिति ने ई-वाहनों में लगने वाली लिथियम आयन बैटरी पर जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) की संभावना तलाशने की भी सिफारिश की है।

# कोरोना के बढ़ते मामलों से सहमा बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी में हाहाकार

एजेंसी

मुंबई। देश में कोरोना के ने वेरिएंट से संक्रमण के बढ़ते मामलों के साथ ही ऊंचे भाव पर हुई मुनाफावसूली से आज शेयर बाजार में हाहाकार मच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 930.88 अंक अर्थात् 1.30 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 71 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक अंक से नीचे 70,506.31 अंक रह गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 302.95 अंक यानी 1.41 प्रतिशत का गोता लगाकर 21,150.15 अंक पर आ गया।

मुनाफावसूली का अधिक दबाव बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों पर रहा। इससे मिडकैप 3.12 प्रतिशत लुढ़ककर 35,056.63 अंक और स्मॉलकैप 3.42 प्रतिशत की गिरावट लेकर 40,879.42 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3921 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3177 में भारी बिकवाली



जबकि 658 में लिवाली हुई। इसी तरह निफ्टी की 46 कंपनियां नुकसान जबकि शेष चार लाभ में रही।

विश्लेषकों के अनुसार, देश में कोरोना के नए वेरिएंट जेएन 1 से संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पिछले चौबीस घंटे में 614 संक्रमितों की पहचान हुई है। इससे निवेशक सहमे हुए हैं। साथ ही बाजार के ऊंचे भाव पर निवेशकों ने जमकर मुनाफावसूली की है, जिससे बाजार में इतनी बड़ी गिरावट आई है।

इससे बीएसई के सभी 20 समूहों के शेयर नुकसान में रहे। इस दौरान कमोडिटीज़ 3.51, सीडी 2.55, ऊर्जा 2.18, एफएमसीजी 0.65, वित्तीय सेवाएं 1.58, हेल्थकेयर 2.00, इंडस्ट्रियल्स 2.85, आईटी 1.84, दूरसंचार 4.36, यूटिलिटीज़ 4.65, ऑटो 2.30, बैंकिंग 0.97, कैपिटल गुड्स 2.83, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.51, धातु 3.57, तेल एवं गैस 2.23, पावर 4.33, रियल्टी 2.43, टेक 1.89 और सर्विसेज समूह के शेयर 4.20 प्रतिशत लुढ़क गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.79, जापान का निक्केई 1.37 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.66 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.08 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 1.03 प्रतिशत उतर गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 210 अंक की तेजी के साथ 71,647.66 अंक पर खुला और लिवाली के बल पर थोड़ी देर बाद ही 71,913.07 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुँच गया।

वहीं, कारोबार के अंतिम चरण में हुई भारी बिकवाली के दबाव में यह 70,302.60 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 71,437.19 अंक के मुकाबले 1.30 प्रतिशत का गोता लगाकर 70,506.31 अंक रह गया। इसी तरह निफ्टी भी 90 अंक बढ़कर 21,543.50 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,593.00 अंक के उच्चतम जबकि 21,087.35 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 21,453.10 अंक की तुलना में 1.41 प्रतिशत की गिरावट लेकर 21,150.15 अंक पर रहा।

इस दौरान एचडीएफसी बैंक की 0.19 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर सेंसेक्स की शेष 29 कंपनियां मुनाफावसूली का शिकार हुईं। टाटा स्टील 4.21, एनटीपीसी 3.79, टाटा मोटर्स 3.33, एचसीएल टेक 3.24, महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.04, एसबीआई 2.97, पावरग्रिड 2.86, टेक महिंद्रा 2.68, एलटी 2.25, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.99, बजाज फाइनेंस 1.87, मारुति 1.87, बजाज फिनसर्व 1.72, टाइटन 1.63, भारती एयरटेल 1.57, इंफ़ोसिस 1.37, रिलायंस 1.22, आईटीसी 1.17, आईसीआईसीआई बैंक 0.85, टीसीएस 0.83, एक्सिस बैंक 0.80 और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों ने 0.18 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

# उत्तरप्रदेश में शराब नहीं होंगी महंगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार की नई आबकारी नीति लागू होने के बाद प्रदेश में ना सिर्फ कंट्री मेड शराब की कीमतों में कमी आएगी, बल्कि सरकार के खजाने को भी समृद्ध किया जा सकेगा।

प्रदेश के आबकारी आयुक्त सेंथिल पांडियन सी ने बुधवार को नई आबकारी नीति को स्पष्ट करते हुए कहा कि राज्य में कंट्री मेड शराब की विभिन्न कैटेगरीज को संक्षिप्त करते हुए इन्हें अब केवल चार हिस्सों में बांटा गया है। पहले ये नौ श्रेणियों में होती थीं और इनके दाम भी अलग अलग होते थे। शराब की कीमतों में कमी लाने का सबसे बड़ा कारण यूपी में ग्रेन अल्कोहल को बढ़ावा देने की नीति है। इससे प्रदेश की दूसरे राज्यों पर निर्भरता खत्म हुई है और राजस्व को भी फायदा मिल रहा है। आबकारी आयुक्त ने बताया, सरकार शीरे वाली शराब की जगह ग्रेन (अनाज) वाली शराब को बढ़ावा दे रही है। दुनिया भर में ग्रेन अल्कोहल को सबसे ज्यादा क्वालिटी युक्त माना जाता है। पहले हमें ग्रेन अल्कोहल को पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों से इम्पोर्ट करना पड़ता था, वहीं अब इनका निर्माण प्रदेश में ही हो रहा है। ऐसे में इम्पोर्ट ड्यूटी तो बच ही रही है, जीएसटी में भी कमी आई है, साथ ही लाइसेंस फीस का भी 254 रुपए प्रति बल्क लीटर निर्धारण करने से सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी। इसके अलावा मिनिमम गारंटी कोटा और मिनिमम गारंटी रेवेन्यू में 10 प्रतिशत का इजाफा करने से 2024-25 में 50 हजार करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त करने का लक्ष्य है। बावजूद इसके शराब के रेट में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी, बल्कि ग्रेन अल्कोहल और यूपीएमल की शराब की 42.8 डिग्री वाली मदिरा पहले जहां 90 रुपए की मिलती थी उसके दाम घटकर 85 रुपए हो जाएंगे। वहीं यूपीएमएल की शराब में 36 डिग्री वाली मदिरा नई श्रेणी के रूप में जोड़ी गई है, जिसकी कीमत को 75 रुपए रखी गई है। इसके अलावा शीरे वाली शराब को भी केवल दो कैटेगरी में रखा गया है। इसमें 25 डिग्री की कीमत 50 रुपए और 36 डिग्री की कीमत 70 रुपए रखी गयी है। इनकी दरों में भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। इसके साथ ही पहली बार यूपीएमएल की शराबों को ग्लास के साथ साथ टेट्रा पैक में भी उपलब्ध कराया जाएगा।

# यूपी : 4354.45 मीट्रिक टन मक्का की हुई खरीद

**लखनऊ।** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत मक्का की खरीद जारी है। एक अक्टूबर से अब तक 4354.45 मीट्रिक टन मक्का की खरीद हो चुकी है। योगी सरकार ने किसानों के लिए मक्का का समर्थन मूल्य 2090 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। योगी सरकार के कुशल प्रबंधन और पारदर्शी प्रक्रिया से मक्का किसानों को 897.54 लाख रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है।

### कानपुर संभाग में 2153.50 मीट्रिक टन मक्का की खरीद

कानपुर संभाग में 22 क्रय केंद्रों से 2153.50 मीट्रिक टन और अलीगढ़ संभाग में अब तक 20 क्रय केंद्रों से 687.70 मीट्रिक टन मक्का की खरीद की गई है। लखनऊ में सात क्रय केंद्रों से 535.70 मीट्रिक टन, आगरा में 8 क्रय केंद्रों से 485.35 मीट्रिक टन, मेरठ संभाग में पांच क्रय केंद्रों से 245 मीट्रिक टन और आजमगढ़ में चार क्रय केंद्रों से 169 मीट्रिक टन मक्का की खरीद की जा चुकी है। अन्य संभागों में भी तेजी से मक्का खरीद जारी है।

### किसानों को किया जा चुका 897.54 लाख का भुगतान

केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार निरंतर ही किसानों के विकास पर कार्य कर रही है। किसानों से जुड़ीं अनेक योजनाएं उन्हें सम्मान के साथ स्वावलंबी बनाने की तरफ अग्रसर हैं। सिर्फ मक्का की ही बात करें तो अब तक 897.54 लाख का भुगतान किया जुका है। सर्वाधिक भुगतान कानपुर संभाग के किसानों को किया गया है।

# रिलायंस फाउंडेशन की संगोष्ठी में मिलेट्स के प्रोत्साहन में सहयोग पर बल

नयी दिल्ली। 'अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष' के उपलक्ष्य में रिलायंस फाउंडेशन द्वारा मिलेट्स (ज्वार-बाजरा जैसे अनाज) के प्रोत्साहन के लिए सभी हितधारकों के बीच सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया गया और खाद्य सुरक्षा से लेकर पर्यावरण सुरक्षा तक में मिलेट्स की उपयोगिता को रेखांकित किया गया।

संगोष्ठी में ज्वार-बाजार जैसे अन्न के उत्पादन और उपभोग को प्रोत्साहित करने से संबंधित नीतियों, समस्याओं और उपायों पर चर्चा की गयी।

रिलायंस फाउंडेशन की मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार %शेपिंग पर्सपेक्टिव्स ऑन प्रैक्टिस एंड पॉलिसी फॉर मिलेट्स इन इंडिया% (भारत में श्रीअन्न (मिलेट्स) के चलन और निति के संदर्भ का स्वरूप निर्धारण) शीर्षक इस परिचर्चा सम्मेलन में उद्योग, नीति निर्माण शोध-अनुसंधान और सरकार के प्रतिनिधियों के साथ कृषकों ने भी हिस्सा लिया।

Reliance Foundation

बयान के अनुसार इस चर्चा में सभी हितधारक इस बात पर सहमत दिखे कि खाद्य सुरक्षा, कृषि आजीविका और पोषण में विविधता की चुनौतियों का सामना करने के लिए मिलेट्स (ज्वार-बाजरा जैसे अन्न) पूरी तरह उपयुक्त है। चर्चा में नीति निर्माताओं, किसान प्रतिनिधियों, शोधकर्ताओं और उद्योग प्रतिनिधियों ने अधिक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। इसके साथ ही किसान-केंद्रित प्रयासों को बढ़ाने और भारत की मिलेट नीति की सफलताओं और चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया गया।

सम्मेलन में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की संयुक्त सचिव शुभा ठाकुर ने किसानों के बीच रिलायंस फाउंडेशन के कामों की प्रसंशा की और कहा कि यदि मिलेट को लेकर अभियान को सफल बनाना है तो सभी हितधारकों को साथ आना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए ब्रांडिंग, निर्यात क्षमता को बढ़ाने की आवश्यकता है।

रिलायंस फाउंडेशन के सीईओ जगन्नाथ कुमार ने कहा,यह दशक वैश्विक खाद्य प्रणाली और मिलेट के लिए परिवर्तनकारी रहा है। हम देख रहे हैं कि मोटे अनाजों की मांग में बदलाव हो रहा है और भारत ने आगे बढ़कर इस बदलाव का नेतृत्व किया है। ..रिलायंस फाउंडेशन में, हम मिलेट के साथ भोजन और कृषि प्रणालियों में विविधता लाने के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हैं।

इस अवसर पर,'फोस्टरिंग रेजिलिएंस फॉर सस्टेनेबिलिटी: रिलायंस फाउंडेशन्स मिलेट एक्सपीरियंस' संग्रह का विमोचन किया गया जिसमें विभिन्न राज्यों में मिलेट से उपजे अनुभवों और जानकारियों का दस्तावेजीकरण किया गया है। इसमें किसानों के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज सुलभ बनाना, निरंतर तकनीकी सहायता प्रदान करना, महिला एजेंसियों को सशक्त बनाना और मिलेट के बारे में जागरूकता पैदा करना शामिल है। उल्लेखनीय है कि 2018 में देश ने 'राष्ट्रीय मिलेट वर्ष' मनाया था। इसके साथ ही भारत ने संयुक्त राष्ट्र में %अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष% मनाए जाने का प्रस्ताव रखा था। मार्च 2021 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 75वें सत्र में वर्ष 2023 को 'अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष' घोषित किया गया।

# यूपी को एक ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग देगा पूरा योगदान

लखनऊ। भारतीय प्रत्यक्ष बिक्री संघ (आईडीएसए) ने उत्तर प्रदेश सरकार को आश्वस्त किया है कि देश में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग से जुड़ी कंपनियां राज्य को वर्ष 2027 तक एक खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान करने के लिये तैयार है।

देश में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग क्षेत्र की कम्पनियों की शीर्ष संस्था इंडियन डायरेक्ट सेलिंग एसोसिएशन (आईडीएसए) ने बुधवार को यहां आयोजित एक समारोह में यह घोषणा की। एसोसिएशन ने कहा कि प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग सतही स्तर पर सामाजिक आर्थिक विकास के साथ स्वरोजगार और कौशल विकास के अवसर पैदा करने की अपनी निहित क्षमताओं के आधार पर प्रदेश सरकार के निर्धारित रोडमैप के अनुरूप काम करने को तैयार है। यह उद्योग विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, व्यक्तियों, स्थानीय कारीगरों और छोटे कारोबारियों को बिना बिचौलियों के उपभोक्ताओं से सीधे जुड़ने के लिए एक मंच भी प्रदान करता है जो राज्य सरकार के उक्त लक्ष्य की रूपरेखा के अनुरूप है।

आईडीएसए के अनुसार, वर्ष 2021-22 के आंकड़ों में आधार पर प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग 1926 करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार के साथ उत्तरी राज्यों में लगातार शीर्ष स्थान पर तथा राष्ट्रीय स्तर पर महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के बाद तीसरे सबसे बड़े बाजार के पायदान पर है। उद्योग ने राज्य में 17.1 लाख से अधिक लोगों को स्वरोजगार और आजीविका के अवसर प्रदान किये हैं जिनमें 7.5 लाख से अधिक महिलाएं हैं।

आईडीएसए के अध्यक्ष विवेक कटोच ने कहा कि राज्य में प्रत्यक्ष बिकी कारोबार आठ प्रतिशत से अधिक की सालाना विकास दर से बढ़ रहा है तथा इस आधार पर चालू वित्त वर्ष में इसके 2300 करोड़ रुपये को पार करने जाने के प्रबल आसार हैं। उद्योग जहां करों के माध्यम से राज्य के खजाने में लगभग 290 करोड़ रुपये से अधिक का योगदान करता है वहीं जबकि 19,030 करोड़ रूपये के कुल राष्ट्रीय प्रत्यक्ष बिक्री में इसकी हिस्सेदारी 10 फीसदी से अधिक है।

समारोह में उपस्थित उत्तर प्रदेश के उपभोक्ता मामलों के विभाग के मंत्री आशीष पटेल ने अपने सम्बोधन में देश और राज्य के विकास में उद्योग के सतत योगदान की सराहना की। उन्होंने उद्योग को राज्य में अपनी उत्पादन इकाईयां और भंडारण सुविधाएं स्थापित करने में अधिकाधिक निवेश के लिए आमंत्रित किया और राज्य सरकार की ओर से इसमें हरसम्भव सहयोग मुहैया कराने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने आईडीएसए को यह भी आश्वासन दिया कि राज्य सरकार उपभोक्ता संरक्षण (प्रत्यक्ष बिक्री) नियम 2021 में परिकल्पित निगरानी समिति के गठन की प्रक्रिया में तेजी लाएगी।

कटोच ने देश में प्रत्यक्ष बिक्री परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुये कहा उत्तर प्रदेश प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग के लिये प्रमुख और प्राथमिकता वाले बाजारों में से एक है।

आठ प्रतिशत से अधिक की विकास दर स्पष्ट रूप से यह दर्शाती है कि राज्य में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग नये आयाम छूने के लिये तेयार है और इसमें प्रत्यक्ष विक्रेताओं की अथक मेहनत की पुष्टि भी होती है।

### आर्थिक मोर्चे पर मिल रहे मजबूत संकेत

लोकसभा चुनाव की तैयारियों में तेजी आ चुकी है और इसके साथ ही विपक्ष ने केंद्र सरकार पर हमले भी तेज कर दिए हैं। विपक्ष की ओर से सरकार पर सबसे बड़ा हमला उसकी आर्थिक नीतियों को लेकर है। विपक्ष का आरोप है कि बेरोजगारी बढ़ रही है, अर्थव्यवस्था कमजोर हो रही है और लोगों की आर्थिक क्षमता घट रही है। लेकिन विपक्ष के इन दावों के उलट आईएमएफ आने वाले वर्षों में भारत की विकास दर छह फीसदी से अधिक होने का अनुमान लगा रहा है। साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि दुनिया की अर्थव्यवस्था की कुल वृद्धि में अकेले भारत की हिस्सेदारी 16 फीसदी के करीब रह सकती है। जीएसटी कर संग्रह में भी लगातार वृद्धि होने से देश की अर्थव्यवस्था के बेहतर होने का संकेत मिल रहा है। ऐसे में बड़ा प्रश्न है कि विपक्ष के केंद्र सरकार की नीतियों पर हमला कितना जमीनी है और लोकसभा चुनाव में इसका क्या असर पड़ सकता है? आर्थिक मामलों के जानकार और भाजपा नेता विष्णु मित्तल ने अमर उजाला से कहा कि मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों पर विपक्ष के इन हमलों का आंकड़े साथ नहीं देते। अर्थव्यवस्था के हर मोर्चे पर बेहतर आंकड़े सामने आ रहे हैं और इसके आलोक में कहा जा सकता है कि सरकार सही आर्थिक नीतियों पर आगे बढ़ रही है, जिसका परिणाम लगातार बेहतर आंकड़ों के रूप में सामने आ रहा है। विश्व बैंक, आईएमएफ और प्रतिष्ठित आर्थिक पत्र-पत्रिकाओं की रिपोर्ट भी केंद्र के आंकड़े को सही करार देते हैं। ऐसे में विपक्ष के दावों को सही नहीं कहा जा सकता। विष्णु मित्तल ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में नवंबर माह तक का जीएसटी कर संग्रह पिछले वर्ष के इसी समय अवधि की तुलना में 11.9 फीसदी अधिक है।

## शार्ट न्यूज

### भारतीय पुरुष हॉकी टीम जर्मनी से हारी

वालेंसिया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम पांच देशों के टूर्नामेंट वालेंसिया 2023 के अपने तीसरे मुकाबले में जर्मनी से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा है। मंगलवार को यहां खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम ने खेल की शुरुआत में अभिषेक के नौवें मिनट मे किये गये फील्ड गोल से बढ़त बनाई और इसके तुरंत बाद शमशेर सिंह ने 14वें मिनट में एक और मैदानी गोल दागकर और पहला क्वार्टर 2-0 के स्कोर कर दिया। दूसरा क्वार्टर काफी संघर्षपूर्ण रहा। जर्मनी की ओर से माल्टे हेलविग ने 28 मिनट गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। तीसरे क्वार्टर में भारत ने मजबूत रक्षा प्रदर्शन का प्रदर्शन किया और जर्मनी को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन वह दोनों में से किसी भी मौके को भुना नहीं सका। जर्मनी क्रिस्टोफर रुहर ने 50वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक के जरिए गोलकर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद जर्मनी ने गोंजालो पेइलाट ने 51वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर बढ़त बनाते हुए मुकाबला 3-2 से जीत लिया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 20 दिसंबर को फ्रांस से भिड़ेंगी।

### इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को हराया

त्रिनिदाद। फिल सॉल्ट (119) के धमाकेदार शतक की बदौलत इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को चौथे टी-20 मुकाबले में कई रिकार्ड बनाते हुए 75 रन से हरा दिया और इसकी के साथ ही उसने सीरीज में 2-2 से बराबरी कर ली है। मंगलवार को टारूबा में खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट पर रिकार्ड 267 रन का स्कोर खड़ा किया। साल्ट ने अपनी 119रनों की पारी में 10 छक्के लगाये। इंग्लैंड का टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले का पांचवां और पूर्णकालिक सदस्य देश का दूसरा सबसे बड़ा स?कोर रहा। कप्तान जोस बटलर ने 55 रन और लियाम लिविंगस्टोन ने 54 रनों की पारी खेली। साल्ट ने टी-20 में इंग्लैंड के किसी पुरुष खिलाड़ी का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाया और एलेक्स हेल्स के 116 रन को पीछे छोड़ दिया। इंग्लैंड ने मंगलवार को वेस्टइंडीज को चौथे टी20 इंटरनेशनल मैच में 75 रन से मात दी। यह मुकाबला रिकॉर्ड्स के लिहाज से यादगार बन गया। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने पांच टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज में 2-2 की बराबरी की। 268रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही। हालांकि हरफनमौला खिलाड़ी आंद्रे रसेल 51 रनों का तेज अर्धशतक जड़ा। मोइन अली ने ब्रेंडन किंग को शून्य पर टॉपली के हाथों कैच आउट करा दिया।

### महिला हॉकी के लिये ध्यानचंद स्टेडियम तैयार

नई दिल्ली। दूसरी खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग का पहला चरण गुरुवार से मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में खेला जायेगा जिसमें देश भर की 12 टीमें शिरकत करेंगी। दस दिनो तक चलने वाली लीग में भाग लेने वाली टीमों को दो पूलों में बांटा गया है। टूर्नामेंट के पूल ए में साई शक्ति टीम, खालसा हॉकी अकादमी, अमृतसर, राजा करण हॉकी अकादमी, खेलो इंडिया स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर, छत्तीसगढ़, अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी और ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर शामिल हैं जबकि पूल बी में साई बाल टीम, प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी, घुम्मनहेड़ा राइजर्स हॉकी अकादमी, जय भारत हॉकी अकादमी, सैल्यूट हॉकी अकादमी और भाई बेहलो हॉकी अकादमी, भगता को जगह दी गयी है। राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेली जाने वाली प्रतियोगिता में प्रत्येक टीम अपने-अपने समूह में दूसरी टीम से लोहा लेगी। जीतने वाली टीम को तीन अंक मिलेंगे जबकि ड्रॉ की स्थिति में दोनो टीमों को एक-एक अंक मिलेगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, यह टूर्नामेंट हमारे एथलीटों को प्रतिस्पर्धी माहौल में अपनी प्रतिभा दिखाने और अपने कौशल को निखारने के लिए एक अतिरिक्त मंच प्रदान करेगा।

### गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी ने माका ट्रॉफी जीती

अमृतसर। गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी ने अपने 54 साल के इतिहास में 25वीं बार भारतीय खेलों की सबसे प्रतिष्ठित मौलाना अबुल कलाम आज़ाद (माका) ट्रॉफी जीतकर एक बार फिर इतिहास रच दिया है। गुरु नानक देव विश्वविद्यालय देश का एकमात्र विश्वविद्यालय है जो नौ जनवरी 2024 को राष्ट्रपति भवन में देश के राष्ट्रपति से 25वीं बार माका ट्रॉफी प्राप्त करेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) जसपाल सिंह संधू देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से आगामी नौ जनवरी को यह ट्रॉफी प्राप्त करेंगे। माका ट्रॉफी जीतने पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्रमुखों के अलावा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां, शिक्षा मंत्री मंत्री हरजीत सिंह बैंस, कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल के अलावा अन्य प्रमुख हस्तियों ने गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी की इस उपलब्धि पर कुलपति डॉ. जसपाल सिंह संधू को बधाई दी। माका ट्रॉफी हासिल करने का श्रेय खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और योग्य प्रशासकों को देते हुए श्री संधू ने कहा कि विश्वविद्यालय न तो पहले और न ही भविष्य में, खेलों को बढ़ावा देने में कोई कोर कसर छोड़ेगा।

### चिराग-सात्विक के लिए साल 2023 सुपरहिट

**नई दिल्ली।** भारत के बैडमिंटन स्टार चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी को साल 2023 के लिए मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह दोनों बैडमिंटन में पुरुष युगल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं और इस कैटेगरी में वह देश को कई पदक दिला चुके हैं। दोनों ने इसी साल हांगझोऊ एशियाई खेलों में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया था और इस स्पर्धा से चीन के दबदबे को खत्म किया था। एशियाई खेलों में बैडमिंटन 1962 से हिस्सा रहा है और भारत ने पहली 2023 यानी 61 साल में पहली बार पुरुष युगल में स्वर्ण पदक जीता। इस साल इन दोनों की उपलब्धियों की वजह से देश के सबसे बड़े खेल पुरस्कार से सम्मानित करने का फैसला लिया गया। दोनों को नौ जनवरी को राष्ट्रपति भवन में होने वाले विशेष कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। इन दोनों ने पिछले साल हुए बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में भी पुरुष युगल में भारत को पहली बार स्वर्ण दिलाया था। इन दोनों को अगस्त 2020 में अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। इन दोनों ने इसी साल एशियाई खेलों के बाद नंबर एक रैंकिंग हासिल की थी। फिलहाल दोनों की रैंकिंग पुरुष युगल में दूसरा है। इन दोनों की खास बात यह है कि जब भी यह कोर्ट में उतरते हैं तो विपक्षी टीम को सटीक कॉम्बिनेशन और शॉट प्लेसमेंट से चकमा देते हैं।

### हार्दिक को दूसरा बड़ा सम्मान

लुसाने। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर हार्दिक सिंह और महिला टीम की कप्तान सविता को मंगलवार को एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) के सालाना पुरस्कार में साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और साल की सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर चुना गया। विजेताओं का चयन एक विशेषज्ञ पैनल द्वारा किया जाता है जिसमें राष्ट्रीय संघ (राष्ट्रीय टीमों के कप्तान और कोच), मीडिया के प्रतिनिधियों के अलावा प्रशंसकों का मतदान शामिल होता है। देश के लिए 114 मैच खेल चुके हार्दिक को भारतीय हॉकी का भविष्य माना जाता है। उनके खेल में इसकी झलक भी दिखी है। वह टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के अहम सदस्य थे। हार्दिक का यह साल का दूसरा बड़ा पुरस्कार है। उन्हें इससे पहले हॉकी इंडिया ने साल 2022 के लिए बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार (साल का सर्वश्रेष्ठ भारतीय खिलाड़ी) से सम्मानित किया था। सविता ने लगातार तीसरी बार इस खिताब को अपने नाम किया है। भारतीय गोलकीपर 2023 में शानदार लय में रही है। ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैचों से लेकर हांगझोऊ एशियाई खेलों में उन्होंने लगातार प्रभावित किया। इस 33 साल की खिलाड़ी ने अक्तूबर में भारत में आयोजित एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई।

# जोरजी की शतकीय पारी से जीता दक्षिण अफ्रीका




गक्बेहरा। सलामी बल्लेबाजों टोनी डी जोरजी के नाबाद 119 रनों की शतकीय और रीजा हेंड्रिक्स के 52 रन की अर्धशतकीय पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में भारत को आठ विकेट से हरा दिया।

212 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका टीम को जोरजी और रीजा हेंड्रिक्स ने शानदार शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 130 रन जोड़े। जोरजी ने अपना पहला एकदिवसीय शतक 109 गेंदों में पूरा किया। उन्होंने अपनी 119 रनों की नाबाद पारी में नौ चौके और छह छक्के लगाये। दक्षिण अफ्रीका का पहला विकेट 28वें ओवर में हेंड्रिक्स के रूप में गिरा उन्हें अर्शदीप सिंह ने मुकेश कुमार के हाथों कैच आउट कराया। दूसरा विकेट 42वें ओवर में रासी वैन डेर डुसेन 36 रन के रूप में गिरा। उन्हें रिंकू ने सैमसंग के हाथों कैच आउट कराया। कप्तान एडेन मारक्रम दो रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका 42.3 ओवर में दो विकेट पर 215 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया।

भारत ने दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को आउट करने के लिए आठ गेंदबाजों को मैदान में उतरा, लेकिन कोई खास सफलता नहीं मिल पाई। केवल अर्शदीप और रिंकू को एक-एक विकेट मिला।

इस जीत के साथ ही दक्षिण अफ्रीका ने सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है।

इससे पहले साई सुदर्शन 62 रन और के एल राहुल 56 रन के अर्धशतकों की बदौलत भारत ने दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 212 रन बनाने का लक्ष्य दिया है।

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत खराब रही और पहले ही ओवर में उसने सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ चार रन का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये तिलक वर्मा 10 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। उन्हें 12वें ओवर में बर्गर ने हेंड्रिक्स के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद सुदर्शन और राहुल ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 68 रन जोड़े।

भारत का तीसरा विकेट 114 स्कोर पर साई सुदर्शन रूप में गिरा। सुदर्शन ने इस सीरीज में लगातार दूसरा अर्धशतक जड़ते हुए 83 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 62 रन की पारी खेली।

वहीं राहुल ने 64 गेंदों में 56 रनों की पारी में सात चौके लगाये। संजू सैमसन 12रन, रिंकू सिंह 17 और अर्शदीप सिंह ने 18 रन बनाये। पांच खिलाड़ी दहाई के आकंड़े तक नहीं पहुंच सके और पूरी भारतीय टीम 46.2 ओवर में 211 रन ऑल आउट हो गयी।

दक्षिण अफ्रीका की ओर से नांद्रे बर्गर ने तीन विकेट लिये। बेउरन हेंड्रिक्स और केशव महाराज ने 2-2 विकेट मिले तथा लिजाड विलियम्स और कप्तान एडेन मार्करम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# इंग्लैंड के आदिल राशिद टी-20 के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज

एजेंसी

दुबई। इंग्लैंड के लेगस्पिनर आदिल राशिद टी-20 के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बन गए हैं और एकदिवसीय श्रेणी में पाकिस्तान के बाबर आजम भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को पछाड़ते हुए 824 अंकों के साथ फिर से शीर्ष एकदिवसीय बल्लेबाज बन गए हैं। गिल 810 अंक के साथ दूसरे पायदान पर हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आज यहां जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार वेस्ट इंडीज में चल रही इंग्लैंड की श्रृंखला के पहले चार टी-20 में सात विकेट लेने के बाद राशिद ने अफगानिस्तान के राशिद खान और भारत के रवि बिश्नोई को पछाड़ते हुए शीर्ष रैंक हासिल की।

वह एक दशक से भी अधिक समय पहले ऑफस्पिनर ग्रीम स्वान के बाद गेंदबाजों की आईसीसी पुरुष टी-20 रैंकिंग में नंबर एक बनने वाले इंग्लैंड के केवल दूसरे खिलाड़ी हैं।

भारत के सूर्यकुमार यादव दक्षिण अफ्रीका में दूसरे और तीसरे टी-20 में अर्धशतक और शतक बनाने के बाद शीर्ष रैंक वाले टी-20 बल्लेबाज बने हुए हैं। दूसरे स्थान पर मौजूद पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान है।

वहीं टेस्ट रैंकिंग में केन विलियमसन शीर्ष पर बने हुए हैं, जबकि पर्थ में पाकिस्तान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की जीत के बाद उस्मान ख्वाजा तीन पायदान ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गए।

टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में पैट कमिंस एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि नाथन लियोन पांचवें, मिशेल स्टार्क आठवें और जोश हेजलवुड दसवें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत के ऑफस्पिनर आर अश्विन टेस्ट के शीर्ष गेंदबाज बने हुए हैं।

# इयरप्स को बीबीसी स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर चुना गया

लंदन। इंग्लैंड की महिला फुटबॉल टीम की गोलकीपर मैरी इयरप्स को बीबीसी स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर 2023 पुरस्कार से नवाजा गया है।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार 30 वर्षीय इयरप्स असाधारण खिलाड़ी है। इस वर्ष पहली बार विश्व कप फाइनल में पहुंचने वाली इंग्लैंड की टीम की वह गोलकीपर थी और उन्हें टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर गोल्डन ग्लव से नवाजा गया था। वह पहले इंग्लैंड की यूरो 2022 जीत का हिस्सा थी। वह बीबीसी पुरस्कार जीतने वाली लगातार दूसरी महिला फुटबॉलर हैं। इंग्लैंड के क्रिकेटर स्टुअर्ट ब्रॉड दूसरे और विश्व



हेप्टाथलॉन चैंपियन कैटरीना जॉनसन-थॉम्पसन तीसरे स्थान पर रहे। जॉकी फ्रेंकी डेटोरी, व्हीलचेयर टेनिस खिलाड़ी अल्फी हेवेट और गोल्फर रोरी मैकलरॉय को भी विशेषज्ञों के एक पैनल ने पुरस्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किया था। विजेता का निर्णय सार्वजनिक मतदान से हुआ।

# न्यूजीलैंड ने बंगलादेश को सात विकेट से हराया

नेल्सन। हेनरी निकोल्स 95 रन और विल यंग की 89 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में बंगलादेश को सात विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है।

292 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज विल यंग और रचिन रवींद्र ने पहले विकेट के लिए 76 रनों की साझेदारी की। यंग ने 94 गेंदों में 89 रन बनाये, रचिन 33 गेंदों में 45 रन बनाकर महमूद का शिकार बने। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये हेनरी निकल्स 99 गेंदों में 95 रनों की पारी खेली। उन्हें इस्लाम ने 41वें ओवर में हुसैन के हाथों कैच आउट करा दिया। कप्तान टॉम




लेथम ने नाबाद 34 रन और टॉम ब्लंडल ने नाबाद 24 रन की पारी खेलते हुए 46.2 ओवर में तीन विकेट पर 296 बनाकर टीम को जीत दिला दी। बंगलादेश की ओर से हसन महमूद ने दो विकेट लिये। शोरिफुल इस्लाम ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश के लिए सलामी बल्लेबाज सौम्य सरकार ने 151 गेंदों में 22 चौके और दो छक्के के साथ 169 रन की पारी खेली। यह किसी भी बंगलादेश के बल्लेबाज द्वारा एकदिवसीय मैच में बनाया गया दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। लिटन दास ने बंगलादेश के लिए सबसे बड़ा स्कोर 176 बनाया है। न्यूजीलैंड की धरती पर लगाया गया यह तीसरा सबसे बड़ा एकदिवसीय स्कोर भी है। सरकार के अलावा मुशफिकुर रहीम 45 रन, मेहदी हसन मिराज 19 रन, तनजीम हसन साकिब 13 रन, तौहीद हृदोय 12 रनों का योगदान दिया। बंगलादेश के पांच बल्लेबाज दहाई अंक के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बंगलादेश की पूरी टीम 49.5 में 291 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

# पाकिस्तान की हालत के लिए भारत जिम्मेदार नहीं


## देश ने खुद पैर पर कुल्हाड़ी मारी; सेना ने 2018 के चुनाव में धांधली की

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा है कि पाकिस्तान की बुरी हालत के लिए भारत, अफगानिस्तान या अमेरिका जिम्मेदार नहीं है। पाकिस्तान ने खुद अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारी है।

लाहौर में अपनी पार्टी PML-N के एक समारोह में नवाज ने कहा- सेना ने 2018 के चुनाव में धांधली करके देश पर एक सरकार थोप दी। यही सरकार नागरिकों की परेशानी और देश की आर्थिक स्थिति धाराशायी होने का कारण बनी।

नवाज शरीफ ने कहा- देश के जज सेना के तानाशाहों के कानून तोड़ने पर माला पहनाकर उनका स्वागत करते हैं। उनके फैसलों को सही ठहराते हैं। इसके बाद उन्हीं तानाशाहों के कहने पर प्रधानमंत्री को पद से हटा दिया जाता है। कोर्ट में जज संसद को भंग करने का फैसला सुना देते हैं।

नवाज ने आगे कहा- 1999 में एक



सुबह प्रधानमंत्री था और फिर शाम आते तक मुझे हाइजैकर घोषित कर दिया गया। इसी तरह 2017 में अपने बेटे से तनख्वाह न लेने पर मुझे दोषी ठहराते हुए पद से हटा दिया गया। नवाज ने बिना नाम लिए इमरान खान पर तंज कसते हुए कहा- सेना ने ये फैसला लिया, क्योंकि अपनी पसंद के व्यक्ति को सत्ता में लाना चाहती थी।

नवाज ने 2017 में सत्ता से बेदखल किए जाने के लिए पाकिस्तान के पूर्व इस्ड्ढ प्रमुख जनरल फैज हामिद को जिम्मेदार ठहराया। नवाज ने कहा- फैज और कई दूसरे लोगों ने कहा था कि अगर नवाज जेल से बाहर आ गए तो उनकी 2 साल की मेहनत बर्बाद हो जाएगी। अब उन लोगों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक मामला खोला गया है।

### नवाज ने कहा था- कारगिल जंग का विरोध करने पर मुझे सत्ता से हटाया गया था

बता दें कि नवाज शरीफ इकलौते ऐसे पाकिस्तानी हैं, जो 3 बार देश के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। उन्होंने इससे पहले भी भारत से रिश्तों को लेकर बयान दिया था। नवाज ने कहा था- मुझे 1999 में सत्ता से इसलिए बेदखल कर दिया गया था क्योंकि मैंने सेना के कारगिल प्लान का विरोध किया था। मुझे इस बात की वजह जानने का हक है कि मुझे 1993 और 1999 में सत्ता से क्यों हटा दिया गया था।

पूर्व प्रधानमंत्री ने आगे कहा- मैंने कारगिल प्लान के लिए कहा था कि ये सही नहीं है। इस पर तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल परवेज मुशर्रफ ने मुझे निकलवा दिया। बाद में मेरी बात सही साबित हुई थी। हमारी सरकार ने हर क्षेत्र में काम किया था। मेरे कार्यकाल के दौरान भारत के 2 प्रधानमंत्री वाजपेयी और मोदी पाकिस्तान आए थे।

### भ्रष्टाचार मामले में नवाज को हुई थी 7 साल की सजा

कोर्ट ने 2018 में नवाज को अल-अजीजिया स्टील मिल्स भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराते हुए 7 साल की सजा सुनाई थी।

वहीं एवनफील्ड प्रॉपर्टी मामले में उन्हें 11 साल की सजा सुनाई गई थी और 80 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया था। 16 नवंबर 2019 को लाहौर हाईकोर्ट ने नवाज की सजा सस्पेंड करते हुए उन्हें इलाज के लिए विदेश जाने की इजाजत दी थी।

# 90 सेकंड पहले एग्जाम खत्म करने पर केस

## साउथ कोरिया में कॉलेज एडमिशन के लिए हुई थी परीक्षा, मुकदमा हारी तो भारी जुर्माना चुकाएगी

सियोल। साउथ कोरिया में कॉलेज एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम देने वाले स्टूडेंट्स ने सरकार पर केस कर दिया है। इन स्टूडेंट्स का आरोप है कि उनका एग्जाम तय वक्त से 90 सेकंड पहले ही खत्म कर दिया गया और इसकी जिम्मेदार सरकार है।

बहरहाल, अगर कोर्ट में छात्रों के आरोप साबित होते हैं और वो इस गलती की जिम्मेदार साबित होती है तो उसे हर छात्र को 20 लाख वॉन (15 हजार 400 डॉलर या 12 लाख 77 हजार रुपए) देने होंगे। यह एक स्टूडेंट की एक साल की ट्यूशन फीस के बराबर है।

### स्टूडेंट्स का बड़ा नुकसान हुआ

'द टेलिग्राफ' की रिपोर्ट के मुताबिक- स्टूडेंट्स इसे सरकार की बड़ी लापरवाही बता रहे हैं, क्योंकि इसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा। छात्रों के वकील ने कहा- इस गलती



का एक नुकसान ये भी है कि इसका नुकसान बाकी छात्रों को भी उठाना पड़ेगा।

साउथ कोरिया में कॉलेज एडमिशन आसान नहीं है। इसके लिए मुश्किल एंट्रेंस एग्जाम होता है। इसे लोकल लैंग्वेज में 'सुनेउंग' कहा जाता है। इस एग्जाम के लिए कुल 8 घंटे दिए जाते हैं। इस दौरान उन्हें कई एग्जाम पेपर्स सॉल्व करने होते हैं। ये एग्जाम पेपर्स अलग-अलग सब्जेक्ट के होते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक- सुनेउंग, दरहकीकत दुनिया की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक है और इसके लिए स्टूडेंट्स को लंबे वक्त तक तैयारी करनी पड़ती है। लिहाजा, उनके लिए हर मिनट बेहद कीमती होता है।

### कॅरियर से रिलेशनशिप तक का सफर

स्टूडेंट्स के लिए यह एग्जाम कितने मायने रखता है, इसका अंदाजा इस बात से लगाइए कि एक तरह से उनकी जिंदगी ही इसके इर्दगिर्द घूमती है। रिपोर्ट के मुताबिक- इस एग्जाम से ही यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट्स, जॉब्स और यहां तक कि वो रिलेशनशिप भी तय कर पाते हैं।

इस एग्जाम के लिए जितनी तैयारी स्टूडेंट्स करते हैं, उतनी ही मशक्कत सरकार को भी करनी पड़ती है। मसलन, एग्जाम वेन्यू या सेंटर के आसपास एयरस्पेस बंद कर दिया जाता है। स्टॉक मार्केट देर से शुरू होते हैं। मकसद सिर्फ यही होता है कि स्टूडेंट्स पूरी लगन से परीक्षा दे सकें।

### किर्गिस्तान संसद ने राष्ट्रीय ध्वज को बदलने के विधेयक को दी मंजूरी

बिश्केक। किर्गिस्तान की संसद ने राष्ट्रीय ध्वज को बदलने के लिए एक विधेयक को बुधवार को मंजूरी दे दी। संसद के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा, आज, 20 दिसंबर को सुप्रीम काउंसिल की एक बैठक में सांसदों ने किर्गिज गणराज्य के कानून में संशोधन पर किर्गिज़ गणराज्य के राज्य प्रतीकों पर विधेयक पर विचार किया और दूसरी और तीसरी रीडिंग में इसे मंजूरी दे दी। संसदीय अध्यक्ष नुरलानबेक शाकिएव और विधायक उलान प्रिमोव के ध्वज को बदलने की योजना को राष्ट्रपति सदिर जापारोव ने समर्थन दिया। विधेयक में टुंडुक के चारों ओर झंडे पर स्थित सूर्य की किरणों के लहरदार आकार को सीधे में बदलने का सुझाव दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि वर्तमान आकार सूरजमुखी से मेल खाता है, जो काउंटी की कृषि से संबंधित नहीं है।

### जिंगपिंग ने रूस के प्रधानमंत्री से मुलाकात की

बीजिंग। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुधवार को बीजिंग में रूस के प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्टिन से मुलाकात की। शी इस साल की शुरुआत से राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से दो बार मिल चुके हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की सरकारों, विधायी निकायों, राजनीतिक दलों और इलाकों ने गहन आदान-प्रदान किया है, और एक स्वस्थ और स्थिर तरीके से विभिन्न क्षेत्रों में व्यावहारिक सहयोग विकसित हुआ है। शी ने कहा कि इस वर्ष के पहले 11 महीनों में, चीन और रूस के बीच द्विपक्षीय व्यापार ने दोनों राष्ट्राध्यक्षों द्वारा संयुक्त रूप से निर्धारित 200 करोड़ अमेरिकी डॉलर के वार्षिक व्यापार मात्रा लक्ष्य को हासिल किया, जो कि पारस्परिक रूप से दो देश के बीच लाभप्रद सहयोग के लिए मजबूत लचीलापन और व्यापक संभावनाओं को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि चीन रूसी लोगों को अपनी पसंद का विकास पथ अपनाने का समर्थन करता है, अगले साल चीन और रूस के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ को सकारात्मक प्रभावों का लगातार विस्तार करने के लिए एक नए शुरुआती बिंदु के रूप में लेने की आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि चीनी अर्थव्यवस्था में मजबूत लचीलापन, बड़ी क्षमता के लिए व्यापक गुंजाइश है, और इसके दीर्घकालिक मजबूत बुनियादी सिद्धांत अपरिवर्तित बने हुए हैं।

### बिलावल चाहते हैं 'पारंपरिक राजनीति' का अंत

लाहौर। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा है कि अगर पुराने राजनेता पुराने तरीकों से लड़ते रहे, तो वे देश की समस्याओं का समाधान नहीं ढूंढ पाएंगे। पूर्व विदेश मंत्री बिलावल ने लाहौर उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन द्वारा 1973 के संविधान के स्वर्ण जयंती समारोह के सिलसिले में एक सभा में मंगलवार को कहा, मैं पारंपरिक राजनीति को खत्म करना चाहता हूं और देश को एक नई दिशा में ले जाना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय बार के समारोह में भाग लेने का यह उनका तीसरा अवसर है। उनकी दो पीढ़ियां न्याय पाने के लिए लाहौर उच्च न्यायालय का दौरा कर रही हैं। उन्होंने दावा किया, एलएचसी को अभी भी 'अपराध स्थल' के रूप में देखा जाता है। बिलावल ने पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा का आभार जताते हुए उम्मीद जताई कि पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को न्याय मिलेगा। उन्होंने देश के लोगों और पीपीपी के कार्यकर्ताओं के लिए भी न्याय की उम्मीद जताई। जुल्फिकार अली भुट्टो की 'न्यायिक हत्या' के खिलाफ राष्ट्रपति के संदर्भ पर सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, यह इतिहास और राजनीति को सही करने का समय है। उन्होंने कामना की कि संविधान की स्वर्ण जयंती गौरव के साथ मनाई जाए।

### अल-अहमी अस्पताल पर किया हमला, कार्य ठप

गाजा पट्टी। उत्तरी गाजा पट्टी के शेष बचे अस्पतालों में से एक अल-अहमी में इजरायली सेना द्वारा हमले के बाद काम करना बंद हो गया है। अस्पताल के निदेशक ने बुधवार को यह जानकारी दी। अस्पताल के निदेशक फादेल नईम ने एएफपी को बताया कि इजरायली सैनिकों ने अल-अहली अस्पताल पर हमला किया, जिसमें इमारत का कुछ हिस्सा नष्ट हो गया है। उन्होंने कहा, इज़रायल द्वारा हमले के बाद इस अस्पताल में कार्य ठप हो गया है, इसलिए हम किसी भी मरीज की मदद नहीं कर सकते हैं। नईम ने बताया कि सोमवार को इजरायली गोलीबारी में घायल हुए करीब चार लोगों की मंगलवार को मौत हो गई और इस हमले में कई लोग घायल हैं। अल-अहली अस्पताल को 17 अक्टूबर को इसके कार पार्क में विस्फोट से पहले ही भारी क्षति हुई थी, जिसके कारण कई मौतें भी हुईं। इजरायल द्वारा इस अस्पताल पर किए गए हमले को लेकर यूनिसेफ ने कड़ी नाराजगी जताई है। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर को इज़रायल और हमास के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से गाजा पट्टी में इजरायली हमलों से अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत संरक्षित अस्पताल बार-बार प्रभावित हुए हैं। इजरायली सैनिकों ने पहले अल-शिफा सहित गाजा में अन्य चिकित्सा सुविधाओं पर हमला किया है। क्षेत्र का सबसे बड़ा अस्पताल, जो अब बहुत छोटी टीम के साथ न्यूनतम क्षमता पर काम कर रहा है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# नरेन्द्र मोदी बनेंगे तीसरी बार प्रधानमंत्री : नड्डा



बस्ती। (पीएमए) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने बुधवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव 2024 में उनकी पार्टी की प्रचण्ड बहुमत की सरकार बनेगी और नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमन्त्री बनेंगे।

अमर शहीद सत्यवान सिंह स्टेडियम मे आयोजित सांसद खेल महाकुम्भ-3 का उद्घाटन करने के बाद बतौर मुख्य अतिथि नड्डा ने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे देश विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है। भारत पहले अर्थव्यवस्था मे 11 वें,12वे नम्बर पर रहता था लेकिन अब पांचवे नम्बर पर आ गया है।2024 का चुनाव जीतने के बाद जब नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमन्त्री बनेगे तो तीन साल के भीतर भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप मे उभरेगी, ऐसा सकंल्प लेकर हम लोग कार्य करने के लिए तैयार है।


उन्होने कहा कि मोदी विकास को प्राथमिकता देते है।70 वर्षो से भारत ने खेलों में इतने पदक नहीं जीते जितने मेडल मोदी सरकार मे जीते गये हैं। ये इसलिए हुआ है क्योंकि ओलंपिक गेम,एशियन गेम्स सहित अन्य खेलो मे पहले बड़े शहरो,मुम्बई,कलकत्ता एवं कई प्रदेशो के खिलाड़ियों को बुला कर खिलाया जाता था लेकिन मोदी की नीति से भारत के गरीब,किसान,गांव,कस्बो के खिलाड़ियों को प्रतिभाग करने का मौका मिला और उनके द्वारा अधिक से अधिक मेडल प्राप्त किया गया।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि काग्रेंस पार्टी के नेता राहुल गांधी संसद भवन मे एक सांसद का वीडिओ बना कर संसद की तथा पार्टी की गरिमा को गिराने का काम किया है जो निन्दनीय है। गोरखपुर के सांसद रवि किशन ने अपनी भोजपुरी सिटी मे राहुल गांधी को कैमरामैन रखने के लिए जगह खाली किया है, अगर राहुल गांधी द्वारा आवेदन किया जायेगा तो सांसद रवि किशन उन पर विचार करके कैमरामैन का कार्य करने का मौका देंगे। कांग्रेस पिछड़ों के नाम पर झूठा ढिंढोरा पीटता है, जब पिछड़ों लिए कुछ करना होता है तो वो कार्य सिर्फ भाजपा सरकार करती है। वो दिन चले गये, जब चेहरा देख कर विकास होता था योजनांए शुरू होती थी जब से भाजपा की केन्द्र मे सरकार बनी है तब से देश का तथा किसानों, गरीबो,असहायों के लिए कार्य किये जा रहे है।

उन्होने कहा कि भारत में खेलो को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ऐतिहासिक कार्य किये जा रहे है 2014 मे खेल का बजट लगभग एक हजार करोड़ रुपये से अधिक था लेकिन उस बजट को बढ़ा कर भाजपा सरकार ने तीन हजार करोड से अधिक कर दिया है। ओलंपिक की तैयारी करने वाले खिलाड़ियों को सरकार द्वारा सहायता राशि अभी तक नही दिया जाता था लेकिन अब उन्हे सहायता राशि उपलब्ध कराया जा रहा है। खेलो इण्डिया मे एक हजार करोड़ रुपये का बजट दिया गया है। खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिए सरकार द्वारा विदेशो मे भेजा गया है।

उन्होने कहा कि भारत विकास की ओर निरन्तर अग्रसर है, भारत मे पहले वायुयान नहीं बनते थे। सस्ती दवा नही मिल पाती थी लेकिन जब से नरेन्द्र मोदी प्रधानमन्त्री बने है तब से भारत दवा,वायुयान सहित अन्य चीजों का उत्पात शुरू करके कई देशों को पीछे छोड़ दिया है। आटोमोबाइल मे जापान को पीछे छोड़ कर भारत दूसरे नम्बर पर हो गया है। प्रत्येक गांव को पक्की सड़क से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।70 साल की प्लेन क्रैश हो जाती थी लेकिन अब भारत ने अब नये विमान का निर्माण करके सर्वांगीण विकास कर रहा है।

# सोननद के उभय पार्श्वों पर गांव जंगल पहाड़ की हुई सघन कॉम्बिंग



**सोनभद्र।** जिले की घोरावल तहसील के नक्सल प्रभावित इलाके की पुलिस ने की सघन कॉम्बिंग। क्षेत्राधिकारी पुलिस अमित कुमार की अगुवाई में थाना क्षेत्र घोरावल के ग्राम क्षेत्र बेलवनिया, गढ़वा एवं शिल्पी - कोरट मार्ग के क्षेत्र में एंटी नक्सल संघन काम्बिंग अभियान चला। कांबिंग अभियान के दौरान क्षेत्राधिकारी घोरावल के नेतृत्व में डेढ़ सेक्शन पीएसी पुलिस बल उम्भा प्लाटून तथा थाना घोरावल से उप निरीक्षक त्रिभुवन राय एवं अन्य पुलिस बल उपस्थित रहा। कैमूर पर्वतश्रेणी व उसकी उपत्यका तथा सोन नद के तटवर्ती कगार और कछार नक्सलियों के रहने के ठौर - ठिकाने रहे हैं इस इलाके में। कोलिया घाट तथा इसके पूरब - पश्चिम तथा उत्तर - दक्षिण के आबाद और नाबाद गाँव में नक्सली गतिविधियों व रहवासियों का क्षेत्र रहा है किसी समाय। इनके पैमाने पर घोरावल - कोरावल यूनिट के नाम से अभिहित रहे हैं। हालांकि अब इनका ठौर -ठिकाना, प्रवास - रहवास रहा नहीं , गतिविधयां शून्यता की ओर हैं लेकिन इन्हें लक्ष्य बनाते पुलिस की व्यवस्था चाकचौबंद है और समय - समय पर बनी रहती है निगहबानी तथा होती रहती है सघन कॉम्बिंग। इस कड़ी पर नजर बनाए सीओ अमित कुमार द्वारा कई बार हो चुकी है कॉम्बिंग यहाँ से लगायत दूरस्थ परिक्षेत्र तक की। क्रम जारी रखते चलाया गया सघन अभियान नक्सल विरोधी गतिविधियों के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी द्वारा।

# अयोध्या हवाई अड्डे से एयर इंडिया एक्सप्रेस 30 दिसंबर से शुरू करेगी उड़ान

नई दिल्ली। (पीएमए) एयर इंडिया एक्सप्रेस ने बुधवार को 30 दिसंबर से अयोध्या अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सेवाएं शुरू करने की घोषणा की. एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, उद्घाटन उड़ान 30 दिसंबर, 2023 को सुबह 11 बजे दिल्ली से प्रस्थान करेगी और 12.20 बजे अयोध्या में उतरेगी. अयोध्या से, उड़ान दोपहर 12.50 बजे दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगी और 14.10 बजे पहुंचेगी. लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रबंध निदेशक आलोक सिंह ने कहा, एयरपोर्ट खुलने के बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस अयोध्या से परिचालन शुरू करने को लेकर उत्साहित है. यह देश भर के टियर 2 और टियर 3 शहरों से कनेक्टिविटी बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है. हम अयोध्या के अपेक्षित विकास को लेकर उत्साहित हैं, निकट और दूर से तीर्थयात्रियों और यात्रियों को आकर्षित कर रहे हैं और इस रोमांचक विकास की कहानी का हिस्सा होने पर गर्व महसूस करते हैं. एयर इंडिया एक्सप्रेस अयोध्या को भुवनेश्वर, बेंगलुरु, कोच्चि, गुवाहाटी, गोवा, ग्वालियर, जयपुर, पुणे, सूरत, श्रीनगर और शारजाह जैसे गंतव्यों से जोडने के लिए सुविधाजनक वन-स्टॉप यात्रा कार्यक्रम भी प्रदान करेगा।

# जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से की समीक्षा



सोनभद्र। डीएम चन्द्र विजय सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शासन की विकास प्राथमिकता वाली योजनाओं की बिन्दुवार की प्रगति समीक्षा सी0एम0 डैशबोर्ड पर। उन्होंने शासन के निर्देश क्रम में महत्वपूर्ण योजनाओं - परियोजनाओं, सेवाओं की सम्बन्धित अधिकारियों से सी0एम0 डैशबोर्ड पर उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर बारी-बारी से पंक्तिबद्ध समीक्षा की। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए पाया कि विद्युत आपूर्ति की स्थिति खराब है, प्रगति इसपर दायित्वबोध कराते हुए अपने कार्य में सुधार लाने के लिए अधिशसी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किये। शिक्षा विभाग की समीक्षा में विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति अधिक से अधिक बढ़ाये जाने पर बल दिया बेहतर शिक्षा की बात कही। विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, लैब व अन्य निर्माण कार्य को निर्धारित समय में पूरा करने को रेखांकित करते जिलाधिकारी ने पशुधन विभाग की समीक्षा में अण्डा उत्पादन को और बढ़ाने की पुरजोर हिमायत की। ग्रामीण स्तर पर भी समूह की महिलाओं को प्रशिक्षित कर इस कार्य में लगाया जाये जिससे रोजगार के साथ ही अधिकाधिक अण्डा का उत्पादन हो सके और वे आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ सकें, यह उध्दृत करते हुए अण्डा के पोल्ट्रीफार्म लगाने हेतु लोगों को जागरूक किये जाने को कहा डीएम ने। सभी खण्ड विकास अधिकारियों को जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कार्यपद्धति में सुधार परिष्कार करने को।

लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाय, निर्माण कार्य को निर्धारित समय में पूरा किया जाय, निर्धारित लक्ष्य के अनुसार गुणवत्ता के साथ अधूरे कार्यों को पूर्ण किया जाय , इसकी चेतावनी के साथ ही इंगित किया डीएम ने और सख्ती से कहा कि अन्यथा की स्थिति में जिस स्तर से कमी पायी जायेगी उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए उच्च स्तर पर पत्राचार भी किया जायेगा।

# हर बच्चे को मिले समानता का पूर्ण अधिकार: शेषमणि दुबे

## सोनाञ्चल की सरहद पर हुई ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की कार्यशाला



सोनभद्र। विकास खण्ड दुध्दी के सभागार में सहायक विकास अधिकारी अजय कुमार की अध्यक्षता में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति सँग अन्य समिति की बैठक व कार्यशाला का आयोजन किया गया। बच्चों के संरक्षण एवं सुरक्षा के साथ कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित किये जाने की कार्ययोजना बाकयदा तैयार की गई। इस बाबत बाल विकास परियोजना अधिकारी रामचन्द्र ने ब्लाक के पाँच ग्राम पंचायत का चयन बाल मैत्री ग्राम पंचायत के रूप किये जाने की स्वीकारोक्ति के साथ ही सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि इसमें ग्रामपंचायत बीड़र , रजखड़ , दुम्हान, महुली और खजुरी शामिल हैं।

ओ0 आर0 डब्ल्यू0 शेषमणि दुबे ने उद्बोधन में बताया कि जिले के सभी ब्लाकों में ब्लाक बाल कल्याण एवं संरक्षण के साथ ही अन्य समिति की बैठक एंव कार्यशाला का आयोजन पूर्ण रूप से किये जाने के लिए जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा आदेशित किया गया है। इस परिप्रेक्ष्य में यह भी बताया कि चिन्हित ग्रामपंचायतों को बाल मैत्री ग्रामपंचायत के अन्तर्गत बाल सभा का गठन करते हुए ग्राम सभा मे खुली बैठक करते हुए बच्चों द्वारा चिन्हित किये गये मुद्दों की कार्ययोजना तैयार कराते एक नई पहल की शुरुआत की जाएगी। साधना मिश्रा द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजन सामान्य, मुख्य मन्त्री कन्या सुमगला योजना व स्पान्सरशिप योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

# अवशेष ईकेवाईसी का कार्य पूर्ण करने के लिए विशेष प्रयास किये जाये : जिलाधिकारी

हरदोई। (पीएमए) आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा अवशेष ईकेवाईसी का कार्य पूर्ण करने के लिए विशेष प्रयास किये जायें। किसानों को प्रेरित किया जाए। पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत विकास खण्ड वार डिमाण्ड तैयार की जाए। जनपद के सभी एफपीओ की अवशेष अपग्रेडिंग का कार्य पूरा किया जाए। किसानों के साथ विकास खण्ड स्तर पर नियमित बैठकें की जाएं। गोवंश संरक्षण को लेकर भी नियमित संवाद किया जाए। पशुपालन विभाग को निर्देशित किया कि गौशालाओं का कोई भुगतान लम्बित न रखा जाए। जिलाधिकारी ने 24 दिसम्बर को जीआईसी में आयोजित होने वाले दिव्यांग कैम्प के बारे में भी बताया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, उपनिदेशक कृषि डॉ नन्द किशोर व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पूर्व सांसद राधेमोहन सिंह के पुत्र अनिकेत सिंह ने की प्रेसवार्ता



**गाजीपुर।** पूर्व सांसद राधे मोहन सिंह के पुत्र अनिकेत सिंह ने अपने आवास पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेसवार्ता के दौरान अनिकेत सिंह ने बताया कि सैदपुर प्रथम से जिला पंचायत सदस्य पद पर चुनाव लड़ी उनकी माता अंजना सिंह चुनाव में विजयी थी लेकिन साजिश के तहत उनको हराया गया। अंजना सिंह के जगह सपना सिंह को विजयी घोषित किया गया। इस प्रतिष्ठापरक चुनाव में चूक जाने के बाद अंजना सिंह ने चुनाव में गड़बड़ी के आरोप लगाते हुए न्यायालय में जाने का फैसला किया और ढाई साल चले इस मुकदमें में अंजना सिंह को कोर्ट से निराशा हाथ लगी, और फिर सपना सिंह के पति और प्रतिनिधि पंकज सिंह चंचल ने एक प्रेस कांफ्रेंस कर इसे न्याय की जीत बताया और कहा कि विपक्षी जो उनकी चाची भी हैं उन्होंने गलत डॉक्यूमेंट्स लगाकर केस किया था जिसमें कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया है। वहीं आज बुधवार 20 दिसंबर को अंजना सिंह और राधेमोहन सिंह के पुत्र अनिकेत सिंह अपने वकील स्वयम प्रकाश राय के साथ मुकदमें में दाखिल कागजातों के साथ मीडिया के सामने आए और प्रेस कांफ्रेंस कर पंकज सिंह चंचल के दावों को खारिज किया कि उनकी तरफ से फर्जी कागजात लगाए गए हैं।

# छात्रवृति से संबंधित बैठक 22 को

गाजीपुर। (पीएमए) जिला समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव ने बताया है कि मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 22.12.2023 को अपरान्ह् 03.00 बजे विकास भवन सभागार में छात्रवृत्ति से संबंधित बैठक आहुत की गयी है जिसमें शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं जनपद के प्रधानाचार्य एवं प्राचार्यो को प्रतिभाग करना है। बैठक का एजेण्डा निम्नवत है। मास्टर डाटाबेस में नवीन पाठ्यक्रम को सम्मिलित किये जाने हेतु पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम की शाखा, अवधि, सक्षम स्तर से संस्थान एवं पाठ्यक्रम को दी गयी मान्यता की प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराना। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ सामान्य वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के पूर्व दशम एवं दशमोत्तर पात्र छात्रों द्वारा किये गये आनलाइन आवेदन की विद्यालयवार स्थिति।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उमर अंसारी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज की

प्रयागराज। (पीएमए) इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के कथित उल्लंघन के लिए उनके खिलाफ दर्ज एक आपराधिक मामले में गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है।

हाईकोर्ट ने कहा कि मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को देखने के बाद अपराध बनता है।

न्यायमूर्ति समित गोपाल ने कहा, आगे उसका फोरम हंटिंग का कार्य, उसका आपराधिक इतिहास, जो यह दर्शाता है कि आवेदक विभिन्न प्रकार की आपराधिक गतिविधियों में शामिल है और मुकदमे की कार्यवाही में उसका असहयोग है, इसलिए उसकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज की जा रही है।

4 मार्च, 2022 को मऊ जिले के कोतवाली पुलिस स्टेशन में अब्बास अंसारी (मऊ सदर सीट से एसबीएसपी उम्मीदवार), उमर अंसारी और 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि 3 मार्च, 2022 को पहाड़पुरा मैदान में एक सार्वजनिक बैठक में अब्बास अंसारी, उमर अंसारी और आयोजक मंसूर अहमद अंसारी ने मऊ प्रशासन के साथ हिसाब-किताब करने का आह्वान किया था। यह एमसीसी के उल्लंघन का मामला है। सुनवाई के दौरान उमर अंसारी का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता जी.एस. चतुर्वेदी ने दलील दी कि आवेदक इस मामले में मुख्य आरोपी नहीं है। दलील दी गई है कि सह-आरोपी अब्बास अंसारी इस मामले में मुख्य आरोपी हैं और उन्हें ट्रायल कोर्ट से जमानत मिल चुकी है। बचाव पक्ष के वकील ने तर्क दिया कि अभियोजन पक्ष के अनुसार, आवेदक ने कानून और व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला ऐसा कोई भाषण नहीं दिया। यह तर्क दिया गया कि इस मामले की प्रकृति से पता चलता है कि इसे केवल प्रतिशोध की भावना से दर्ज किया गया है। हालांकि, अतिरिक्त महाधिवक्ता पीसी श्रीवास्तव ने याचिका का विरोध करते हुए तर्क दिया कि गहन जांच के बाद आवेदक और सह-अभियुक्तों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया था, जिस पर ट्रायल कोर्ट ने संज्ञान लिया था और उन्हें तलब किया था।

# जनपद में कहीं भी बांस बल्ली के सहारे विद्युत तार नहीं होने चाहिए

## सड़कों पर बाधक बन रहे विद्युत तथा अन्य पोलों तथा उन पर लटकते केबल्स व्यवस्थित किए जाने के निर्देश दिए




वाराणसी। (पीएमए) शहर के सुंदरीकरण, सुरक्षा एवं सुगम यातायात के दृष्टिगत कमिश्नर आयुक्त कौशलराज शर्मा की अध्यक्षता में विद्युत, वाराणसी विकास प्राधिकरण, नगर निगम, पी डब्लू डी व संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक बुधवार को आयुक्त सभागार में संपन्न हुई।

कमिश्नर ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए आयुक्त ने कहा कि सड़कों पर बाधक बन रहे विद्युत तथा अन्य पोलों तथा उन पर लटकते केबल्स व्यवस्थित किए जाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त समस्त प्रमुख, वी आई पी तथा प्रस्तावित मार्गो/ क्षेत्रों में कराए जाने वाले अंडर ग्राउंड विद्युत केबल के कार्यों संबंध में चर्चा कर जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पी डब्लू डी, नगर नगर निगम को अंडर ग्राउंड विद्युत केबलिंग के लिए सर्वे शीघ्र कराए जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि जनपद में कहीं भी बांस बल्ली के सहारे विद्युत तार नहीं होने चाहिए, समुचित कार्य योजना बनाकर इसका समाधान किया जाय।

बैठक के दौरान पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के एम डी, वीसी वीडीए, नगर आयुक्त, मुख्य विकास अधिकारी, स्मार्ट सिटी, नगर निगम, विद्युत, पीडब्लूडी, जलकल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी द्वारा की गई बेसिक शिक्षा-जिला टास्क फोर्स की समीक्षा

बलिया। (पीएमए) जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा-जिला टास्क फ़ोर्स बैठक की समीक्षा की गई। इसमें मुख्य रूप से 11 बिंदुओं पर चर्चा की गई। ऑपरेशन कायाकल्प में 19 बिंदुओं पर समीक्षा की गई। इनमें स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे दिव्यांग शौचालय,वाउंडरीवाल और क्लासरूम के टाइलीकरण सेचुरेशन में नगर क्षेत्र, और नगरा कम प्रगति हुई है इसे जिलाधिकारी ने नगरीय क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारी और ग्रामीण क्षेत्रों में डीपीआरओ/मनरेगा के तहत निर्माण कार्य के लिए निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने कानिर्देशित किया। जिलाधिकारी ने स्कूलों के निरीक्षण में जिला टास्क फोर्स और ब्लॉक टास्क फोर्स के अंतर्गत आने वाले अधिकारियों को निर्धारित निरीक्षण के लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्कूलों में डीबीटी पेंडेंसी एनालिटिक्स में बच्चों के आधार वेरीफिकेशन की लंबित मामलें को निस्तारित करने एवं एआरपी की उपलब्धता और शिक्षण सामग्री मुहैया कराने में प्रगति लाकर जनपद की रैंकिंग में सुधार करने के निर्देश दिए।

## शार्ट न्यूज

### राजस्व संग्रह प्राप्ति समीझा बैठक में ईट भट्ठा ट्रेड में राजस्व वृद्धि में कमी हुई परिलक्षित

आजमगढ़। (पीएमए) विभिन्न ट्रेड में विगत वर्ष की तुलना में राजस्व संग्रह प्राप्ति की समीक्षा करने पर कुछ ट्रेड में उच्च स्तर पर की गई। समीक्षा में विगत वर्ष की तुलना में राजस्व वृद्धि में स्पष्ट रुप से कमी परिलक्षित हुई जिसमें ईट भट्ठा का भी ट्रेड प्रकाश में आया। जी0एस0टी0 लागू होने से पूर्व ईट भट्ठा के ट्रेड समाधान/गैर समाधान के रुप में जो राजस्व संग्रह वित्तीय वर्ष 2016-17 तक प्राप्त होता था, जी0एस0टी0 पीरियड में उत्तरोत्तर कम होना परिलक्षित हुआ है। इस दृष्टि से शासन/मुख्यालय द्वारा अन्य ट्रेड में विगत वर्ष की तुलना में संग्रह प्राप्ति की समीक्षा करते हुए संग्रह बढ़ाये जाने हेतु व्यापारियों को प्रेरित/संज्ञानित करने के लिए भट्ठा एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक किये जाने हेतु प्राप्त निर्देश के अनुपालन में आज दिनांक-19.12.2023 को श्रीराम सरोज, संयुक्त आयुक्त कार्यपालकद्ध राज्य कर, आजमगढ़ सम्भाग, आजमगढ़ की अध्यक्षता में जनपद आजमगढ़ के सभी अधिकारियों व सभी तहसीलों के पदाधिकारियों के समक्ष बैठक की गयी। अधिकारियों की ओर से धीरज कुमार राय, उपायुक्त, राज्य कर, खण्ड-2 व 5 , आजमगढ़, राकेश कुमार शुक्ल, सहायक आयुक्त, राज्य कर, खण्ड-1, आजमगढ़, राजीव कुमार, सहायक आयुक्त, राज्य कर, खण्ड-2, आजमगढ़, ओमप्रकाश शुक्ल, सहायक आयुक्त, राज्य कर, आजमगढ़, द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### लाभार्थियों को योजनाओ का लाभ एवं प्रमाणपत्र वितरित किया गया

आजमगढ़। (पीएमए) शासन के निर्देश के क्रम में प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने एवं इस दिशा में नागरिकों को उपलब्ध लाभों और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन दिनांक 24 नवम्बर से किया जा रहा है। इसी क्रम में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खण्ड अहिरौला के ग्राम पंचायत नरफोरा व अल्लावा विक्रमडीह, अतरौलिया के ग्राम पंचायत एदिलपुर व मदनपट्टी, अजमतगढ़ के ग्राम पंचायत दाम महुला व दाउदपुर, बिलरियागंज के ग्राम पंचायत शाहपुर मौलानी व मधुबन, हरैया के ग्राम पंचायत गांगेपुर व परसिया, जहानागंज के ग्राम पंचायत लप्सिपुर व भुजही, मार्टीनगंज के ग्राम पंचायत पिपरौला व सूघरपुर, मिर्जापुर के ग्राम पंचायत बीनापारा व मंजीरपट्टी, मुहम्मदपुर के ग्राम पंचायत मसूद पट्टी व रंजीत पट्टी, पल्हनी के ग्राम पंचायत महराजपुर व मतनपुर, पवई के ग्राम पंचायत नंदेसर, गद्दुपुर, हमीरपुर व रामापुर, फूलपुर के ग्राम पंचायत मीरअहमदपुर तिलक, अरनौला, सलाउद्दीनपुर व बेला, सठियांव के ग्राम पंचायत नीबी बुजुर्ग व कुकुड़ीपुर, तरवां के ग्राम पंचायत कुजरा व बनगांव, विकास खण्ड ठेकमा के ग्राम पंचायत ठेकमा व मैनपुर में वैन भ्रमण कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

### निकायों में प्रस्तावित विकास कार्यो का ज़िलाधिकारी ने किया अनुमोदन

बलिया। (पीएमए) 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अनुसार नगर निकायों से प्राप्त प्रस्तावों के संबंध में ज़िलाधिकारी रवींद्र कुमार ने सभी निकायों के अध्यक्ष व ईओ के साथ मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। उन्होंने एक-एक निकाय में प्रस्तावित कार्यों के बारे में जानकारी लेने के साथ संबंधित अध्यक्ष से उसकी आवश्यकता पर चर्चा करने के बाद कार्यों का अनुमोदन किया। वहीं कुछ कार्यों को पुन: संशोधित प्रस्ताव अगली बैठक के रखने के निर्देश दिये। ज़िलाधिकारी ने कहा कि शुद्ध पेयजल, सफ़ाई आदि से संबंधित आवश्यक कार्यों पर धनराशि का सदुपयोग किया जाए। उन्होंने सभी अध्यक्षों से कहा कि अपनी निकाय को बेहतर बनाने के लिए ऐसा कार्य प्रस्तावित कराएँ, जिससे धनराशि का पूरी तरह सदुपयोग हो। नगरपालिका क्षेत्र में जल उपचार कार्य में खर्च के विवरण के बारे में ज़िलाधिकारी ने कड़ाई से पूछताछ किया। कहा कि इसमें सत्यापन भी कराएँ। सरकारी धन का कहीं भी दुरुपयोग हुआ तो जवाबदेही तय कर बड़ी कार्रवाई होगी। प्रकाश व्यवस्था पर विशेष ज़ोर दिया। इसके बाद नपा रसड़ा के प्रस्तावित कार्य के बारे में जानकारी ली।

### दैवीय आपदा के मामले में तत्काल घटना स्थल पर जाकर जाँच की जाए : जिलाधिकारी

हरदोई। ( पीएमए) रसखान प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण हरदोई व उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित ग्राम पंचायत एवं स्कूल/कॉलेज स्तरीय विभिन्न आपदाओं पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रतिभागी अनिवार्य रूप से प्रतिभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान दैवीय आपदा से बचाव के तरीकों के बारे में बताया जाएगा। वर्तमान में कृषक दुर्घटना योजना में कोई भी मामला लंबित नही है। गरीब परिवार के कमाऊ सदस्य की मृत्यु होने पर शासनादेश के अनुरूप सरकार की योजनाओं से उस परिवार को आच्छादित करवाने का प्रयास किया जाए। दैवीय आपदा के मामले में तत्काल घटना स्थल पर जाकर जाँच की जाए। फसल के नुकसान के मामले में नुकसान का आंकलन सही से किया जाए। पात्रता के अनुसार लाभ दिलाने का प्रयास किया जाए। शासनादेशों का भलीभांति अध्ययन किया जाए। प्रत्येक कार्यशाला से कुछ न कुछ नया सीखने को मिलता है। सीखने की कोई उम्र नही होती।

### राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए आडवाणी, जोशी को आमंत्रित किया

लखनऊ। (पीएमए) विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने अगले महीने अयोध्या में होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी को औपचारिक रूप से आमंत्रित किया है। विहिप की ओर से उन्हें आमंत्रण पत्र तब दिया गया, जब मंदिर ट्रस्ट ने दोनों वरिष्ठ नेताओं को उम्र और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण कार्यक्रम में शामिल न होने की सलाह दी। विहिप के अध्यक्ष आलोक कुमार ने दिल्ली में कहा कि भाजपा के दोनों दिग्गजों ने कहा कि वे 22 जनवरी के कार्यक्रम में शामिल होने की पूरी कोशिश करेंगे। विहिप अध्यक्ष ने 96 साल के बुजुर्ग नेता आडवाणी के बारे में कहा, राम मंदिर आंदोलन के अग्रदूतों आडवाणी जी और मुरली मनोहर जोशी जी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। दोनों ने कहा कि वे आने की पूरी कोशिश करेंगे। जोशी अगले महीने अपना 90वां जन्मदिन मनाएंगे, ने राम मंदिर आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी इस आंदोलन के कारण अंतत: 9 नवंबर, 2019 को सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला आया, जिसमें लंबे समय से चले आ रहे जमीन के स्वामित्व विवाद मामले में हिंदूपक्ष का पक्ष लिया गया।

### नुक्कड नाटक का आयोजन

बलिया। (पीएमए) बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का शुभारंभ आदरणीय मुख्य राजस्व अधिकारी त्रिभुवन के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से किया गया। उसके पश्चात सार्वजनिक स्थान,बस स्टैंड,रेलवे स्टेशन, ब्लॉक दुबहर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के थीम, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुमताज़ HEW के डिस्टिक मिशन कोऑर्डिनेट पूजा सिंह,लिंग विशेषज्ञ निकिता सिंह, संकल्प संस्था के निर्देशक आशीष त्रिवेदी एवं उनके टीम उपस्थित थे दूसरा कार्यक्रम महिला कल्याण विभाग बलिया द्वारा मिशन शक्ति 04 अंतर्गत माह के तीसरे बुधवार को रसड़ा ब्लॉक में मेगा स्वालंबन कैंप का आयोजन खंड विकास अधिकारी के अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसके अंतर्गत ,केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को इन वन विंडो कैंपस के द्वारा जागरूक किया गया। जिसमें उपस्थित ब्लॉक स्तरीय कर्मचारी तथा HEW पूनम राजभर उपस्थित रहे।